WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

बिलासपुर, मंगलवार, 1 जुलाई 2025 शुक्ल पक्ष-षष्ठी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 82 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

देश की राजधानी नई दिल्ली का बेड़ागर्क करने वाले घुंघरू सेठ की पार्टी को वहां के बाशिंदों ने झाड़ू मारकर साफ कर दिया। अब वहां की झुग्गी झोपड़ी में बसे इनके वोट बैंक की सफाई की जा रही है और अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेशियों व रोहिंग्याओं के बेजा कब्जे हटाये जा रहे हैं। इससे तिलमिलाए घुंघरू सेठ ने लाखों लोगों से सड़क पर उतरने की अपील की है। उनके मुनीम गोपाल राय ने तो प्रधानमंत्री निवास पर कब्जा करने की धमकी दे दी है। नई दिल्ली को बांग्लादेश बनाने के ख्वाहिशमंद इन बुड़बको का समुचित इलाज जरूरी है।

...शाल, श्रीफल, फिर एक्सटेंशन, और अब राज्य के पहले "रिटर्निंग' चीफ सेक्रेटरी अमिताभ जैन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रशासनिक सेवा में आज एक अनपेक्षित मोड़ आया, जब मुख्य सचिव अमिताभ जैन को भारत सरकार द्वारा तीन महीने का सेवा विस्तार दे दिया गया। यह फैसला उस वक्त आया, जब राज्यपाल रामेन डेका द्वारा उन्हें शाल और श्रीफल देकर विदाई दी जा चुकी थी और राज्य सरकार उन्हें सम्मानपूर्वक रिटायर मान चुकी थी। अब अमिताभ जैन छत्तीसगढ़ के पहले ऐसे चीफ सेक्रेटरी बन गए हैं, जिन्हें सेवानिवृत्ति के बाद पद पर सेवा विस्तार मिला है।

अमिताभ जैन 1989 बैच के आईएएस अफसर है। शांत, मृदुभाषी और नीति विशेषज्ञ है। वित्त, योजना और उद्योग जैसे अहम विभाग संभाल चुके है। पिछली सरकार से ही मुख्य सचिव है और अब पिछले डेढ़ साल से साय सरकार के साथ मुख्य सचिव है।

केंद्र सरकार ने अंतिम समय में अमिताभ जैन की सर्विस को एक्सटेंशन दिए जाने की मंजूरी दी है। मुख्य सचिव की नियुक्ति पर मची आपाधापी के बीच बड़ी खबर आई है। अमिताभ जैन को मुख्य सचिव के रूप में एक्सटेंशन दिया गया है। मुख्य सचिव के लिए सुब्रत साहू और मनोज पिंगुआ के नाम पर चर्चा तेज थी। माना जा रहा था कि साय कैबिनेट की बैठक में अमिताभ जैन की विदाई होगी और नए मुख्य सचिव का स्वागत किया जाएगा। लेकिन आखिरी वक्त पर के केंद्र से एक्सटेंशन दिए जाने की मंजूरी मिलने की ख़बर आ गई। आज सुबह ही अमिताभ जैन ने राज्यपाल से मुलाक़ात की थी। यह ख़बर बाहर आई कि राज्यपाल ने अमिताभ जैन की सेवा को लेकर बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की थी।

एक्सटेंशन पाने वाले पहले मुख्य सचिव

छत्तीसगढ़ के गठन के बाद यह पहला मौका है कि किसी मुख्य सचिव को एक्सटेंशन मिला हो। अमिताभ जैन पहले मुख्य सचिव बन गए हैं जिन्हें केंद्र सरकार ने एक्सटेंशन दिया है।

तेलंगाना केमिकल फैक्ट्री में ब्लास्ट

नई दिल्ली (आईएएनएस)। तेलंगाना के संगारेड्डी में एक फैक्ट्री में हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक व्यक्त किया। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 2 लाख रुपए और घायलों को 50,000 रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। राष्ट्रपति कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, तेलंगाना के संगारेड्डी में एक फैक्ट्री में हुई दुखद आग दुर्घटना से बहुत दुखी हूं, जिसमें कई लोगों की जान चली गई। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने पीएम मोदी के हवाले से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में बताया, तेलंगाना के संगारेड्डी में एक फैक्ट्री में आग लगने की घटना में लोगों की मौत से दुखी हूं।

खड़गे ने विस्फोट पर दुख जताया

नयी दिल्ली (वार्ता) । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने तेलंगाना में केमिकल फैक्ट्री में धमाके की खबर पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, तेलंगाना की केमिकल फैक्ट्री में धमाके की खबर बेहद दुखद और चिंताजनक है। इस हादसे में जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदना हैं। मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

खरीफ की बुआई का रकबा बढ़ा

नयी दिल्ली (वार्ता)। देश में मौजूदा वर्ष के खरीफ मौसम में धान, श्रीअन्न और दलहन की बुआई का रकबा बढ़ा है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रायल ने सोमवार को यहां जारी आंकडों में बताया कि 27 जून तक देश में बुआई का रकबा 235.44 लाख हेकटेयर से बढकर 262.15 लाख हेक्टेयर हो गया।

सेना प्रमुख चार दिन की भूटान यात्रा पर रवाना

नयी दिल्ली (वार्ता)। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी चार दिन की आधिकारिक यात्रा पर सोमवार को भूटान रवाना हो गये। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि सेना प्रमुख की यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच स्थायी रक्षा सहयोग को और प्रगाढ करना है।

अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के दावे को किया खारिज

काबुल (वार्ता)। अफ़ग़ानिस्तान की तालिबान सरकार ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर की उस टिप्पणी को खारिज किया है जिसमें दावा किया था कि पाकिस्तान के खिलाफ़ कार्रवाई करने के लिए भारत अफ़ग़ानिस्तानी क्षेत्र का इस्तेमाल कर रहा है। टोलो न्यूज़ की रिपोर्ट के अनुसार इस्लामिक अमीरात के उप प्रवक्ता हमदुल्ला फ़ितरत ने ज़ोर देकर कहा कि कार्यवाहक सरकार, अन्य देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने की अपनी नीति के आधार पर, किसी को भी किसी देश के खिलाफ़ कोई कार्रवाई या अभियान चलाने के लिए अपनी भूमि का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं देती है।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

कृषक उन्नत योजना का किया जाएगा विस्तार लॉजिस्टिक पॉलिसी को मिली मंजूरी

शासकीय कर्मचारियों के लिए भी लिया गया बड़ा फैसला

रायपुर /नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए ।

मंत्रिपरिषद ने किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लिया है। कृषक उन्नति योजना के प्रचलित निर्देशों को संशोधित करते हुए इसके दायरे को और विस्तृत कर दिया है। अब इस योजना का लाभ खरीफ 2025 में धान उत्पादक किसानों के साथ-साथ पंजीकृत धान फसल के स्थान पर अब दलहन, तिलहन, मक्का आदि की फसल लगाने वाले किसानों को भी मिलेगा।

खरीफ 2024 में पंजीकृत कृषक जिन्होंने धान की फसल लगाई थी और समर्थन मूल्य पर धान बेचा था, उनके द्वारा खरीफ 2025 में धान फसल के स्थान पर दलहन, तिलहन, मक्का आदि फसल की खेती की जाती है, तो उन्हें भी अब कृषक उन्नति योजना के तहत आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार के अधिकारी-कर्मचारियों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए भविष्य में सेवानिवृत्ति के समय पेंशन भुगतान संबंधी दायित्वों के बेहतर वित्तीय प्रबंधन हेतु छत्तीसगढ़ पेंशन फंड के गठन तथा इसके प्रबंधन एवं विनियमन संबंधी विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य में लॉजिस्टिक सेक्टर के समग्र विकास के लिए छत्तीसगढ़ राज्य लॉजिस्टिक पॉलिसी-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। इस पॉलिसी से छत्तीसगढ़ राज्य लॉजिस्टिक हब

शेष पृष्ठ 6 पर

विकास एवं राजकोषीय स्थिरता सुनिश्चित

मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य के दीर्घकालिक आर्थिक विकास एवं राजकोषीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ ग्रोथ एंड स्टेबिलिटी फंड के गठन तथा इसके प्रबंधन एवं विनियमन संबंधी विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। इससे राज्य के राजस्व में असामान्य वृद्धि/कमी का समुचित प्रबंधन एवं आर्थिक मंदी के समय वित्तीय सुरक्षा प्राप्त होगी।

निवेश के लिए आकर्षित किया जाएगा

राज्य की भौगोलिक स्थिति का लाभ लेते हुए लॉजिस्टिक सेक्टर तथा ई-कॉमर्स की राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को लॉजिस्टिक हब की स्थापना के लिए निवेश के लिए आकर्षित किया जाएगा। राज्य की भंडारण क्षमता में वृद्धि होगी, जिससे प्रदेश के उद्योगों, व्यापारियों और किसानों को सस्ती भंडारण सुविधा मिलेगी। प्रदेश में लॉजिस्टिक में लगने वाले लागत कम होने से व्यापार, निवेश एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

इस नीति के माध्यम से ड्राई पोर्ट/इनलैंड कंटेनर डिपो की स्थापना को प्रोत्साहित करने से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों तथा स्थानीय उत्पादकों को निर्यात बाजारों तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। राज्य के प्रचुर वन संसाधन, वनोपज एवं

शेष पृष्ठ 6 पर

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में वर्ष 2026 के लिए भारत की अध्यक्षता ग्रहण करेंगे मोदी

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी सात जुलाई को रियो डि जनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में वर्ष 2026 के लिए भारत की अध्यक्षता ग्रहण करेंगे। मोदी दो जुलाई से नौ जुलाई तक घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान वह घाना, नामीबिया और त्रिनिदाद और टोबैगो की संसद के विदेश सत्रों को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही उन्हें कुछ देशों द्वारा अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से भी अलंकृत किये जाने की संभावना है।

विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) दामू रवि ने कहा , प्रधानमंत्री 2-3 जुलाई को घाना का दौरा करेंगे। यह यात्रा 30 वर्षों के बाद हो रही है। राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा ने अभी-अभी भारी जीत के बाद पदभार संभाला है। घाना के साथ भारत के संबंध ऐतिहासिक हैं। हमारे संबंधों के कई दशकों के दौरान, यह बहुआयामी रहा है।दोनों देश अपने आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में काम करेंगे। आर्थिक एजेंडा वार्ता पर हावी होगा। भारत और घाना के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग तीन अरब डॉलर है, मुख्य रूप से बड़े सोने के आयात के कारण। इस यात्रा के दौरान कृषि, पश्चिम अफ्रीका में टीका विकास केंद्र, रक्षा सहयोग, महत्वपूर्ण

शेष पृष्ठ 6 पर

इस्पात उभरते भारत का आधार है: मोदी

नयी दिल्ली (वार्ता) । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुनियादी ढांचे और रक्षा क्षेत्र से लेकर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी तथा स्वच्छ ऊर्जा तक इस्पात को उभरते भारत का आधार बताया है और कहा है कि नीतिगत प्रोत्साहन तथा नवाचार से देश वैश्विक इस्पात क्षेत्र में अलग पहचान बना रहा है। मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर केन्द्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी का एक लेख साझा करते हुए कहा कि इसमें बताया गया है कि नीतिगत प्रोत्साहन और नवाचार किस प्रकार से भारत को वैश्विक इस्पात क्षेत्र में अग्रणी बनाने का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, बुनियादी ढांचे और रक्षा से लेकर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और स्वच्छ ऊर्जा तक, इस्पात उभरते भारत का आधार है। केंद्रीय मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने अपने लेख में बताया है कि कैसे नीतिगत प्रोत्साहन और नवाचार भारत को वैश्विक रूप से इस्पात क्षेत्र में अग्रणी बनाने की यात्रा को आकार दे रहे हैं।

रिपोर्ट : भारतीय कंपनियां वैश्विक क्षेत्र में नौ परिवर्तनकारी सेक्टर में बढ़ सकती हैं आगे

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारतीय कंपनियां वैश्विक क्षेत्र में नौ परिवर्तनकारी सेक्टर में विशिष्ट भारतीय क्षमताओं के साथ तेजी से आगे बढ़ सकती हैं और सामूहिक रूप से 2030 तक 588 बिलियन डॉलर से 738 बिलियन डॉलर के बीच राजस्व अर्जित कर सकती हैं। यह जानकारी मैनेजमेंट कंसल्टिंग फर्म मैकिन्से एंड कंपनी की एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, यह 2023 की तुलना में साढ़े तीन गुना वृद्धि दर्शाता है, जिसे 164-206 बिलियन डॉलर के बीच आंका गया था। विकास का यह इंजन नौ क्षेत्रों से आने की उम्मीद है, जिसमें ई-कॉमर्स, सेमीकंडक्टर, क्लाउड सर्विस, साइबर सिक्योरिटी, इलेक्ट्रिक व्हीकल एंड बैटरी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सॉफ्टवेयर एंड सर्विस, स्पेस, न्यूक्लियर फिजन और रोबोटिक्स शामिल हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, ई-कॉमर्स में राजस्व 2023 के 60-70 बिलियन डॉलर से 2030 तक 240-300 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। कुल खुदरा बिक्री में ई-कॉमर्स का हिस्सा 2022-23 में 7-9 प्रतिशत था, जो कि 2030 तक 15-17 प्रतिशत तक बढऩे का अनुमान है। 2030 तक नौ क्षेत्रों की कुल राजस्व प्राप्ति में इसका योगदान लगभग 40 प्रतिशत होगा। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि भविष्य में सेमीकंडक्टर

शेष पृष्ठ 6 पर

ओबामा ने ईरान को बहुत कुछ दिया, मैं नहीं देने वाला: ट्रंप

वाशिंगटन (आईएएनएस)। ईरान पर भविष्य में क्या अमेरिका हमला करेगा या नहीं, फिलहाल इसे लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्थिति स्पष्ट नहीं की है। ईरान के उप-विदेश मंत्री अमेरिका के साथ भविष्य में किसी भी कूटनीतिक और न्यूक्लियर वार्ता पर शर्त रख चुके हैं। ऐसे में ट्रंप ने कहा है कि अब वह ईरान से बात नहीं कर रहे हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रूथ0 पर लिखा, मैं ईरान को कुछ भी नहीं दे रहा हूं। ओबामा की तरह, जिन्होंने 'परमाणु हथियार जेसीपीओए (जो अब समाप्त हो जाएगा) के तहत अरबों डॉलर का भुगतान किया था। इतना ही नहीं, मैं उनसे इस विषय पर बात भी नहीं करने वाला हूं, क्योंकि हमने उनकी न्यूक्लियर फैसिलिटी को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। ट्रंप शुक्रवार को उन मीडिया रिपोर्ट्स को खारिज कर चुके थे, जिनमें कहा गया था कि उनके प्रशासन ने सिविलियन एनर्जी प्रोड्यूसिंग न्यूक्लियर प्रोग्राम बनाने के लिए ईरान

शेष पृष्ठ 6 पर

ट्रंप प्रशासन की स्थिति स्पष्ट नहीं

रविवार को बीबीसी से बातचीत में माजिद तख्त-रवांची ने कहा था कि अमेरिका को ईरान के खिलाफ किसी भी हमले से इनकार करना चाहिए। इसके साथ ही उप-विदेश मंत्री ने कहा कि ईरान के खिलाफ भविष्य के हमलों पर ट्रंप प्रशासन की स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है। माजिद ने बताया कि अमेरिका ने मध्यस्थ देशों से कहा है कि वह ईरान के साथ बातचीत करना चाहता है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया कि वह भविष्य में हमले करेगा या नहीं।

तेलंगाना में भाजपा को झटका, विधायक टी राजा सिंह का पार्टी से इस्तीफा

हैदराबाद (आईएएनएस)। तेलंगाना के गोशामहल से भाजपा विधायक टी राजा सिंह ने पार्टी नेतृत्व के फैसले से असहमति जताते हुए भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उनका यह फैसला रामचंदर राव को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की मीडिया रिपोर्टों के बाद सामने आया है। राजा सिंह ने अपने इस्तीफे में लिखा, मैं यह पत्र भारी मन से और गहरी चिंता के साथ लिख रहा हूं। रामचंदर राव को तेलंगाना भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की खबर से न सिर्फ मैं, बल्कि लाखों कार्यकर्ता, नेता और

शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा - गरम

भारतमाला की तर्ज पर रेललाइन मुआवजा घोटाला

दस्तावेज गायब होने के मामले में पटवारी और तहसीलदार ने खुद को बताया पाक साफ, एक-दूसरे पर फोड़ने लगे गड़बड़ी का ठीकरा, अब दर्ज होगी एफआईआर

हनीफ निज़ामी

नवप्रदेश फालोअप

रायपुर/नवप्रदेश। खरसिया-दुर्ग-परमालकसा रेल लाइन मुआवजा घोटाले का भांडा फूटने के बाद इसमें शामिल भू-माफिया और अफसरों में हड़कंप मच गया है। हाल ये है कि गड़बड़ी के सबूत वाले दस्तावेज तहसील कार्यालय से गायब कर दिये गए हैं। गायब दस्तावेजों के संबंध में जवाबतलब किये जाने पर तत्कालीन तहसीलदार और पटवारी एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहे हैं।

2018 में रेल लाइन के लिये भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना जारी होने के बाद नियमों को ताक पर रखकर जमीन की खरीदी-बिक्री की गई। भू माफिया और अफसरों की मिलीभगत से नामांतरण, खाता बंटवारा आदि की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। इस मामले का खुलासा होने पर जब सबूत के तौर पर जमीन खरीदी और नामांतरण सहित खाता बंटवारा से संबंधित सक्षम अधिकारी के आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि की मांग की गई, तब पता चला कि तहसीलदार कार्यालय में ये दस्तावेज नहीं हैं।

दस्तावेज गायब होने की शिकायत के बाद संभागायुक्त और कलेक्टर ने वर्तमान तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता को कार्यालय में दस्तावेज चेक करने कहा। दस्तावेज न होने पर एफआईआर दर्ज करने के

शेष पृष्ठ 6 पर

तत्कालीन तहसीलदार बोले -पटवारी के पास मिलेंगे दस्तावेज

तत्कालीन तहसीलदार जयंत बघेल ने लिखित जवाब में कहा है कि 2018 में नामांतरण की प्रक्रिया मैनुअल होती थी। मैनुअल पंजी में ही आदेश दर्ज होते थे। दस्तावेजों का संधारण भी पटवारी ही करते थे। उस समय मैनुअल नामांतरण पंजी में किये गए आदेश का पंजीयन किसी न्यायालय या केंद्रीय अभिलेखागार में नहीं होता था। आपसी सहमति नामा, इश्तिहार प्रकाशन की तिथि, शपथ पत्र, फर्द बंटवारा आदि सभी दस्तावेज तत्कालीन हल्का पटवारी के पास सुरक्षित रहते थे। तत्कालीन हल्का पटवारी से ही सारे दस्तावेज प्राप्त किये जा सकते हैं।

अब दर्ज होगी एफआईआर

गायब दस्तावेजों के संबंध में तत्कालीन तहसीलदार और पटवारी का लिखित जवाब मिलने के बाद अब इस मामले में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। कलेक्टर ने इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि अगर दस्तावेज तहसीलदार कार्यालय में उपलब्ध नहीं हैं तो एफआईआर



शिवभक्तों के लिए सुहावना बना मौसम...

जम्मू। श्री अमरनाथ यात्रा से पहले मौसम सुहावना बना हुआ है। शिवभक्तों के लिए राहत यह है कि जुलाई के पहले सप्ताह तक मौसम में कोई बड़े फेरबदल के आसार नहीं हैं। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर के अनुसार जम्मू संभाग के कुछ हिस्सों में आगामी बारिश के साथ 40-50 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चल सकती है। मगर कश्मीर संभाग में लगभग मौसम साफ रहेगा। यात्रा आगामी तीन जुलाई से शुरू हो रही है।

अमरनाथ यात्रियों के लिए मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर के अनुसार निरंतर मौसम संबंधी भविष्यवाणी जारी की जाएगी। इसमें अगले सात दिन का मौसम पूर्वानुमान जारी किया जाएगा। इससे यात्री बेहतर योजना से अपनी यात्रा को सुगम और सुरक्षित बना सकेंगे।

कश्मीर में छूट रहे पसीने

जून की गर्मी से कश्मीर में पसीने छूट रहे हैं। यहां अधिकांश जिलों में दिन का पारा सामान्य से 3 से 5 डिग्री ऊपर चल रहा है। रविवार को जम्मू से अधिक राजधानी श्रीनगर गर्म रही। जम्मू संभाग के कई हिस्सों में बारिश हुई, मगर उमस भी परेशान कर रही है। धुंध और खराब मौसम से कटड़ा-सांझीछत चापर सेवा बाधित रही। कश्मीर में साफमौसम के बीच श्रीनगर में दिन का पारा 4.5 डिग्री सेल्सियस चढ़कर 34.5 और न्यूनतम तापमान 22.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जम्मू के आसपास के इलाकों में बारिश हुई। लेकिन आर्द्रता का प्रतिशत 84 तक पहुंच जाने से उमस से पसीने छूट रहे हैं। जम्मू के मुकाबले लगातार श्रीनगर का पारा ऊपर चल रहा है। कश्मीर के काजीगुंड में अधिकतम तापमान सामान्य से 4.4 डिग्री चढ़कर 32.6, कुपवाड़ा में 33.2, कोकरनाग में 31.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रियासी में बारिश हुई। बनिहाल में अधिकतम तापमान 30.1, बटोत में 27.7, कटड़ा में 30.2 और भद्रवाह में 31.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

हमारी संस्कृति सभी जीवों में ईश्वर की उपस्थिति को देखती है : राष्ट्रपति मुर्मू

बरेली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को बरेली स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के 11वें दीक्षांत समारोह में मेधावियों को पदक व उपाधि देकर सम्मानित किया। उन्होंने पशु चिकित्सा क्षेत्र में उपाधि और पदक पाने वाले मेधावियों को बधाई दी। कहा कि इस समारोह में छात्राओं की बड़ी संख्या में देखकर गर्व की अनुभूति होती है। बेटियां अन्य क्षेत्रों की तरह पशु चिकित्सा क्षेत्र में भी आगे रही हैं। यह बहुत ही शुभ संकेत है। राष्ट्रपति ने कहा कि आप सब ने निरीह और बेजुबान पशुओं की चिकित्सा और कल्याण के क्षेत्र को अपने करियर के रूप में चुना है। इस चुनाव के पीछे 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः' की भारतीय सोच का भी योगदान रहा है।

उन्होंने कहा कि पशुओं में बीमारियों की रोकथाम में टीकाकरण की अहम भूमिका है। पशु चिकित्सा अनुसंधान में आईवीआरआई से जुड़े वैज्ञानिकों व शोधकर्ताओं का योगदान सराहनीय है। इस संस्थान ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों को प्राप्त किया है। राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम में अनके टीके यहीं पर विकसित किए गए हैं। यह गर्व की बात है।

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया स्वागत

राष्ट्रपति सुबह करीब 9:50 बजे भारतीय वायु सेना के विमान से त्रिशूल एयरबेस पर उतरीं। वहां उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी भी मौजूद रहे। यहां से वह सीधे आईवीआरआई परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार पहुंचीं।

पशु और मानव में एक परिवार का रिश्ता

राष्ट्रपति ने कहा कि 'ईशावास्यम् इदम् सर्वम्' के जीवन मूल्य पर आधारित हमारी संस्कृति, सभी जीव-जंतुओं में ईश्वर की उपस्थिति को देखती है। पशुओं से हमारे देवताओं व ऋषि-मुनियों का संवाद होता है। भगवान के कई अवतार भी इसी विशिष्ट श्रेणी में हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सक या शोधकर्ता के रूप में कार्य करें तो बेजुबान पशुओं के कल्याण की भावना मन में हो। पशु और मानव में एक परिवार का रिश्ता है।

पशुओं को बताया जीवन धन

द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि पशु हमारे लिए 'साधन' (परिवहन के लिए) और किसानों के लिए 'बल' रहे हैं। पशु के बिना किसान आगे नहीं बढ़ सकता है। पशु जीवन धन हैं। उनके बिना हम जिंदगी सोच नहीं सकते।

राष्ट्रपति ने विलुप्त हो रहे जीव-जंतुओं पर चिंता जताई। कहा कि जब विभिन्न प्राणियों का संवर्धन होगा, तब जैव-विविधता बढ़ेगी और यह धरती तथा मानव जाति खुशहाल होगी। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान जैसी संस्थाओं से अपील है कि वे जैव-विविधता को बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाएं और आदर्श प्रस्तुत करें।

कोलकाता दुष्कर्म मामले का संज्ञान लें, सीबीआई को सौंपी जाए जांच

नई दिल्ली। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बी.आर. गवई को पत्र के जरिए एक याचिका भेजी गई है, जिसमें आग्रह किया गया है कि वह कोलकाता के एक लॉ कॉलेज में हुए कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले का संज्ञान लें। यह मामला कस्बा क्षेत्र में स्थित साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज का है, जहां 25 जून को एक प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ कथित तौर पर कॉलेज परिसर के अंदर ही तीन लोगों ने मिलकर दुष्कर्म किया। आरोपियों का संबंध तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की छात्र इकाई 'तृणमूल छात्र परिषद' (टीएमसीपी) से बताया जा रहा है। याचिका में सीजेआई से अनुरोध किया गया है कि वह इस

मामले में संज्ञान लेकर तत्काल और निष्पक्ष जांच का आदेश दें। इसके साथ ही यह मांग भी की गई है कि इस मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपी जाए और जांच को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया जाए। यह याचिका वकील सत्यम सिंह की ओर से दाखिल की गई है। इसमें पश्चिम बंगाल सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है कि पीड़िता को 50 लाख रुपये की अंतरिम मुआवजा राशि दी जाए, जिससे उसका उपचार, पुनर्वास और कानूनी खर्च पूरा किया जा सके।

'पीड़िता, परिवार और गवाहों को दी जाए सुरक्षा'

इसके अलावा, याचिका में यह भी कहा गया है कि पीड़िता, उसके परिवार और सभी गवाहों को तत्काल और पूरी सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही शिक्षण संस्थानों में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश तैयार किए जाएं। इसमें तृणमूल कांग्रेस के नेताओं, खासकर कल्याण बनर्जी और मदन मित्रा के खिलाफभी कार्रवाई की मांग की गई है, जिन्होंने कथित तौर पर पीड़िता को अपमानित करने वाले बयान दिए हैं।

पुरी में भगदड़ के एक दिन बाद भक्तों की भीड़...

पुरी। पुरी में रविवार को हुई भगदड़ के एक दिन बाद सोमवार को हजारों श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने श्री गुंडिचा मंदिर के पास कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। पुलिस अधिकारी सौरेंद्र प्रियदर्शी ने बताया कि मंदिर के सामने बैरिकेडिंग लगाई गई है और सुचारू रूप से दर्शन के लिए अलग-अलग कतारें बनाई गई हैं। पुलिस प्रशासन ने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए मंदिर में बिना किसी अवरोध के दर्शन की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने घटना के बाद बड़े स्तर पर प्रशासन में बदलाव किए हैं ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

न्यूज गैलरी

सूडान में ढही सोने की खदान,11 की मौत, 7 घायल

खार्तूम(आईएएनएस)। उत्तर-पूर्वी सूडान में एक सोने की खदान ढहने से 11 लोगों की मौत हो गई और 7 लोग घायल हो गए। सरकारी खनिज संसाधन कंपनी ने यह जानकारी दी। सिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, रेड सी स्टेट में अत्बारा और हाया शहरों के बीच हौएद इलाके में स्थित केर्श अल-फील खदान में यह हादसा हुआ। कंपनी ने अपने बयान में बताया कि खदान ढहने से यह घटना हुई, लेकिन हादसे की तारीख का जिक्र नहीं किया गया। कंपनी ने कहा कि सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण खदान को पहले ही बंद करने का आदेश दिया गया था। लेकिन, इसने खनन गतिविधियों की निगरानी जारी रखने और सुरक्षा मानकों को बेहतर करने का वादा किया, साथ ही खनिकों से सुरक्षा और पर्यावरण नियमों का पालन करने की अपील की।सूडान में पारंपरिक खनन से सोने का एक बड़ा हिस्सा निकलता है, लेकिन खराब सुरक्षा मानकों और पुराने ढांचे के कारण क्षेत्र में अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। कंपनी ने कहा कि उसने पहले ही खदान में काम रोक दिया था और इसके जोखिम के बारे में चेतावनी दी थी, क्योंकि यह जानलेवा खतरा पैदा कर सकता है। आधिकारिक और एनजीओ के अनुसार, सोने का लगभग सारा व्यापार संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के माध्यम से होता है।

सेनाध्यक्ष भूटान की आधिकारिक यात्रा पर रवाना

नई दिल्ली। भारतीय थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी सोमवार को भूटान की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुए हैं। सेनाध्यक्ष का यह दौरा काफी महत्वपूर्ण है। यह यात्रा भारत और भूटान के बीच लंबे समय से चले आ रहे गहरे व विश्वासपूर्ण रक्षा सहयोग को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी 2 जुलाई तक भूटान की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सैन्य संबंधों को और प्रगाढ़ बनाना है। यह यात्रा भारत-भूटान के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी और पारस्परिक विश्वास को दर्शाती है। दौरा भारत की अपने पड़ोसी देश भूटान के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराता है। सेना प्रमुख का यह दौरा दोनों राष्ट्रों के बीच पारंपरिक मित्रता तथा सहयोग को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

पीएम मोदी ने संथाल क्रांति के वीरों को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। हूल दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संथाल क्रांति के वीरों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। ऐतिहासिक संथाल विद्रोह को याद करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मानित स्वतंत्रता सेनानियों, सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो, के साथ-साथ अन्य बहादुर आदिवासी शहीदों की चिरस्थायी विरासत को नमन किया, जिन्होंने औपनिवेशिक उत्पीड़न के खिलाफअपने प्राणों की आहुति दी। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, ''हूल दिवस हमें अपने आदिवासी समाज के अदम्य साहस और अद्भुत

पराक्रम की याद दिलाता है। ऐतिहासिक संथाल क्रांति से जुड़े इस विशेष अवसर पर सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो के साथ ही उन सभी वीर-वीरांगनाओं का हृदय से नमन और वंदन, जिन्होंने विदेशी हुकूमत के अत्याचार के खिलाफ लड़ते हुए अपने जीवन का बलिदान कर दिया। उनकी शौर्यगाथा देश की हर पीढ़ी को मातृभूमि के स्वाभिमान की रक्षा के लिए प्रेरित करती रहेगी। हूल दिवस हमें अपने आदिवासी समाज के अदम्य साहस और अद्भुत पराक्रम की याद दिलाता।

केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बताया स्वस्थ जीवनशैली का मंत्र

भोपाल। गुरूवार को एक निजी संवाद कार्यक्रम के लिए राजधानी भोपाल पहुंची केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री व अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने स्वस्थ भारत को ही समृद्ध और विकसित भारत की नींव बताते हुए कहा कि स्वस्थ्य जीवनशैली के लिए हमें तेल, चीनी और नमक थोड़ा कम करना होगा, साथ ही तेजी से बढ़ते मोटापे की समस्या को भी ध्यान में रखना होगा। उन्होंने आंकड़े पेश करते हुए अनुमान जताया कि 2050 तक

देश के 44 करोड़ लोग मोटापे का शिकार हो सकते हैं। वहीं वर्तमान में देश की 24 फीसदी महिलाएं व 23 फीसदी पुरुष मोटापे से ग्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि मोटापे के खिलाफ लड़ाई को हम सब को मिलकर लड़ना है।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने मध्य प्रदेश की जनता से अपील करते हुए कहा कि, मोटापे के खिलाफइस लड़ाई में आप सभी हमारा साथ दें और अपने आहार को संतुलित रखें, तेल कम, चीनी कम, नमक कम के मंत्र के साथ स्वस्थ जीवनशैली को अपनाएं। इस कार्यक्रम में अपना दल (एस) मध्य प्रदेश इकाई के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

झारखंड के भोगनाडीह में पुलिस और ग्रामीणों में झड़प

साहिबगंज(आईएएनएस)। झारखंड के साहिबगंज जिले स्थित भोगनाडीह में सोमवार को संथाल 'हूल' क्रांति दिवस पर आदिवासियों के एक समूह और पुलिस-प्रशासन के बीच जमकर झड़प हुई है। इस दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज किया है और आंसू गैस के गोले छोड़े हैं। इस संघर्ष में कुछ पुलिसकर्मी और ग्रामीण घायल हुए हैं। पुलिस के तीन घायल जवानों

को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। वहीं, हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। साहिबगंज के उपायुक्त हेमंत सती सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। गांव में भारी तादाद में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

1855-56 में अंग्रेजों के खिलाफ हुई संथाल 'हूल' क्रांति के नायकों सिदो-कान्हू और अन्य शहीदों की याद में प्रति वर्ष 30 जून को उनके गांव भोगनाडीह में राज्य सरकार की ओर से राजकीय कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसमें सीएम भी शामिल होते हैं। इस वर्ष भी राजकीय कार्यक्रम होना है, जिसमें सीएम के प्रतिनिधि के तौर पर राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को भाग लेना है। लेकिन, राजकीय कार्यक्रम के समानांतर सिदो-कान्हू मुर्मू हूल फाउंडेशन नामक संगठन ने भी इसी स्थल पर अलग कार्यक्रम का ऐलान कर रखा है और इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को आमंत्रित किया गया है।

साइकिल से अमरनाथ यात्रा पर निकले सचिन

जम्मू। नेपाल के रहने वाले सचिन चौधरी साइकिल पर सवार होकर अमरनाथ यात्रा पर निकले हैं। उनका यह सफर केवल धार्मिक नहीं, बल्कि एक सामाजिक और पर्यावरणीय संदेश लिए है। सचिन अपनी इस विशेष यात्रा के जरिए देशवासियों को जल संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। सचिन ने बताया कि उन्हें घर से निकले हुए आठ महीने और आठ दिन हो चुके हैं। यह उनकी भारत में दूसरी यात्रा है और इस बार उनका लक्ष्य बाबा बर्फानी के दर्शन करना है। उन्होंने बताया कि वे वर्तमान में जम्मू-कश्मीर हाईवे पर हैं और यहां की यात्रा अब तक बहुत ही सकारात्मक रही है। सचिन ने कहा कि जैसे ही मैंने जम्मू में प्रवेश किया, तो बहुत प्यार और समर्थन मिला।

50 साल बाद भी 'संविधान' को कूड़ेदान में फेंकने की आदत से बाहर नहीं निकल पाया विपक्षः सुधांशु

नई दिल्ली(आईएएनएस)। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बिहार में नेता प्रतिपक्ष और राजद नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधा। उन्होंने तेजस्वी के एक बयान का जिक्र करते हुए कहा कि वह कहते हैं कि संसद के कानून को (वक्फ बोर्ड कानून) कूड़ेदान में फेंक देंगे।

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, "अभी हाल ही में हमने भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे दुर्दांत काले अध्याय आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण किए। लेकिन, बड़े दुख की बात है कि पटना के उसी गांधी मैदान में जहां आपातकाल के दौरान संविधान की रक्षा और संविधान के सम्मान के लिए जान की परवाह किए बिना लाखों लोग एकत्र हुए

थे। वहां कल एक ऐसी रैली हुई, जिसमें इंडी गठबंधन के सहयोगी बिहार के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि संसद के कानून को (वक्फ बोर्ड कानून) कूड़ेदान में फेंक देंगे।

जबकि यह कानून (वक्फ बोर्ड कानून) दोनों सदनों से पारित है और कोर्ट में विचाराधीन है। इसका अर्थ ये हुआ कि न संसद का सम्मान न न्यायपालिका का सम्मान। यह साफहै कि 50 साल बाद भी इंडी गठबंधन संविधान को कूड़ेदान में फेंकने की पुरानी आदत से बाहर नहीं आ पाया है।"

उन्होंने आगे कहा,"वोट बैंक की चाहत में इंडी गठबंधन के सहयोगी तेजस्वी यादव द्वारा जो कुछ बोला गया है, उससे साफ है कि ये संविधान को कूड़ेदान में फेंकने की मानसिकता से बाहर नहीं आ पा रहे हैं।"

भाजपा सांसद ने कहा, ÷अगर वे कभी सत्ता में आए तो यह संभव नहीं है, लेकिन वे बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को कूड़ेदान में फेंक देंगे और शरिया कानून लागू करेंगे। यह कोई अतिशयोक्ति नहीं है।

याद रखें कि भारत में सरकार ने केवल एक बार 400 सीटें पार की हैं, वो भी 1985 में, और फिर क्या हुआ? शाहबानो मामले को देखें। उस 400 से ज्यादा की सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को कुचल दिया और शरिया कानून को संविधान से ऊपर रख दिया। वे पिछड़े, वांछित, का आरक्षण भी यह खत्म करना चाहते हैं।"

मुल्लाओं और मौलवियों द्वारा बनाया शब्द वक्फ

मुल्लाओं और मौलवियों का बनाया शब्द सुधांशु त्रिवेदी ने वक्फका जिक्र करते हुए कहा, "मैं यह बताना चाहता हूं कि कुरान में 'वक्फ' जैसा कोई शब्द नहीं है। यह मुल्लाओं और मौलवियों का बनाया शब्द है। इस्लाम आपको खर्च करना, देना सिखाता है, न कि रखना या जमा करना, और फिर भी, आप कहते हैं, "संग्रह करो"? यह बाबा साहेब के संविधान का मजाक उड़ाने के अलावा और कुछ नहीं है, इसे धर्मनिरपेक्ष दस्तावेज से मौलवियों की स्क्रिप्ट में बदलने की कोशिश है। इनका विचार संविधान की सीमा को तार-तार करना है। यह चंद मुट्ठी भर मुस्लिमों के साथ खड़े हैं, जो पैसों की ताकत रखते हैं। यह गरीब मुस्लिमों के साथ नहीं हैं। यह लोग जयप्रकाश नारायण, कर्पूरी ठाकुर को नहीं मानते हैं। आज राजग और समाजवादी पार्टी जैसे दल नमाजवाद के साथ खड़े रहते हैं।"

SHRI
HEALTH CARE WITH HUMAN TOUCH
बिलासपुर अंचल के एकमात्र सर्टिफाइड एलर्जी विशेषज्ञ
डॉ श्रीकांत गिरि
एम डी, डिप्लोमा इन एलर्जी
फेलोशिप इन एडवांस्ड एलर्जी प्रोसीजर

- सुबह उठते ही लगातार छिंक आना
- पुराने कपड़े को ओढने से लगातार छिंक आना, नाक बहना
- आँखों मे खुजली एवं आँखों से आंसू बहना
- बार बार खांसी आना, रात को खांसी से नींद मे परेशानी
- ठंडी हवा या मौसम परिवर्तन से सर्दी खांसी हो जाना

ये एलर्जी के लक्षण हैं किन किन चीज़ो से एलर्जी है, जिनसे बचाव किया जाना चाहिए एलर्जी टेस्ट से पता चल सकता है बच्चों एवं बड़ो (सभी उम्र के लोगों का) एलर्जी टेस्ट श्री शिशु भवन मे करवा सकते है

अस्थमा एवं एलर्जी के मरीज़ों के लिए immunotherapy की सुविधा
+ अगर आप एलर्जी के लिए लगातार गोली खा रहे हैं तो immunotherapy से राहत मिल सकती है
+ बच्चों एवं बड़ो के अस्थमा एवं एलर्जी का ईलाज

श्री शिशु भवन
(ADVANCED NEONATAL & PAEDIATRIC CARE)
मध्यनगरी चौक के पास (प्रेस बिल्डिंग के सामने), बिलासपुर (छ.ग.)
संपर्क सूत्र : 07752-236866, 9826183363, 9752040404

श्री चाईल्ड केयर
बच्चों का दवाखाना
बच्चों के सभी प्रकार के टीके उपलब्ध

18 साल तक के बच्चों के परामर्श की सुविधा उपलब्ध
डॉ. पल्लवी गिरी
एम.डी., शिशु रोग विशेषज्ञ
मेन रोड तोरवा, बिलासपुर (छ.ग.)
07752-651202, 327094

एक डॉक्टर की मुस्कराहट दवाओं से ज्यादा असर करती है...

डॉक्टर का हमारे समाज में एक अहम स्थान है। अपनी छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी - बीमारी को लेकर लोग डॉक्टर के पास इसी उम्मीद के साथजाते हैं वे बिल्कुल ठीक हो जाएंगे। डॉक्टर भी मरीज को ठीक करने में अपनी पूरी मेहनत लगा देते हैं।

कोरोना काल के माहौल से आज पूरी दुनिया भली भांति परिचित है और लोगों को अच्छी तरह से समझ आ गई है कि डॉक्टर्स का जीवन कितना खतरों से घिरा हुआ रहता है। संक्रमित मरीजों को स्वस्थ्य कर उन्हें घर भेजने के लिए वे हर पल उनकी सेवा में उनके आस-पास ही रहते हैं। जिसमें भारत में तो उन्हें पूजा जाता है। वैसे इन्सान इस काबिल नहीं कि उसकी तुलना भगवान से की जाये. लेकिन डॉक्टर ने अपने काम से ये दर्जा हासिल कर लिया है। वैसे तो जीवन मृत्यु इन्सान नहीं भगवान के हाथ में ही होती है, लेकिन अब भगवान ने इन्सान को डॉक्टर बनाकर उसे भी जीवन देने का हक दे दिया है। इस । जीवन दानी को हम डॉक्टर कहते है. जो हमें जन्म देता है. साथ ही कई बार मृत्यु से भी बचाता है. चिकित्सा के क्षेत्र में डॉक्टरों ने दिन पे दिन तरक्की ही की है। आज बड़े से बड़ी बीमारी को डॉक्टर ठीक कर सकता है। ऐसे में 1 जुलाई यानी डॉक्टर्स डे का महत्व बहुत अधिक बढ़ गया है। यह बहुत ही अच्छा अवसर है डॉक्टर्स के योगदान का मुक्त कंठ से प्रशंसा करना।

यूनिटी हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
NABH

उपलब्ध सुविधाएं:- • 24 घंटे आपातकालीन चिकित्सा / ट्रामा केयर एवं एक्सीडेंट केयर। • गहन चिकित्सा इकाई एवं डायलिसिस की सुविधा। •जहर खुरानी, बिच्छु एवं सर्पदंश के भर्ती हेतु (IC) सुविधा। • मोतियाबिन्द की जाँच एवं आधुनिक पद्धति द्वारा ऑपरेशन की सुविधा। • बाल नेत्र रोग की जाँच एवं उपचार आँखों के सूखेपन का ईलाज। • तिरछेपन व शेंगेपन (Squint) की जाँच एवं विशेषज्ञ द्वारा ऑपरेशन की सुविधा। •डायबिटीज व ब्लड प्रेशर के मरीजों के रेटिना की जाँच कांच बिन्द (Glaucoma) का ईलाज। •दूरबीन लेप्रोस्कोपिक से अपेन्डिक्स/पित्त की थैली, बच्चेदानी पोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन। • हार्निया/हाइड्रोसील, पाइल्स, फिस्टुला, पथरी व सभी प्रकार की ईलाज। • किडनी, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी। • न्यूरो एवं स्पाईन लकवा, मस्तिष्क, मलेरिया का ईलाज। • सिर की चोट का ईलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा। • रीढ़ की हड्डी के फ्रेक्चर, स्लिप डिस्क /साइटिका के ईलाज व ऑपरेशन। • 24 घंटे दर्द रहित नार्मल प्रसव की सुविधा। • बच्चेदानी का ऑपरेशन एवं नसबंदी। • बंद ट्यूब खोलना। • कान के पर्दे में छेद व कान बहना व मवाद आना। • लार ग्रंथि (पैरोटिड सर्जरी)। • मुँह, जबड़ा, गला व अन्न की नली के कैंसर की जाँच व उपचार। • मुँह कम खुलना (गुटखा/तम्बाकू खाने से)।
24x7 Emergency Services Available

DR. ANKIT THAKRAL
Director
MBBS, MS, (ENT)
ENT Specialist, Head, Neck Surgeon,
Ex. Asst. Professor CIMS Bilaspur
ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल परिसर, मिशन हॉस्पिटल रोड, बिलासपुर
संपर्क:- 8959644835, 07752491770

UNITY SMILE & TRAUMA CARE HOSPITAL
WHERE COMPASSION AND HEALING COME TOGETHER

ट्रॉमा सेंटर (24x7 आकस्मिक देखभाल):
कैंसर विभाग (मुँह, जबड़ा व गले का कैंसर):
एस्थेटिक और कॉस्मेटिक फेशियल सर्जरी:
AI सक्षम डेंटल सेंटर:
नेत्र रोग यूनिट:
हड्डी रोग एवं ट्रामा यूनिट:
सर्जिकल यूनिट:

ले. कर्नल डॉ. अंकुर ठकराल (रिटा.)
BDS, MDS (OMFS), FIBOMS, FOCI (Zurich)
ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन
क्लेफ्ट एवं क्रेनिओफेशियल सर्जन
पूर्व दंत चिकित्सा अधिकारी आर्मी डेन्टल कोर
पूर्व प्राध्यापक आर्मी हॉस्पिटल (आर एंड आर), नई दिल्ली

डॉ. प्राची ठकराल
BDS, MDS (Prosthodontist & implantologist)
पूर्व दंत चिकित्सा अधिकारी ECHS पॉलीक्लीनिक
पूर्व सलाहकार क्लोव डेन्टल, नई दिल्ली
पूर्व प्राध्यापक संतोष डेन्टल कॉलेज, गाजियाबाद
Dr. Sijeel Shukla
MBBS, DNG, Firthd
Dr. Ankita Srivastava
MBBS, MD (Obgy)
Obstetrics and Gynaecologist
Dr. Sanjay Kumar Singh
MBBS,MS (General Surgeon)
Dr. Mansi Kshetrapal
MBBS, DOMS
(Ophthalmologist)
Dr. Shyam Bihari
MBBS, MD(Medicine)
Dr. Ankit thakral
MBBS, MSIENT
BESIDE ROYAL ENFIELD SHOWROOM, KAPIL NAGAR CHOWK, SARKANDA, BILASPUR (C.G.)
CALL 8959644835

सुविचार

कुछ तो चाहत होगी बारिश की बूंदों की वरना कौन गिरता है इस जमीन पे आसमान पर पहुंचने के बाद। - अज्ञात

पद्मश्री स्व. डॉक्टर सुरेन्द्र दुबे की स्मृति को चिरस्थाई बनाया जाए

दुर्ग जिले और पूरे छत्तीसगढ़ का देश व दुनिया में नाम रौशन करने वाले अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि पद्मश्री स्व. डॉक्टर सुरेन्द्र दुबे की स्मृति को चिरस्थाई बनाने के लिए राज्य सरकार को सार्थक पहल करनी चाहिए। उनकी स्मृति को अक्षुण्य बनाना ही स्व. डॉक्टर सुरेन्द्र दुबे को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अविभाजित दुर्ग जिले के बेमेतरा में जन्में डॉक्टर सुरेन्द्र दुबे पेशे से आर्युवेदिक चिकित्सक थे, किन्तु उन्होंने एक हास्य कवि के रूप में देश व दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई थी। साहित्य सेवा के लिए उन्हें कई सम्मान मिले थे और फिर उन्हें सरकार ने पद्मश्री के गौरवशाली सम्मान से विभूषित किया था। डॉक्टर सुरेन्द्र दुबे ने अपनी हास्य रचनाओं से न सिर्फ लोगों को गुदगुदाया बल्कि देश व दुनिया में छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति का भी प्रचार किया उनकी छत्तीसगढ़ी रचनायें पूरे देश में सुनी जाती रही है। ऐसी महान विभूति को सही सम्मान देना छत्तीसगढ़ सरकार का दायित्व बनता है। इस संदर्भ में वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग की है कि छत्तीसगढ़ के हर जिले में कम से कम एक सरकारी संस्थान का नाम पद्मश्री डॉक्टर सुरेन्द्र दुबे के नाम पर किया जाये। उनकी यह मांग न्यायोचित है। उम्मीद की जानी चाहिए की राज्य सरकार उनकी मांग पर गंभीरतापूर्वक विचार करेगी और यथाशीघ्र उचित निर्णय लेगी। क्योंकि दुर्ग डॉक्टर सुरेन्द्र दुबे की कर्म भूमि रही है। इसलिए दुर्ग जिला मुख्यालय में डॉक्टर सुरेन्द्र दुबे की स्मृति में किसी सरकारी भवन का नामकरण किया जाना सर्वथा उपयुक्त होगा। इस संदर्भ में दुर्ग के एक सामाजिक कार्यकर्ता शत्रुंजय तिवारी ने सुझाव दिया है कि दुर्ग के प्राचीन व ऐतिहासिक हिन्दी भवन में डॉक्टर सुरेन्द्र दुबे की स्मृति में अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण एक वाचनालय प्रारंभ किया जाये। अन्य सहित्यिक संस्थाओं ने भी डॉक्टर सुरेन्द्र दुबे की स्मृति में इसी तरह के कारगर कदम उठाने की आवश्यकता प्रतिपादित की है। दुर्ग जिला मुख्यालय में स्थित हिन्दी भवन में डॉक्टर सुरेन्द्र दुबे की स्मृति में सार्वजनिक वाचनालय प्रारंभ करना सबसे उपयुक्त कदम होगा। गौरतलब है कि ब्रिटिश शासनकाल में 1911 में हिन्दी भवन बना था जिसका नाम एडवर्ड हाल रखा गया था। 1915 में जिसके ऊपरी मंजिल पर सार्वजनिक वाचनालय प्रारंभ किया गया था। आजादी के बाद भी हिन्दी भवन अविभाजित दुर्ग जिले की साहित्यिक गतिविधियों का केन्द्र रहा और इसे हिन्दी भवन का नाम दिया गया था। सातवें दशक में दुर्ग जिला हिन्दी साहित्य समिति की गतिविधियां यही से संचालित होती थी। बाद में यहां ऊपरी मंजिल पर आयुर्वेद महाविद्यालय प्रारंभ हुआ था जहां आयुर्वेद रत्न और साहित्य रत्न की परिक्षायें आयोजित की जाती थी उसी समय कुछ समय तक वीणा पाणि साहित्य समिति की सहित्यिक गतिविधियों का भी यह केन्द्र बना रहा और नीचे की मंजिल पर दुर्ग नगर निगम का सार्वजनिक वाचनालय संचालित होता रहा। इस तरह हिन्दी भवन लगभग सौ सालों तक साहित्यिक गतिविधियों का केन्द्र बना रहा और हिन्दी भवन के नाम को सार्थक करता रहा। 2006 में यहां दुर्ग नगर निगम का मुख्यालय स्थापित कर दिया गया और 2013 से हिन्दी भवन को संभाग आयुक्त का कार्यालय बना दिया गया। अब जबकि दुर्ग नगर निगम का नया मुख्यालय बन चुका है तो संभाग आयुक्त का नया कार्यालय भी जिला कचहरी के पास स्थापित किया जाना चाहिए और हिन्दी भवन की पुरानी गरिमा लौटाई जानी चाहिए। हिन्दी भवन में पद्मश्री डॉक्टर सुरेन्द्र दुबे की स्मृति में अत्याधुनिक सार्वजनिक वाचनालय प्रारंभ किया जाना चाहिए। ऐसा करके ही हम डॉक्टर सुरेन्द्र दूबे को सच्ची अर्थों में श्रद्धांजलि अर्पित कर पायेंगे। दुर्ग जिले के साहित्यकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की भी ऐसी भी मंशा है इसलिए प्रदेश की विष्णुदेव सरकार से अपेक्षा की जानी चाहिए कि वह जनभावनाओं के अनुरूप दुर्ग के ऐतिहासिक हिन्दी भवन को एक बार फिर साहित्यिक गतिविधियों का केन्द्र बनाये और डॉक्टर सुरेन्द्र दूबे की स्मृति को अक्षुण्य बनाये।

सद्गुरू बोधा मृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆हमारे आकर्षण के केंद्र केवल हमारे गुरुजी हैं।

◆ यहाँ भी प्रिया प्रीतम के साथ, वहाँ भी प्रिया प्रीतम के साथ। हमारे जीवन का परम ध्येय ही है उनका सुख, उनका आनंद, तो न यहां (संसार) रहने से बहुत ज्यादा आसक्ति होती है; आसक्ति एक ही जगह है- यहाँ रहे तब भी आसक्ति श्री कृष्ण हैं, स्थानांतरण हो तब भी आसक्ति श्री कृष्ण में हैं। जगह बदल रहा है हमारी आसक्ति नहीं बदल रही। तकलीफ उनको होता है जो जगह, मनुष्य और वस्तु बदलते-बदलते जिनकी आसक्तियां भी बदलती रहती है। जिनको अपने कल्याण की चिंतन सदा रहती है, चिंता नहीं चिंतन ! कल्याण कौन है? शिव; शिव की चिंता नहीं की जाती शिव चिंता करने के लिए बैठे हैं। काशी में जब कोई चला जाता है तो उसके मोक्ष का चिंता शिव करते है कि वो करता है?

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1921 चीन में कम्यूनिस्ट पार्टी का गठन। 1927 भारत के 8वें प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर सिंह का जन्म। 1955 इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया का राष्ट्रीयकरण किया गया और इसे स्टेट बैंक ऑफइंडिया का नाम दिया गया। 1959 जम्मू कश्मीर के दूसरे उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का जन्म। 1960 अफ्रीकी देश घाना को गणराज्य घोषित किया गया। 1964: भारतीय औद्योगिक विकास बैंक की स्थापना 1968 अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और 59 अन्य देशों ने परमाणु हथियारों का प्रसार रोकने के लिए परमाणु अप्रसार संधि पर दस्तख्त किए। 1975 तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 20 सूत्री कार्यक्रम का ऐलान किया। 1991 वारसा संधि भंग की गई। 1995 अमेरिका ने ताइवान के खिलाफ लगे प्रतिबंध को हटाया। 1996 ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी प्रांत में इच्छा मृत्यु कानून विश्व में पहली बार लागू।

संपादकीय

डॉ. संजय शुक्ला

अलबत्ता इस पेशे पर उठ रही उंगलियों के मद्देनजर यह भी विचारणीय है कि आखिरकार डॉक्टर भी समाज का ही हिस्सा है तथा उसकी भी पारिवारिक जिम्मेदारी और जरूरतें हैं लिहाजा नैतिकता और परोपकार की अपेक्षा इसी बिरादरी से क्यों? आखिरकार वर्तमान भौतिकवादी दौर में डॉक्टरों को भी पैसों की जरूरत है लेकिन इन पैसों की कमाई के तरीकों पर जरूर बहस होना चाहिए क्योंकि यह सीधे तौर पर व्यक्ति के सेहत से जुड़ा मसला है। यदि कोई चिकित्सक अपनी योग्यता और कौशल के बल पर इस पेशे की शुचिता और शपथ के मर्यादा में पैसा कमाता है तो यह कतई अनैतिक नहीं है।बहरहाल 'डॉक्टर्स-डे' की सार्थकता तब है जब चिकित्सक अपनी व्यवसायिक दायित्वों के प्रति सजग होकर अपने पेशे को महज कमाई का जरिया न मानते हुए इसे पीड़ित मानव के सेवा का माध्यम भी माने। समाज से भी अपेक्षा है कि वह चिकित्सकों के प्रति संवेदनशील बनें आखिरकार ईश्वर भले ही हमें जीवन देता है लेकिन गंभीर बीमारियों और दुर्घटनाओं के दौरान जीवन की रक्षा तो डॉक्टर ही करता है।

डॉक्टर - मरीज की बीच भरोसे का डोर मजबूत हो

डॉक्टर यानि चिकित्सक को " गॉड ऑफअर्थ" यानि धरती का भगवान कहा गया है।डॉक्टरी पेशा ही एक ऐसा पेशा है जिसकी हमेशा सर्वोच्च सामाजिक प्रतिष्ठा रही है। भारत में पौराणिक काल से लेकर आधुनिक दौर में वैद्यों, हकीमों और डॉक्टरों का व्यवसायिक नजरिए से सम्मानजनक स्थान रहा है। देश के महान चिकित्सक डॉ. बिधानचंद्र राय जिनका जन्मदिन 1 जुलाई है की स्मृति में भारत में प्रतिवर्ष ÷डॉक्टर्स डे÷ मनाया जाता है। डॉ. राय की ख्याति केवल उच्च शिक्षा प्राप्त मेडिकल टीचर और डॉक्टर के तौर पर ही नहीं थी बल्कि उन्होंने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में बतौर सेनानी असहयोग आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। ?डॉ. बिधानचंद्र राय आगे चलकर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री भी बने तथा उन्हें देश के सर्वोच्च अलंकरण ÷ भारत रत्न÷ से नवाजा गया। अलबत्ता स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ते निजीकरण और लचर सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के चलते चिकित्सा जैसा पवित्र पेशा अब अनेक विसंगतियों से जूझने लगा है। बाजारवाद और कार्पोरेट घरानों के भारी निवेश के चलते चिकित्सा का क्षेत्र सेवा की जगह कमाई का जरिया बन रहा है फ्लस्वरूप डॉक्टरों और मरीज के बीच पहले जैसा विश्वास नहीं रहा जो पेशे की अहम कड़ी है। बीते कुछ दशकों के दौरान चिकित्सा क्षेत्र में कुछ ऐसे घटनाएं हुई है उसने डॉक्टरी पेशे की प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा किया है। गौरतलब है कि भारत जैसे कमजोर अर्थव्यवस्था वाले देश में स्वास्थ्य का क्षेत्र शहरी और ग्रामीण तथा अमीर व गरीब के बीच में बंटा हुआ है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में जारी असमानताओं और विसंगतियों के कारण अब डॉक्टर और मरीज के बीच भरोसे का डोर लगातार कमजोर हो रहा है फ्लस्वरूप चिकित्सक और मरीज के परिजनों के बीच हिंसक झड़पों की खबरें आम हो चुकी है। हालांकि सभ्य समाज में ऐसे संघर्ष को कदापि स्वीकार नहीं किया जा लिहाजा आज जरूरत डॉक्टर और मरीज के बीच बढ़ रहे अविश्वास को खत्म करने की जरूरत है इसके लिए समाज और चिकित्सक बिरादरी के बीच संवाद के फासले को कम करना होगा।नैतिक मूल्यों के पतन के वर्तमान दौर में चिकित्सा जैसा मुकद्दस पेशा भी अछूता नहीं है फ्लस्वरूप डॉक्टरों के सफेद कोट यानि एप्रन पर भी दाग के छींटें पड़ने लगे हैं। बीते दौर में निजी अस्पतालों के डॉक्टरों द्वारा अनावश्यक गर्भाशय निकालने, गैरजरूरी सर्जरी करने, धोखेबाजी करके किडनी निकालने, हृदय के धमनियों की सर्जरी के दौरान लगने वाले "स्टेंट" अथवा एंजियोप्लास्टी में घपला करने, लिंग परीक्षण अथवा एबॉर्शन में पैसे ऐंठने, स्मार्ट कार्ड घोटाले में संलिप्तता और पैसों के भुगतान के आड़ में शव को बंधक बनाने जैसी खबरें सामने आई है। आज आमधारणा यह बनती जा रही है डॉक्टर अपने कमीशन और अस्पतालों के भारी-भरकम खर्च जुटाने के लिए मरीजों की गैर जरूरी जांच कराते हैं अथवा भर्ती रखते हैं। इसी प्रकार

आज डाक्टर डे पर विशेष

लोगों का यह भी सोच बन चुका है कि डॉक्टर दवा कंपनियों से मिलने वाले उपहार या सैर-सपाटे के ऐवज में मरीजों को सस्ती दवाओं की जगह महंगे ब्रांडेड दवाएं लिखते हैं। अलबत्ता चिकित्सकों से संबंधित उपरोक्त खबरें और धारणाओं में अर्धसत्य है क्योंकि आज भी अधिकांश चिकित्सक अपने पेशे और प्रतिष्ठा के प्रति संजीदा हैं। दूसरी ओर महज चंद डॉक्टरों के अनैतिक गतिविधियों के चलते समूचे चिकित्सक समुदाय को कठघरे में खड़ा नहीं किया जा सकता। डॉक्टर अपने मरीजों के सेहत और जिंदगी के प्रति कितना फिक्रमंद हैं? इसका उदाहरण हमने बीते वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान देखा जब पूरी दुनिया अपने घरों में तालेबंद थी तब यही चिकित्सक और मेडिकल स्टाफ दिन-रात हजारों मरीजों की सांसों की डोर थामने अपनी जान को दांव पर लगा रहे थे। इस महामारी से संक्रमितों के उपचार के दौरान जहां देश के हजारों डॉक्टर और सहकर्मी कोरोना से संक्रमित हुए वहीं लगभग 1000 डॉक्टरों की मौत इस महामारी से हुई। दरअसल डॉक्टर की जिंदगी में ऐसे क्षण बार - बार आते हैं जब कोई मरीज जिंदगी के लिए निर्णायक संघर्ष करते रहता है तब यह संघर्ष अकेले मरीज का ही नहीं होता है बल्कि इस संघर्ष का अहम हिस्सा उस डॉक्टर का होता है जो मरीज की जिंदगी के लिए खुद जद्दोजहद कर रहा होता है। बीमार को बीमारी और मौत के मुंह से लौटाकर उसे सेहतमंद बनाने और जिंदगी बचाने के असली मायने एक डॉक्टर से बेहतर कोई नहीं जान सकता।

सच्चाई यह है कि हर डॉक्टर मरीज की जान बचाने और उसे तंदुरुस्त रखने की हरसंभव कोशिश करता है ऐसे में यदि किसी मरीज के साथ अनहोनी हो जाए तो चिकित्सक को दोषी ठहराना कत?ई उचित नहीं है। लेकिन अपवाद स्वरूप सच्चाई यह भी है कि कुछ मामलों में डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफकी लापरवाही और उदासीनता भी सामने आई है जिसके चलते मरीजों को अपने जान से हाथ धोना पड़ा है। इन विसंगतियों के मद्देनजर चिकित्सक संगठनों की भी जवाबदेही है कि वह चिकित्सा पेशे की धूमिल होती साख के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं ताकि इस पेशे की प्रतिष्ठा और शुचिता कायम रहे।

भारत जैसे देश में डॉक्टर और मरीज के बीच पनप रहे अविश्वास के लिए सरकार, समाज और चिकित्सक समान रूप से जिम्मेदार हैं। दरअसल देश की सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था शुरूआत से ही उपेक्षा और बदहाली का शिकार रहा है। अभावों से जूझते सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था में काम करने वाले चिकित्सकों और जूनियर डॉक्टर्स सीमित तनख्वाह में अपने परिवार से दूर 24 से 36 घंटे बीमार और गंदगी के बीच लगातार तीमारदारी में जुटे होते हैं। हाल के दिनों में काम के बोझ के चलते डॉक्टरों द्वारा खुदकुशी के मामले भी सामने आए हैं। दूसरी ओर सरकार डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ को सुरक्षा देने में लगातार नाकाम रही है फ्लस्वरूप डॉक्टरों और अस्पतालों पर हमलों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। बहरहाल डॉक्टरी पेशे की धूमिल होती छवि और मरीज और चिकित्सक के बीच बढ़ते फासले को दूर करने के लिए परस्पर संवाद की जरूरत है। अलबत्ता इस पेशे पर उठ रही उंगलियों के मद्देनजर यह भी विचारणीय है कि आखिरकार डॉक्टर भी समाज का ही हिस्सा है तथा उसकी भी पारिवारिक जिम्मेदारी और जरूरतें हैं लिहाजा नैतिकता और परोपकार की अपेक्षा इसी बिरादरी से क्यों? आखिरकार वर्तमान भौतिकवादी दौर में डॉक्टरों को भी पैसों की जरूरत है लेकिन इन पैसों की कमाई के तरीकों पर जरूर बहस होना चाहिए क्योंकि यह सीधे तौर पर व्यक्ति के सेहत से जुड़ा मसला है। यदि कोई चिकित्सक अपनी योग्यता और कौशल के बल पर इस पेशे की शुचिता और शपथ के मर्यादा में पैसा कमाता है तो यह कतई अनैतिक नहीं है।बहरहाल 'डॉक्टर्स-डे' की सार्थकता तब है जब चिकित्सक अपनी व्यवसायिक दायित्वों के प्रति सजग होकर अपने पेशे को महज कमाई का जरिया न मानते हुए इसे पीड़ित मानव के सेवा का माध्यम भी माने। समाज से भी अपेक्षा है कि वह चिकित्सकों के प्रति संवेदनशील बनें आखिरकार ईश्वर भले ही हमें जीवन देता है लेकिन गंभीर बीमारियों और दुर्घटनाओं के दौरान जीवन की रक्षा तो डॉक्टर ही करता है।

डॉ शाहिद अली

बाद में इसका प्रकाशन फिर शुरू हुआ जो आज दैनिक अखबार के रूप में प्रतिष्ठित है। श्री स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी के संपादन में साप्ताहिक महाकौशल का पुनर्प्रकाशन 06 मार्च 1946 से रायपुर से शुरू हुआ। नए कलेवर के साथ शुरू हुए इस पत्र में राजनीति के अलावा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को भरपूर स्थान मिला। श्री स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी इस पत्र में महादेव घाट से एक लोकप्रिय स्तंभ लिखते थे जो अघोर भैरव के नाम से विख्यात था। श्री स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी ने महाकौशल को वर्ष 1951में दैनिक अखबार का स्वरूप दिया जिसकी व्यवस्था का जिम्मा श्री श्यामाचरण शुक्ल ने उठाया।

हिंदी पत्रकारिता के शिरोमणि प.स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी

छत्तीसगढ़ में हिंदी पत्रकारिता का गौरवशाली युग रहा है। इस युग की नींव छत्तीसगढ़ मित्र के शलाका पुरुष प. माधव राव सप्रे ने। शलाका का अर्थ सत्य, अहिंसा, सादगी और पवित्रता है। सप्रे जी की पत्रकारिता के ऐसे रत्न थे जिनकी प्रेरणा और प्रताप से छत्तीसगढ़ की पत्रकारिता का स्वर्णिम युग प्रारम्भ हुआ। ऐसे ही युग के शिरोमणि रहे प.स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी जी, जिनकी आज जयंती है। हिंदी पत्रकारिता के शिरोमणि श्री स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी का जन्म एक जुलाई 1920 को कानपुर के अकोढ़ी ग्राम में हुआ। लेकिन अविभाजित मध्यप्रदेश में छत्तीसगढ़ उनकी कर्मभूमि रही। पंडित स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी एक प्रसिद्ध पत्रकार, साहित्यकार और स्वतंत्रता सेनानी थे। उनके पिता श्री गयाचरण त्रिवेदी भी समाज सेवा और स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय थे। त्रिवेदी जी ने अपनी शिक्षा छत्तीसगढ़ कॉलेज से पूरी की और 1940 में कांग्रेस पार्टी के मुखपत्र ÷कांग्रेस पत्रिका÷ से जुड़े। पत्रकारिता और साहित्य में उनका योगदान अद्वितीय था। राष्ट्रीय आंदोलन की पृष्ठभूमि में जनचेतना के अग्रदूत स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी ने मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में हिंदी साहित्य और पत्रकारिता की एक समृद्ध विरासत को जन्म दिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पं. जवाहर लाल नेहरू, राजेन्द्र बाबू और सरदार वल्लभ भाई पटेल का उनके जीवन में गहरा प्रभाव था। इसलिए राष्ट्रीय आंदोलन की प्रत्येक गतिविधियों से वे जुड़े रहे। अपने पिता की तरह ही उनमें देश की आजादी के लिए मर मिटने की तमन्ना कूट कूट कर भरी हुई थी। बाल्यावस्था में ही साहित्यिक लेखन और पत्रकारिता में उनका जुड़ाव बन गया था। खड़ी बोली हिन्दी में लिखना और अनुवाद में अभिरुचि ने उनके जीवन को एक खास दिशा दी। यही वो दिशा थी जब उनके व्यक्तित्व में एक पत्रकार के साथ-साथ एक कवि, कहानीकार, नाटककार , निबंधकार, व्यंग्यकार जैसे बहुआयामी प्रतिभा का विकास

जन्म जयंती पर विशेष

हुआ। कर्मवीर के संपादक एक भारतीय आत्मा प.माखनलाल चतुर्वेदी का त्रिवेदी जी के व्यक्तित्व निर्माण में काफी प्रभाव रहा। स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी एक निश्छल प्रकृति के सहज एवं स्वाभाविक पीर थे। इसलिए उनके लेखन में स्वतंत्र लेखन और मानव जीवन का समूचा दर्शन होता था। प्रकृति का सौंदर्य बोध उनके जीवन में छलकता था। उनकी अनगिनत साहित्यिक कृतियों में प्रकृति और मनुष्य के भावों का साक्षात्कार देखा जा सकता है। देश की आजादी और नवचेतना की मशाल लेकर चलने वाले स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी का संपूर्ण व्यक्तित्व राष्ट्र के उत्थान के प्रति समर्पित रहा। राष्ट्रशिल्पी स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी के जीवन के चार प्रमुख पड़ाव थे। पहला पड़ाव त्रिवेदी जी ने साप्ताहिक "अग्रदूत" में सहायक संपादक के रूप में काम किया और बाद में इसके सलाहकार संपादक बने। दूसरा पड़ाव उन्होंने पंडित रविशंकर शुक्ल के अनुरोध पर साप्ताहिक "महाकोशल" का संपादन किया और इस पत्र को लोकप्रियता के शिखर तक पहुंचाया। तीसरा पड़ाव त्रिवेदी जी मध्यप्रदेश सरकार के जनसम्पर्क अधिकारी रहे और उपसंचालक के पद से सेवानिवृत्त हुए। चौथा पड़ाव

उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास को अपनी कविताओं में लिखा और कई प्रेरक रचनाएं लिखीं। उनकी कविता "तुम गए मिटे रह गई एक कहने को अमर कहानी है" बहुत प्रसिद्ध है। स्वतंत्रता आंदोलन के लिए 1942 का समय बहुत महत्वपूर्ण था। इस क्रांति काल में समाचार पत्र, पत्रिकाओं के तेवर देखते बनते थे। यही वो समय था जब रायपुर से श्री केशव प्रसाद वर्मा और श्री स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी ने मिलकर साप्ताहिक 'अग्रदूत' का प्रकाशन किया था। 'अग्रदूत' ने फिरंगी हुकूमत को ललकारा और बग़ावत का बिगुल बजा दिया। ब्रिटिश सरकार को अग्रदूत के तेवर पसंद नहीं आए और और इसके संपादकों पर कड़ी निगरानी रखने लगे। 9 अगस्त 1942 को जब महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत हुई तो अग्रदूत ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। भारत छोड़ो आंदोलन के चलते अंग्रेजों ने अग्रदूत के संपादकों श्री केशव प्रसाद वर्मा और श्री स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी के घरों की तलाशी ली और अग्रदूत पर सेंसर लगा दिया।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कुछ करना है

कुछ करना है दुनिया में तो सर उठा के चल ओ कलम के योद्धा तू अक्षर उठा के चल कर दे सत्य के भेद उजागर रच दे एक इतिहास झूठ आडंबर दांत निपोरे करेगा जग परिहास पर हिम्मत के बादशाह तू नज़र उठा के चल ओ कलम के योद्धा तू अक्षर उठा के चल। अपनी बुद्धि औ' विवेक से बातें तोल के बोल तर्क कुतर्क से दूर ही रह पट संवादों के खोल दबे हुए कुचले लोगों के स्वर उठा के चल ओ कलम के योद्धा तू अक्षर उठा के चल। - **आरती कुमारी**

हम छत्तीसगढ़

हम छतीसगढ़ वासी अपने जंगल को तबाह कर देश के उद्योग महानगर को रोशन करेंगे देश के कथित बड़े राज्य के लोगों पता नहीं रहता छतीसगढ़ भारत मे कहाँ है दिल्ली कि फ्री बिजली छत्तीसगढ़ अपने ऑक्सीजन को जलाकर देते है और हम पुरे पैसे कि बिजली उपयोग करते है...

- **अंबर दानी।**

नेक नीयत से से लगा रहा

नेक नीयत से लगा रह, काम करता जा चला दूसरों का कर भला तो, तेरा भी होगा भला भूल मत परमात्मा को, साथ हरदम वो खड़ा करके अच्छा ज़िक्र ना कर फाड़कर कभी गला। - **जे डी कुदाल**

न तो भरे रंग ही उभरे और न ही किसी

न तो भरे रंग ही उभरे और न ही किसी की नज़रें टिकी उफ़्फ़ ! ये कैसी हमने अपनी तस्वीर बनाई लेकिन न तो मुक़द्दर पर हँसे और न ही रोनी सूरत बनाई अपनी ही रौ में बहते रहे और जीते रहे अपनी तन्हाई। - **रामकिशोर उपाध्याय**

यात्राएँ बदल सकती हैं पूरी

यात्राएँ बदल सकती हैं पूरी की पूरी जिंदगी जब कभी निकलो मन की यात्रा पर जालों को निकाल फेंकना मस्तिष्क के कटघरों से! - **सरिता खोवाला**

जी हाँ मैं स्त्री हूँ

जी हाँ, मैं स्त्री हूँ। इस समस्त सृष्टि की, समष्टि हूँ । मैं स्त्री, अपने आधे स से, साधती हूँ, तपस्या, महादेव की। अपने त्र पर, धारती हूँ, त्रिशूल, महादेव का। अपने त्र की, ई की मात्रा से, बनाती हूँ, ईश्वर,महादेव को । मेरा अस्तित्व, समाप्त होते ही, हो जाएंगे, अस्तित्वहीन, महादेव भी। - **अलका अग्रवाल**

यह क्या कि पहलू में शबाब लिय

यह क्या कि पहलू में शबाब लिये बैठे हो, वो आँखें क्या हुई ,जो शराब लिये बैठे हो तुम तो कहते थे इश्क में छू लोगे बुलँदियां, मगर तुम तो खाना खराब किये बैठे हो! इश्क अधूरी तमन्नाओं का नाम है , तुम हो कि सुनहरे ख्वाब लिये बैठे हो इश्क़ है तो दिल से महसूस करो इसको मगर तुम तो इश्क की किताब लिये बैठे हो साजे दिल पे कोई ताज़ा तराने छेड़ो तुम हो कि पुराना हिसाब लिये बैठे हो भुला भी दो अब दिल से माज़ी की कसक को, क्यूँ अपनी जान पे अज़ाब लिये बैठे हो । - **अनु मित्तल**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आपका आज के दिन का अधिकांश समय आराम से व्यतीत होगा। सामाजिक एवं धार्मिक कार्यो में योगदान देने से यश एवं सम्मान की प्राप्ति होगी।

वृषः आज के दिन क्रोध अथवा अहम् की भावना बने बनाये कार्यो पर पानी फेर सकती है इसलिए ख़ास कर व्यावसायिक एव सामाजिक क्षेत्र पर विवेक पूर्ण व्यवहार रखे।

मिथुनः आपका आज का दिन शुभ रहेगा। आज कार्य क्षेत्र पर अनुकूल वातावरण मिलने से उत्साह में वृद्धि होगी।

कर्क : आज के दिन आपको प्रारब्ध अनुसार जितना मिले उसी में संतोष कर लेंगे। परन्तु फिर भी अंदरूनी तौर पर मन में कुछ ना कुछ कमी बनी रहेगी।

सिंह : आज के दिन आप ज्यादा मेहनत करने के पक्ष में नहीं रहेंगे परन्तु पुराने कार्यो अथवा कार्य क्षेत्र पर व्यवस्था बनाने में काफी परिश्रम करना पड़ेगा।

कन्याः आपका आज का दिन अशुभ फलदायी रहेगा आज प्रातः काल में किसी परिजन से तकरार होने के कारण दिन भर मन खिन्न रहेगा।

तुलाः आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहेगा। आज दिन भर शारीरिक रूप से चुस्त बने रहेंगे।

वृश्चिकः आपका आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यवसाय नौकरी में मनचाही उन्नति मिलने से दिन भर प्रसन्न रहेंगे।

धनुः आपका आज का दिन सामान्यतः शुभ ही रहेगा। सेहत छोटी मोटी तकलीफों को छोड़ अनुकूल बनी रहेगी।

मकरः आपका आज का दिन सामान्य रहेगा लेकिन आज सेहत की अनदेखी करना आगे के लिये भारी पड़ सकता है।

कुंभः आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहेगा। आज प्रत्येक क्षेत्र में विरोधी परास्त होंगे। सामाजिक मान-सम्मान बढेगा।

मीनः आज का दिन आपके अनुकूल बीतेगा। प्रातः काल से ही हर परिस्थिति पर आपकी पकड़ रहेगी।

सूर्योदय : 05:40, सूर्यास्त : 07:20, चन्द्रोदय : 10:05, चन्द्रास्त : 23:03,अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : वर्षा, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), मास : आषाढ,पक्ष : शुक्ल, तिथि : षष्ठी, नक्षत्र : पूर्वाफाल्गुनी, योग : व्यतीपात, प्रथम करण : बालव (09:23 तक), द्वितीय करण : कौलव (21:46 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मिथुन,चंद्र : सिंह, मंगल : सिंह (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (उदय, पश्चिम, मार्गी),गुरु : मिथुन (अस्त, पश्चिम, मार्गी),शुक्रः वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी),शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) वधावन ग्रीनफील्ड पोर्ट किस राज्य में विकसित किया गया है?
2) हाल ही में खबरों में देखे गए सोपस्टोन किस प्रकार की चट्टान है?
3) टाइफून मिसाइल सिस्टम किस देश द्वारा विकसित किया गया था?
4) एशिया की सबसे बड़ी खारे पानी की झील कौन-सी है?
5) आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफद ईयर 2024 के लिए प्रतिष्ठित सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया है?

उत्तरमाला- (1) महाराष्ट्र (2) ज्वालामुखीय पत्थर (3) संयुक्त राज्य अमेरिका (4) सांभर झील (5) जसप्रीत बुमराह

शब्द सागर

मुख्यमंत्री से केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री दुबे ने की मुलाकात

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान राज्य में कोयला खनन एवं उत्पादन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में राज्य में कोयला उत्पादन, खनन कार्यों की प्रगति, श्रमिकों से जुड़ी सुविधाओं एवं विकास कार्यों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में कोयला एवं ऊर्जा क्षेत्र में विकास की संभावनाओं को साकार करने में सहायता मिलेगी। श्री साय ने इस दौरान सीएसआर मद की राशि का उपयोग अधिक से अधिक जनकल्याणकारी कार्यों में करने के संबंध में विशेष रूप से चर्चा की।इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, एसईसीएल के मुख्य महाप्रबंधक हरीश दुहन सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

दीपक बैज के आईफोन चोरी पर गरमाई राजनीति

■ **दीपक बैज के फोन चोरी पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कसा तंज**

✷ **बैठक में उनके अपने लोग, संस्कार रखना चाहिए**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन से बैठक के बीच पीसीसी चीफ दीपक बैज का मोबाइल चोरी हो गया। इसे लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कांग्रेस को नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस कार्यालय में बैठक उनके अपने लोगों के बीच हो रही थी, तो मोबाइल कैसे गायब हुआ, इसका जवाब उन्हें खुद देना चाहिए।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पार्टी की अंदरूनी बैठक में पीसीसी चीफ का मोबाइल गायब होना बड़ी बात है. जब अंदर वे इस तरह की गड़बड़ कर रहे हैं, तो जरा सोचिए बाहर और कैसी-कैसी गड़बड़ करते होंगे. कांग्रेसियों को संस्कार रखना होगा।

खड़गे के दौरे को लेकर उपमुख्यमंत्री का बयान - उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे के दौरे पर प्रतिक्रया दी है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक नहीं, बल्की बार-बार सनातनी परंपरा का अपमान किया है. हर एक मूल्यों का अपमान करने वाले व्यक्ति का कोई स्वागत नहीं किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने की अमिताभ जैन की तारीफ - मुख्य सचिव अमिताभ जैन की

भाजपा नेत्री राधिका खेड़ा ने कसा तंज

कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यालय राजीव भवन से पीसीसी चीफ दीपक बैज का मोबाइल रविवार को चोरी हो गया. इस घटना के बाद से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हड़कंप मच गया. भाजपा नेत्री राधिका खेड़ा ने इसे लेकर तंज कसते हुए सवाल खड़े कर दिए हैं. उन्होंने प्रदेश मुख्यालय में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी नहीं होने को लेकर सवाल उठाएं हैं। भाजपा नेत्री राधिका खेड़ा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, सुनने में आया है कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज जी का मोबाइल फोन उनके ही प्रदेश मुख्यालय- रायपुर में चोरी हो गया! चोर को पकड़ने की कोशिश की तो सामने आया कि मुख्यालय में सीसीटीवी कैमरा नहीं हैं! उन्होंने आगे लिखा कि वैसे, यह कोई नई बात नहीं जब मुझे इसी छतीसगढ़ कांग्रेस मुख्यालय में बंद किया गया था, तब भी सीसीटीवी नहीं था।राधिका खेड़ा ने प्रदेश मुख्यालय की सुरक्षा पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसे में साल तो उठा है कि कांग्रेस मुख्यालय में कैमरे क्यों नहीं हैं? कका के 5 साल के ऐसे क्या काले कारनामे इस मुख्यालय में छिपे हैं ?

■ न्यूज गैलरी

राज्यपाल से राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य ने की भेंट

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में सदस्य राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड, भारत सरकार अमर परवानी ने सौजन्य भेंट की।

राज्यपाल से विधायक शर्मा ने भेंट की

रायपुर /नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में धरसींवा क्षेत्र के विधायक अनुज शर्मा ने सौजन्य भेंट की।

राज्यपाल से बारले ने की भेंट

रायपुर /नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में पद्मश्री से सम्मानित उषा बारले ने सौजन्य भेंट की।

राज्यपाल से छत्तीसगढ़ ब्राम्हण समाज के पदाधिकारियों ने की भेंट

रायपुर /नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने भेंट की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, डॉ. मेघेश तिवारी,अविनाश शुक्ला,भूपेंन्द्र शर्मा, संजय दीवान उपस्थित थे।

प्रदेश में मानसून मेहरबान भारी बारिश की संभावना

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में सोमवार को सुबह से हल्की बारिश हो रही है. छत्तीसगढ़ में मॉनसून अब पूरे जोर पर है. आज से मानसूनी गतिविधि बढ़ने की संभावना जताई गई है। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। कुछ जगहों पर गरज-चमक के साथ भारी वर्षा के भी आसार हैं। पिछले 24 घंटों में प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हुई. इसके साथ ही बलरामपुर जिले में एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा दर्ज की गई. इस दौरान प्रदेश में सबसे ज्यादा तापमान 31 डिग्री पेण्ड्रा रोड में और सबसे कम तापमान 19.7 डिग्री राजनांदगांव में दर्ज किया गया।मौसम प्रणालियां - मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि एक निम्न का क्षेत्र उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश तट के पास स्थित है। इसके साथ उपरि हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है, जो धीरे-धीरे पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए उत्तर उड़ीसा, गंगेटिक, पश्चिम बंगाल और झारखंड की ओर अगले दो दिनों तक आगे बढ़ने की संभावना है।

शराब घोटाला मामला : पूर्व मंत्री कवासी लखमा के खिलाफ 1100 पन्नों की चार्जशीट पेश

रायपुर /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के 2161 करोड़ के शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के खिलाफ आज ईओडब्ल्यू ने चौथा पूरक चालान पेश किया. विशेष कोर्ट में 1100 पन्नों का चालान पेश किया गया. इस चार्जशीट में लखमा की अहम भूमिका का उल्लेख किया गया है. इसमें 66 पेज की समरी में प्रकरण का ब्योरा दिया गया है.

21 जनवरी से जेल में हैं कवासी लखमा

गौरतलब है कि शराब घोटाले मामले में श्वष्ठ ने 15 जनवरी को कवासी लखमा को गिरफ्तार किया था। इससे पहले उनसे 2 बार श्वष्ठ दफ्तर बुलाकर पूछताछ की गई थी। पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को गिरफ्तार करने से पहले श्वष्ठ ने उन्हें 7 दिन कस्टोडियल रिमांड में लेकर पूछताछ की थी। उसके बाद 21 जनवरी से 4 फरवरी तक लखमा को 14 दिन के न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। पिछली सुनवाई के दौरान जेल में पर्याप्त सुरक्षा बल नहीं होने के कारण लखमा की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने लखमा की 18 फरवरी तक रिमांड बढ़ा दी थी।

क्या है शराब घोटाला?

तत्कालीन भूपेश सरकार में पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, उनके बेटे यश टुटेजा और ष्ट्रू सचिवालय की तत्कालीन उपसचिव सौम्या चौरसिया के खिलाफ आयकर विभाग ने दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में 11 मई, 2022 को याचिका दायर की थी, जिसमें कहा गया कि छत्तीसगढ़ में रिश्वत, अवैध दलाली के बेहिसाब पैसे का खेल चल रहा है. इसमें रायपुर महापौर रहे एजाज ढेबर का भाई अनवर ढेबर अवैध वसूली करता है। दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में दायर याचिका के आधार पर श्वष्ठ ने 18 नवंबर, 2022 को पीएमएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था. आयकर विभाग से मिले दस्तावेजों के आधार पर श्वष्ठ ने जांच के बाद 2161 करोड़ के घोटाले की बात का कोर्ट में पेश चार्जशीट में जिक्र किया था। ईडी ने अपनी चार्जशीट में बताया कि किस तरह एजाज ढेबर के भाई अनवर ढेबर के आपराधिक सिंडिकेट के ज़रिए आबकारी विभाग में बड़े पैमाने पर घोटाला किया गया। ईडी ने चार्जशीट में कहा कि 2017 में आबकारी नीति में संशोधन कर सीएसएमसीएल के ज़रिए शराब बेचने का प्रावधान किया गया, लेकिन 2019 के बाद शराब घोटाले के किंगपिन अनवर ढेबर ने अरुणपति त्रिपाठी को सीएसएमसीएल का एमडी नियुक्त कराया।

बिहार चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी की पर्यवेक्षकों की सूची

✷**सीजी-एमपी के नेता संभालेंगे चुनावी मोर्चा**

रायपुर /नवप्रदेश । बिहार में आगामी समय में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में पार्टी ने अपनी चुनावी रणनीति तैयार करने 58 ऑब्जर्वरों की लिस्ट जारी कर दी है। कांग्रेस ने मध्य प्रदेश के 4 नेताओं पर भरोसा जताया है। वहीं छत्तीसगढ़ से 4 लीडर को इसमें जगह मिली है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने ऑब्जर्वर्स की सूची जारी की है। इसके मुताबिक, मध्य प्रदेश विधान सभा के पूर्व सदस्य प्रियव्रत सिंह और भोपाल विधायक आरिफ मसूद, विधायक पंकज उपाध्याय और अनुपमा आचार्य को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं छत्तीसगढ़ से पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, पूर्व विधायक शैलेश पांडेय, संगठन से जुड़े दीपक मिश्रा और वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर बघेल का नाम शामिल है।

बूथ मैनेजमेंट और कार्यकर्ता एकजुटता पर रहेगा फोकस-इन पर्यवेक्षकों को खासतौर पर बूथ मैनेजमेंट को बेहतर करने, स्थानीय कार्यकर्ताओं को एकजुट करने और कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने की दिशा में काम करना होगा।

शहर के सितारा होटलों में पुलिस आबकारी विभाग की दबिश

■ **कोर्टयार्ड मैरियट, मयूरा, महिंद्रा और ली रॉय ओपन बार खुले पिला रहे थे शराब**

रायपुर/नवप्रदेश । अपने राजनीतिक रसूख के आड़ में दबंगई कर रहे सितारा होटलों पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। राजधानी के दो दर्जन से ज्यादा बार-रेस्टोरेंट और होटलों में पिछले दो दिनों में पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने दबिश दी। दबिश के दौरान बार-रेस्टोरेंट से शराब व बीयर की बोतल बेचे जाने की पुष्टि हुई, जिसकी शिकायत लंबे समय से मिल रही थी. इस दबिश में बड़े स्टार होटल, रेस्टोरेंट व बार शामिल हैं, जिनके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है. मालूम हो कि नियमानुसार बार-रेस्टोरेंट और होटल को स्नैक्स, भोजन के साथ शराब पिलाने का लाइसेंस मिला है, न कि बेचने का, लेकिन अधिकांश बार-रेस्टोरेंट व होटलों में रातभर सील टाइट बोतल महंगे दाम पर बेची जा रही है। यह काम अमूमन बार-रेस्टोरेंट, होटल बंद होने के बाद पिछले दरवाजे से हो रहा है, जो रातभर चलता है, जिसकी लंबे समय से शिकायत मिल रही थी।

इसी कड़ी में पुलिस और आबकारी विभाग ने गत शुक्रवार 27 जून को सूर्या बार, होटल ओलिव, सेंट्रल पाइंट, महिंद्रा और ली रॉय में दबिश दी। सूर्या वार निर्धारित समय के बाद भी खुला मिला और पांचों बार-रेस्टोरेंट शराब-बीयर की बिक्री करते पाए गए। इसी कड़ी में दूसरे दिन शनिवार 28 जन को फिर एलोरा इशिका और सुधा रीजेंसी में दबिश दी गई. यहां भी शराब की बिक्री पकड़ी गई. एक होटल को-पाइको में बिना लाइसेंस के ही शराब पिलाते पकड़ा गया. इस तरह चारों होटलों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया. इसके अलावा भी राजधानी के कोर्टयार्ड मैरियट, होटल पुनीत, सेंट्रल पॉइंट, आदित्य, विनार, सवेरा, सालिटायर, मयूरा, सतलज, आर्किड, कोया, जूक, एल्सव्हेयर, हाइपर क्लब, धूम्स विलेज और वीआईपी रोड के अन्य होटल-रेस्टोरेंट की जांच की गई. इन होटलों में भी बिक्री और गड़बड़ियां पाई गई हैं, जिस पर विभागीय प्रकरण दर्ज किया गया है. इसमें होटल कोर्टयार्ड मैरिएट के बार में निरीक्षण पुस्तिका और स्टॉक रजिस्टार प्रस्तुत नहीं किया गया और निर्धारित समय के बाद भी बार खुला रहा, जिसके खिलाफ कार्रवाई की गई।

आउटर के ढाबों में भी दबिश की जरूरत-जिन बार रेस्टोरेंट में खुलेआम महंगी कीमत पर शराब-बीयर की बिक्री की जा रही थी, इसकी शिकायत लंबे समय से मिल रही थी.

अधूरे स्काईवॉक का आठ साल बाद फिर शुरू हुआ निर्माण कार्य

रायपुर /नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में शास्त्री चौक से जयस्तंभ चौक व अंबेडकर अस्पताल चौक के बीच 8 साल से अधूरे स्काईवॉक (फुटओवरब्रिज) का निर्माण कार्य अब शुरू होने जा रहा है. अंबडेकर अस्पताल के पास अस्थाई कार्यालय बनाने के बाद रविवार को निर्माण एजेंसी के कुछ कर्मचारी व इंजीनियर सीढ़ियों के सहारे स्काईवॉक के ढांचे पर चढ़कर मुआयना करते दिखे. वहीं, भिलाई में भी स्काईवॉक के कुछ स्ट्रक्चर का निर्माण भी शुरू कर दिया गया है। स्काईवॉक के अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए रायपुर की एजेंसी पीएसएए कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड को ठेका दिया गया है। अनुबंध व कायदिश जारी होने के बाद निर्माण का काम शुरू किया जा रहा है।

ढांचे का किया जा रहा परीक्षण-लंबे समय से निर्माण कार्य अधूरा होने तथा देखरेख के अभाव में स्काईवॉक का ढांचा जर्जर होने लगा है. आशंका जताई जा रही है कि लोहे के गर्डर सहित कुछ अन्य निर्माण सामग्रियां खराब हो रही हैं। इसे देखते हुए पहले स्काईवॉक के स्ट्रक्चर का परीक्षण किया जा रहा है। मुख्य अभियंता द्वारा गठित समिति द्वारा पिछले स्काईवॉक का स्थल निरीक्षण किया जा चुका है. प्रतिवेदन में स्ट्रक्चर के सभी भागों में निर्माणाधीन स्ट्रक्चर का स्टील/नट बोल्ट इत्यादि की स्थिति संतोषप्रद बताई गई है। वेल्डिंग वाले स्थानों पर खुले वातावरण में रहने के कारण जंग लगना प्रारंभ हो गया है।

50 करोड़ रुपए हो चुके खर्च

स्काईवॉक के स्ट्रक्चर का लगभग 60 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इस पर अभी तक लगभग 50 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं. अभी 40 प्रतिशत निर्माण कार्य बाकी है. स्काईवॉक पिछले 8 साल से अधूरा पड़ा हुआ है. कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में काम पूरी तरह से उप हो गया था।

रिश्तों में खटास आने पर होता है अलगाव: विशाखा

■ **रोहिणीपुरम महिला केंद्र की मासिक बैठक में प्रेरक संबोधनों के साथ निशानेबाजी की मस्ती भी**

रायपुर/नवप्रदेश । हमारा समाज उस नाजुक दौर से गुजर रहा है, जिसमें छोटी सी खटास जीवन के खूबसूरत रंग को ही बदरंग कर देती है, जैसे दूध में पानी मिलाने पर दोनों एक-दूसरे में घुलकर मिल जाते हैं। अब इसी दूध में खटास की कुछ बूंदें डाल दी जाए तो दूध और पानी अलग- अलग हो जाते हैं। इसी तरह रिश्तों में भी अगर कुछ खटास आ जाए तो नतीजा दूध और पानी की तरह अलगाव वाला हो जाता है। रचना रविंद्र ठेंगडी के घर पर आयोजित महाराष्ट्र मंडल के रोहिणीपुरम महिला केंद्र की मासिक बैठक में इस आशय के विचार महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने व्यक्त किए।

विशाखा ने कहा कि अगर हम एकजुट होकर आपसी लगाव, विश्वास और समर्पण के साथ रहेंगे, तो हमारा परिवार भी सशक्त होगा और हम अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दे सकेंगे। हमारा परिवार जितना एकजुट होगा, हम उतना ही ज्यादा समय अपने समाज को भी दे सकेंगे और जनसेवा के कई कार्य कर सकेंगे।

उपाध्यक्ष गीता दलाल ने महाराष्ट्र मंडल के भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को मंडल की आपुलकी योजना शुरू करने की तैयारी है। इस योजना को फलीभूत करने के लिए समता कॉलोनी स्थित दिव्यांग बालिका विकास गृह के लगभग तीन दशक पुराने भवन के रिनोवेशन का काम तेजी से जारी है। नए अत्याधुनिक सुविधाओं वाले भवन में न केवल दिव्यांग बच्चियों को ऐसी अनेक सुविधाएं भी मिलने लगेंगी, जो अब तक उन्हें नहीं मिल रही थी, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए डे केयर सेंटर की तर्ज पर चलने वाली आपुलकी योजना भी नए दिव्यांग बालिका विकास गृह में ही संचालित होगी। गीता के मुताबिक इस योजना को धरातल पर लाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। इसके लिए हमें दिव्यांग बालिका विकास गृह भवन के रिनोवेशन के लिए मुक्त हस्त से आर्थिक सहित हर तरह का सहयोग करना चाहिए। साथ ही अपने परिचितों, निकटस्थ लोगों को भी दान देने के लिए प्रेरित करना चाहिए। हमें विश्वास है कि आप सभी के सहयोगात?मक रवैये के कारण आपुलकी योजना के रूप में महाराष?ट्र मंडल को एक और पहचान मिलेगी।

रोहिणीपुरम केंद्र की सदस्य और स्वावलंबन समिति की प्रमुख शताब्दी पांडे ने सभी सदस्यों को अपनी समिति की कार्ययोजनाओं की बारे में बताया। उन्होंने कहा कि समिति अब महाराष्ट्र मंडल की युवतियों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य करने जा रही है।

प्रदेश में अब तक 142.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 142.4 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 293.7 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 67.4 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार सरगुजा में 125.8 मि.मी., सूरजपुर में 177.7 मि.मी., जशपुर में 284.8 मि.मी., कोरिया में 221.0 मि.मी. और मनेन्द्रग?-चिरमिरी-भरतपुर में 142.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर जिले में 123.1 मि.मी. बलौदाबाजार में 154.7 मि.मी., गरियाबंद में 142.1 मि.मी., महासमुंद में 129.3 मि.मी. और धमतरी में 114.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

बिलासपुर में 87.9 मि.मी., मुंगेली में 109.7 मि.मी., रायगढ़ में 187.9 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 113.6 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 152.2 मि.मी., सक्ती में 83.2 मि.मी. कोरबा में 141.2 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 138.5 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड हुई है।

न्यूज गैलरी

रात्रिकालीन भोजन एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था करने हेतु द्वितीय निविदा 15 जुलाई तक आमंत्रित

नारायणपुर/ नवप्रदेश । जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी एजुकेशन हब, गरांजी में संचालित कौशल विकास प्रशिक्षण के दौरान आवासीय प्रशिक्षणरत् (बालक, बालिका) हितग्राहियों को प्रशिक्षण अवधि में दोपहर और रात्रिकालिन भोजन एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था करने हेतु नारायणपुर जिले के इच्छुक पंजीकृत महिला स्व-सहायता समूहों से मोहर बन्द द्वितीय निविदा 15 जुलाई 2025 अपरान्ह 01 बजे तक आमंत्रित की गई हैं। निविदा के प्रपत्र, नियम एवं शर्तें तथा विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी, एजुकेशन हब, गरांजी नारायणपुर के सूचना पटल एवं httpsN//www.narayanpur.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

....

जिले में अब तक 105.7 मिलीमीटर औसत वर्षा

नारायणपुर/ नवप्रदेश । कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने बरसात के दिनों में सतर्कता बरतने के लिए सभी एसडीएम, तहसीलदारों को निर्देशित किया है, साथ ही वर्षा मापी यंत्र को दुरुस्त रखने के निर्देश दिये हैं। अधीक्षक भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार नारायणपुर जिले में 30 जून तक 105.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील नारायणपुर में 24 मिलीमीटर, छोटेडोंगर में 27.8 मिलीमीटर, ओरछा में 17.6 मिलीमीटर और कोहकामेटा में 18.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। चालू मानसून के दौरान जिले में 01 जून से अब तक 105.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

माँ दंतेश्वरी कॉरिडोर में 'आरसेटी बाजार' का आयोजन

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। विगत दिवस मां दन्तेवष्वरी मंदिर प्रांगण में आरसेटी बाजार का आयोजन किया गया था। जिसमें अगरबत्ती, धूप बत्ती, मच्छर अगरबत्ती, साबुन, हैंडवाश का प्रदर्शनी कर विक्रय किया गया। ज्ञात हो कि भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) दंतेवाड़ा द्वारा 12 दिवसीय घरेलू अगरबत्ती निर्माण का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। जिसमें जिले के विभिन्न ग्राम के महिलाओं ने इस प्रशिक्षण का लाभ उठाया। प्रशिक्षण के दौरान कई प्रकार के सुगंधित अगरबत्ती, धूपबत्ती, मच्छर अगरबत्ती, एवं साबुन, वाशिंग पाउडर बनाने हेतु प्रशिक्षण प्रदाय किया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं में आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए उत्साहित नजर आई। उक्त प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर पंकज कुमार साहू द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को अपने उत्पाद को विक्रय किये जाने, संस्थान के डायरेक्टर एम. आर. राजू ने महिलाओं को सफल उद्यमी बनने हेतु बैंकिंग सम्बंधित जानकारी, बैंक से लोन प्राप्त कर व्यवसाय को बढ़ाने, के संबंध में जानकारी दिया।

आस्था विद्या मंदिर, जावंगा में रिक्त पदों हेतु इंटरव्यू के आधार पर वरीयता सूची जारी

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश ।। आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल, जावंगा द्वारा विभिन्न शैक्षणिक एवं चिकित्सा पदों की पूर्ति हेतु दिनांक 14 जून 2025 को आयोजित वॉक-इन-इंटरव्यू के आधार पर पीजीटी (अंग्रेजी), टीजीटी (विज्ञान व हिन्दी) एवं स्टाफ नर्स (महिला) पदों के लिए वरीयता सूची प्रकाशित कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी उक्त सूची के विरुद्ध यदि कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना चाहें, तो वे दिनांक 04 जुलाई 2025 तक कार्यालयीन समय में अपने लिखित आवेदन के साथ प्राचार्य, आस्था विद्या मंदिर, जावंगा (विकासखंड-गीदम) के कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते हैं। वरीयता सूची दंतेवाड़ा जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी वेबसाइट पर अवलोकन कर सकते है।

आम आदमी पार्टी ने बीजापुर में फर्जी मुठभेड़ का लगाया आरोप

प्रेस वार्ता कर भाजपा सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

न्यायिक जांच और मुआवजे की मांग

बीजापुर/ नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी (आप) के एक जांच दल ने शुक्रवार (28 जून, 2025) को बीजापुर के इर्पागुट्टा गांव का दौरा कर आरोप लगाया कि पुलिस ने महेश कुड़ियाम नामक एक ग्रामीण को 1 लाख रुपये का इनामी माओवादी बताकर एक फर्जी मुठभेड़ में मार दिया। जांच दल ने मृतक की पत्नी, सात बच्चों और गांव वालों से मुलाकात कर मामले से जुड़े तथ्य जुटाए।

जांच समिति की अध्यक्ष और अधिवक्ता प्रियंका शुक्ला ने इस घटना को एक फर्जी मुठभेड करार देते हुए साफकहा कि महेश कुड़ियाम कोई माओवादी नहीं था। उन्होंने इस पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच, पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा, मृतक के बच्चों की पढ़ाई और परवरिश की जिम्मेदारी सरकार द्वारा उठाने, और महेश की पत्नी को सरकारी नौकरी देने की मांग की है।

जांच दल के खुलासेः ग्रामीण, पत्नी और दस्तावेजों ने महेश को निर्दोष बताया है।

गायब होने से मौत तकः महेश की पत्नी सुमित्रा कुड़ियाम ने बताया कि 6 जून, 2025 को महेश अपनी भैंस ढूंढने गांव के पास के जंगल गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। 7 जून को मेटा दिनेश नामक एक व्यक्ति ने गांव वालों को बताया कि उसने पुलिस द्वारा एक व्यक्ति को हाथ बांधकर देखा था। इसके बाद 8 जून को गांव वाले बीजापुर थाने पहुंचे, जहां उन्हें महेश की तस्वीर दिखाकर बताया गया कि उसे मार दिया गया है और उसे नक्सली घोषित किया गया है। बाद में महेश का शव परिजनों को सौंप दिया गया।

ग्रामीणों की एक ही आवाज़ः गांव वालों, परिवार के सदस्यों और स्कूल कर्मचारियों ने एक सुर में कहा कि महेश कुड़ियाम कभी भी नक्सली नहीं था, न ही वह किसी ऐसी गतिविधि में शामिल रहा। सभी ने उसे

एक आम आदिवासी किसान बताया, जो घटना वाले दिन भी अपने रोजमर्रा के काम पर निकला था।

स्कूल रसोइया और सात बच्चों का पिताः महेश 2023 से स्कूल में रसोइए का काम कर रहा था और लोग उसे ईमानदार व मेहनती बताते हैं। सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह है कि महेश के सात बच्चे हैं, जिनमें सबसे बड़ा लगभग 12 वर्ष का और सबसे छोटा केवल 6 माह का है। जांच दल ने सवाल उठाया कि जिसके सात छोटे बच्चे हों, वह 1 लाख रुपये का इनामी माओवादी कैसे हो सकता है, यह बात समझ से परे है।

दस्तावेजी प्रमाणः जांच दल द्वारा महेश और उसकी पत्नी के आधार कार्ड, राशन कार्ड और बैंक खातों जैसे दस्तावेजों की जांच से भी यही पता चला कि वह एक सामान्य ग्रामीण जीवन जी रहा था और उसके खाते में हर महीने वेतन भी आता था।

सारकेगुड़ा और एड्समेटा का हवाला, सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग-आम आदमी पार्टी के नेताओं ने बीजापुर में पूर्व में हुई कथित फर्जी मुठभेड़ों, जैसे सारकेगुड़ा और एड्समेटा की घटनाओं का हवाला देते हुए सरकार से इस मामले को गंभीरता से लेने का आग्रह किया। उन्होंने याद दिलाया कि उन घटनाओं की न्यायिक जांच रिपोर्ट में भी यह साबित हुआ था कि वे फर्जी थीं और उनमें निर्दोष आदिवासी किसान मारे गए थे।आप नेताओं ने वर्तमान विष्णुदेव साय सरकार से इर्पागुट्टा मामले में तत्काल न्यायिक जांच आयोग का गठन करने, पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा देने, मृतक महेश के सभी बच्चों की पढ़ाई और परवरिश की जिम्मेदारी लेने, और महेश की पत्नी को सरकारी नौकरी देने की मांग की।

आदिवासी विस्थापन और जल, जंगल, जमीन का मुद्दा

जांच दल ने सलवा जुडूम के बाद विस्थापित हुए ग्रामीणों को वापस बसाने के सरकार के वादे पर भी सवाल उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि हसदेव, रायगढ़ और बस्तर जैसे क्षेत्रों में आदिवासियों को उनकी जमीनों से उजाड़ने का अभियान चल रहा है। उन्होंने कहा कि बस्तर में आदिवासियों को बसाने की बात छोड़कर, यहां भी अडानी जैसे पूंजीपतियों को जल, जंगल और जमीन बेची जा रही है, जिसे तुरंत रोका जाना चाहिए।

इस मामले में जांच दल के सदस्यों, जिनमें प्रियंका शुक्ला (प्रदेश उपाध्यक्ष), बल्लू भवानी (प्रदेश उपाध्यक्ष), समीर खान (प्रदेश संगठन मंत्री), मिथिलेश बघेल (प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग), नरेंद्र नाग (लोकसभा अध्यक्ष, बस्तर), अनिल दुर्गम (जिला अध्यक्ष, बीजापुर), सतीश मंडावी (जिला सचिव, बीजापुर), राकेश कश्यप (ब्लॉक अध्यक्ष) और संदीप गोटा (ब्लॉक अध्यक्ष) शामिल थे, ने पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर से मिलने का प्रयास किया और पुलिस अधीक्षक के नाम एक लिखित ज्ञापन भी सौंपा।

पुलिस के हत्थे चढ़े फर्जी कम्पनी के नाम से ठगी करने वाले आरोपी पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार

नारायणपुर/ नवप्रदेश । रायल पेन्टागन आक्सन हाऊस कंपनी एवं गोल्ड बांड के नाम पर भुपेन्द्र नेगी निवासी सिंगोड़ीतरई नारायणपुर से 53,01,499/- (तिरपन लाख एक हजार चार सौ निन्यान्बे रूपये) छल कर राशि हड़पने के मामले में एक अन्य आरोपी जमाल इस्लाम निवासी कोलकाता पष्चिम बंगाल को पकड़ने में नारायणपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता मिली।

ज्ञात हो कि माह जून 2022 में प्रार्थी भूपेन्द्र नेगी पिता कैलाश नेगी निवासी सिंगोड़ीतराई नारायणपुर के घर आकर स्वयं को रायल पेन्टागन आक्सन हाऊस बैंगलोर एवं कोलकाता की कंपनी का उच्च अधिकारी बताते हुए आरोपी किशोर गुहा निवासी जगदलपुर, मनीष तेलाम निवासी बीजापुर, अशोक देहारी कांकेर एवं महेश कोरसा निवासी बीजापुर ने पीड़ित भूपेन्द्र नेगी को छल, प्रवंचना कर बेईमानी पूर्वक प्रलोभन देकर दुगुना राशि दिलाये जाने का झांसा देकर 2022 से

फरवरी 2025 कुल 53,01,499/- (तिरपन लाख एक हजार चार सौ निन्यान्बे रूपये) राशि अंतरित कराया गया।

प्रार्थी भुपेन्द्र नेगी की रिपोर्ट पर थाना नारायणपुर में अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया पुलिस अधीक्षक नारायणपुर श्री प्रभात कुमार (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राबिनसन गुड़िया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुशील कुमार नायक के कुशल मार्गदर्शन में प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए उप पुलिस अधीक्षक डा0 प्रशांत देंवागन के पर्यवेक्षण में श्री सुरेन्द्र चन्द्र यादव निरीक्षक-थाना प्रभारी नारायणपुर एवं संजय टोप्पो उप निरीक्षक के नेतृत्व में सायबर सेल से टीम गठित कर मामले के फरार आरोपियों की लगातार पतासाजी की जा रही थी।

प्रकरण में साइबर सेल की मदद से फरार आरोपियों किशोर गुहा को रायपुर से एव किशोर देहारी, मनीष तेलाम एवं महेष कोरसा को गीदम से गिरफ्तार किया गया जा चुका हैं। मुख्य आरोपी किशोरगुहा के द्वारा आरोपी जमाल इस्लाम को उक्त कंपनी मे कोआर्डिनेटर होना एवं पैसे दुगनी करने के इस फर्जीवाडे मे शामिल रहना बताया गया था जिसके बाद से आरोपी जमाल की पता साजी जारी थी।

आरोपी घटना के बाद से ही दीगर राज्य मे था जिसका तकनीकी माध्यम से सायबर सेल टीम के द्वारा पता लगाकर नारायणपुर पुलिस की गठित विशेष टीम द्वारा पष्चिम बंगाल कोलकाता के चिन्हाकित जगहों पर दबिश देकर घेराबंदी कर प्रकरण के आरोपी जमाल इस्लाम पिता निवासी कलकत्ता को पकड़ा गया। आरोपी द्वारा पूछताछ करने पर प्रकरण मे गिरफ्तार आरोपियो के साथ मिलकर प्रार्थी को गोल्ड बांड में रकम दुगनी करने का झांसा देकर निवेष कराने की बात को स्वीकार करते हुए अपराध कबुल करने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

गिरफ्तार आरोपीः-

1. जमाल इस्लाम पिता सिराजुल इस्लाम उम्र 38 वर्ष निवासी जायपूल पष्चिमपारा नार्थ 24 परगना कोलकाता पष्चिम बंगाल।

आपराधिक प्रकरणः थाना नारायणपुर के अपराध क्रमांक 25/2025 धारा 318(4), 336(3), 338 बीएनएस 66-डी आईटी एक्ट ।

सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह भदौरिया से छ.ग. महिला आयोग की सदस्या एवं युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष दीपिका सोरी ने की भेंट

क्षेत्रीय विकास व संगठनात्मक मजबूती पर हुई विस्तृत चर्चा

सुकमा//बस्तर। लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद प्रतिनिधि एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अरुण सिंह भदौरिया से आज छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्या एवं भाजपा युवा मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष दीपिका सोरी ने उनके निज निवास पर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर दोनों जनप्रतिनिधियों के मध्य क्षेत्रीय विकास, महिला सशक्तिकरण और संगठन को मजबूत बनाने को लेकर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई।

मुलाकात के दौरान दीपिका सोरी ने सुकमा सहित पूरे बस्तर लोकसभा क्षेत्र में महिलाओं के उत्थान एवं कल्याण हेतु चल रहे विभिन्न योजनाओं और प्रस्तावों पर विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने महिला सुरक्षा, शिक्षा, स्वरोजगार तथा स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर अपनी प्राथमिकताएँ बताते हुए इन पर सांसद प्रतिनिधि भदौरिया से सहयोग और मार्गदर्शनका अनुरोध किया।अरुण सिंह भदौरिया ने सोरी का आत्मीय स्वागत करते हुए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास एवं संगठन की मजबूती के लिए निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में विकास की गंगा बहेगी और समाज के सभी वर्गों को इसका लाभ मिलेगा। अरुण सिँह भदौरिया ने महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता जताई और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

प्रधानमंत्री ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत ग्राम बड़े तुमनार में जन-जागरूकता एवं संतृप्ति शिविर आयोजित

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। प्रधानमंत्री ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत 15 जून से 30 जून 2025 तक जिले के ग्राम पंचायत स्तर पर चलाए जा रहे जन-जागरूकता एवं संतृप्ति शिविरों की श्रृंखला में आज द 30 जून को विकासखंड गीदम के ग्राम पंचायत बड़े तुमनार में शिविर संपन्न हुआ।

इस विशेष शिविर का उद्देश्य ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के पात्र हितग्राहियों को विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना था। शिविर के माध्यम से आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, वृद्धा एवं दिव्यांग पेंशन योजना तथा जनधन खाता बीमा योजना जैसे सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर

पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्री चैतराम अटामी,जनपद सदस्य श्रीमती सुभद्रा क्षत्रिय, ग्राम पंचायत बड़े तुमनार एवं आसपास की पंचायतों के सरपंचगण, जनपद सदस्यगण, जनपद पंचायत गीदम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बलराम ध्रुव, मंडल संयोजक श्री रविन्द्र टिकम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में ग्रामीणों की भारी उपस्थिति देखी गई। सैकड़ों की संख्या में हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन किया तथा मौके पर ही कई लाभ भी प्रदान किए गए।

इरकभट्टी के 55 परिवारों को हर घर नल कनेक्शन के माध्यम से मिल रहा पेयजल

नारायणपुर 30/ नवप्रदेश। नियद नेल्लानार योजना प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा शुरू की गई एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य राज्य के पिछड़े और दूरदराज के इलाकों में बसे ग्रामीण और आदिवासी समुदायों के जीवन स्तर को सुधारना है। योजना का मुख्य फोकस इन क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं के विकास पर है। इसका क्रियान्वयन विशेष रूप से वनांचल क्षेत्रों में किया जा रहा है, जहां विकास की गति अपेक्षाकृत धीमी रही है। इसी के तहत् नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में स्थित अति संवेदनशील क्षेत्र ग्राम इरकभट्टी, जो घने जंगलों और दुर्गम रास्तों से घिरा हुआ है, अब विकास की

नई कहानी लिख रहा है। नियद नेलानार योजना के तहत् इस गांव को मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित करने का कार्य किया जा रहा है। भारत सरकार की जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत यहां की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का स्थायी समाधान किया गया है। गांव में 3 हजार 850 मीटर पाइपलाइन बिछाई गई है, साथ ही 10 हजार 000 लीटर क्षमता वाले 9 मीटर ऊंचे स्टेजिंग पर आधारित 4 सोलर जल संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इनसे अब गांव के 55 परिवारों को हर घर नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल की नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

इससे पहले गांव में मात्र 5 हैंडपंप थे, जो पारा मोहल्लों की जरूरतों को पूरा नहीं कर पाते थे। जल की कमी से खासकर महिलाओं को कई किलोमीटर दूर से पानी लाने की कठिनाई झेलनी पड़ती थी। अब जल जीवन मिशन के माध्यम से न केवल गांव की तस्वीर बदली है, बल्कि महिलाओं का जीवन भी सहज और सम्मानजनक बना है।

पेज 1 का शेष

कृषक उन्नत योजना का...

के रूप में विकसित होगा तथा निर्यात अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी।

मंत्रिपरिषद द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राज्य के कुछ कानूनों के प्रावधानों का गैर-अपराधीकरण करने के लिए छत्तीसगढ़ जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। जन विश्वास विधेयक से व्यवसाय व जीवनयापन में सहजता बढ़ेगी। अनावश्यक न्यायालयीन प्रकरणों और उनमें होने वाले व्यय में कमी आएगी।

मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के विभिन्न विभागों/निगम/मण्डल/कम्पनी/बोर्ड के पूर्व निर्मित एवं जर्जर भवनों तथा इनके स्वामित्व की अनुपयोगी शासकीय भूमि के व्यवस्थित विकास और सदुपयोग के लिए रिडेव्हलपमेंट योजना अंतर्गत 7 योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। इसमें शांति नगर रायपुर, बीटीआई शंकर नगर रायपुर, कैलाश नगर राजनांदगांव, चांदनी चौक फेस-2 जगदलपुर, सिविल लाइन कांकेर, क्लब पारा महासमुंद, कटघोरा कोरबा शामिल हैं।

मंत्रिपरिषद द्वारा वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग के अंतर्गत उच्च श्रेणी पंजीयन लिपिक/रिकार्ड कीपर से तृतीय श्रेणी कार्यपालिक, उप पंजीयक के पद पर पदोन्नति के लिए विहित 05 वर्ष की न्यूनतम अर्हकारी सेवा को केवल एक बार के लिए न्यूनतम अर्हकारी सेवा 02 वर्ष निर्धारित करने का निर्णय लिया गया।

निवेश के लिए ...

वनौषधि उत्पाद के निर्यात हेतु इको सिस्टम तैयार होगा। यह पॉलिसी राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगी साथ ही राज्य को लॉजिस्टिक्स एवं निर्यात क्षेत्र में एक अग्रणी भूमिका में स्थापित करेगी।

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन ...

खनिज और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। कुछ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।÷

सचिव (दक्षिण) नीना मल्होत्रा ने कहा, ÷प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर के निमंत्रण पर श्री मोदी 3-4 जुलाई, 2025 से त्रिनिदाद और टोबैगो गणराज्य की आधिकारिक यात्रा करेंगे। यह श्री मोदी की प्रधानमंत्री के रूप में त्रिनिदाद और टोबैगो की पहली यात्रा है, और 1999 के बाद से किसी भारतीय प्रधानमंत्री की त्रिनिदाद और टोबैगो की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। यह यात्रा एक उपयुक्त समय पर हुई है, क्योंकि इस वर्ष, 2025 में, देश त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय प्रवासियों के आगमन के 180 वर्ष पूरे होने की याद में है। बताया गया है कि वर्तमान में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री दोनों भारतीय मूल के हैं, संयोग से, दोनों महिलाएं हैं, दोनों वकील हैं, और दोनों को अपनी भारतीय जड़ों और विरासत पर गर्व की गहरी भावना है, और वे खुद को भारत की बेटियों के रूप में वर्णित करते हैं।

रवि ने कहा, सत्रहवां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन छह और सात जुलाई को रियो, ब्राजील में हो रहा है। रियो शिखर सम्मेलन का विषय 'समावेशी और सतत शासन के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग को मजबूत करना' है। भारत अगले साल ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा। सचिव (पूर्व) पी. कुमारन ने कहा, प्रधानमंत्री की यात्रा का ब्रिक्स शिखर सम्मेलन खंड 6-7 जुलाई को होगा और द्विपक्षीय यात्रा खंड आठ जुलाई को होगा। राजकीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री राष्ट्रपति लूला के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि अनुसंधान और सुरक्षा सहयोग पर द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। श्री मोदी चार जुलाई को आधिकारिक यात्रा पर अर्जेंटीना का दौरा कर रहे हैं। दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए आर्थिक और व्यापारिक हितों पर बातचीत करेंगे।

रिपोर्ट : भारतीय कंपनियां ...

क्षेत्र के राजस्व को लेकर भी अच्छी संभावनाएं बनी हुई हैं, विशेषकर जब इस क्षेत्र में कई भारतीय परियोजनाएं शुरू हो रही हैं। सेमीकंडक्टर क्षेत्र का राजस्व 2023 में 40-45 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2030 तक 100-120 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

ओबामा ने ईरान को ...

को 30 बिलियन डॉलर तक की मदद करने की चर्चा की थी।

तेलंगाना में भाजपा को ...

पार्टी के समर्पित मतदाता भी सदमे में हैं। ऐसे समय में जब भाजपा राज्य में पहली बार सरकार बनाने की दहलीज पर है, इस प्रकार का निर्णय पार्टी की दिशा पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग पर्दे के पीछे से फैसले करवा रहे हैं और व्यक्तिगत हितों को प्राथमिकता देकर पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को भ्रमित कर रहे हैं। उन्होंने लिखा, इससे न केवल जमीनी कार्यकर्ताओं के त्याग का अपमान होता है, बल्कि पार्टी को ऐसे झटकों की ओर ले जाता है, जिन्हें टाला जा सकता था। टी राजा सिंह ने तीन बार विधायक बनने का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने पार्टी के लिए पूरी निष्ठा से काम किया, लेकिन अब वह चुप नहीं रह सकते। उन्होंने कहा, यह फैसला किसी निजी महत्वाकांक्षा के कारण नहीं लिया गया है, बल्कि यह लाखों समर्पित कार्यकर्ताओं और समर्थकों की पीड़ा और निराशा की आवाज है। राजा सिंह ने केंद्रीय नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष से अपील की कि वे इस निर्णय पर पुनर्विचार करें। उन्होंने कहा, ÷तेलंगाना भाजपा के लिए तैयार है, लेकिन सही नेतृत्व का चुनाव ही इस मौके को साकार कर सकता है। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट किया कि वह हिंदुत्व की विचारधारा और गोशामहल की जनता की सेवा के लिए पहले की तरह प्रतिबद्ध रहेंगे। उन्होंने कहा, मैं पार्टी से भले ही अलग हो रहा हूं, लेकिन हिंदू समाज की आवाज और धर्म की सेवा के लिए और भी अधिक शक्ति के साथ खड़ा रहूंगा।

दस्तावेज गायब होने के मामले ...

निर्देश भी दिये। इस मामले में तहसीलदार ने तत्कालीन तहसीलदार और तत्कालीन पटवारी को पत्र जारी कर दस्तावेज के संबंध में जानकारी मांगी। दोनों से लिखित जवाब मांगा गया।

पटवारी ने दिया स्पष्टीकरण - ये तहसीलदार न्यायालय का मामला, दस्तावेज भी वहीं मिलेंगे- इस मामले में तत्कालीन पटवारी राजेश बंजारी ने अपने जवाब में कहा है कि तत्कालीन तहसीलदार जयंत बघेल ने फर्द बंटवारा नामांतरण पंजी में पेश करने के निर्देश दिये। इसके परिपालन में फर्द बंटवारा खातेदारों की सहमति से तैयार किया गया और न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तत्कालीन तहसीलदार ने नामांतरण पंजी में दर्शित फर्द बंटवारा को स्वीकार कर अभिलेख दुरुस्ती करने का आदेश पारित किया। आदेश के पालन में अभिलेख सुधार किया गया। पृथक से फर्द बंटवारा प्रस्तुत नहीं किया गया। इश्तिहार प्रकाशन, फर्द रिपोर्ट, शपथ पत्र आदि की कार्रवाई तत्कालीन तहसीलदार द्वारा की गई है। इसी वजह से सारे दस्तावेज पटवारी कार्यालय में उपलब्ध नहीं है।

पीएमओ में शिकायत के 3 महीने बाद भी जांच अधिकारी का अता-पता नहीं- दुर्ग में कुल 135 करोड़ के रेल लाइन मुआवजा घोटाले की जांच के लिये 30 मार्च को पीएमओ में शिकायत की गई। पीएमओ द्वारा कंसर्न ऑफिसर के रूप में प्रकाश टंडन को नियुक्त किया गया। तहसीलदार प्रकाश टंडन 7 साल पहले डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नत हो चुके हैं। वर्तमान में वे राजनांदगांव में पदस्थ हैं। पीएमओ को कंसर्न आफिसर की पदोन्नति के संबंध में अवगत कराने के बाद भी नए जांच अधिकारी की नियुक्ति नहीं हो पाई है। इसके कारण दुर्ग में रेललाइन मुआवजा घोटाले की जांच भी शुरू नहीं हो पाई है।

न्यूज गैलरी

राजेंद्र मृणाल राय कौर बनी नगर कांग्रेस कमेटी की कार्यकारी अध्यक्ष

किरंदुल/ नवप्रदेश । नगर पालिका परिषद की पूर्व पार्षद और जिला कांग्रेस संगठन से लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी में कई दायित्वों के निर्वहन के साथ साथ कई पदों को सुशोभित कर चुकी किरंदुल नगर की वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री को किरंदुल नगर कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पत्र 27 जून को जिला कांग्रेस कमेटी दंतेवाड़ा के जिला अध्यक्ष अवधेश गौतम ने पत्र जारी कर कहा कि राजेन्द्र कौर राय को छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष दीपक बेज की अनुसंशा पर किरंदुल नगर कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया जाता है। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल देखने को मिल रही है लोगों के द्वारा उनके नगर कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर कोई फोन के माध्यम से तो कोई उनसे सामने मिलकर बधाई दे रहे हैं बधाई का सिलसिला जारी है ।

कलेक्टर ने प्रदाय किया सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र

नारायणपुर / नवप्रदेश । कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिले के सेवानिवृत कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए पेंशन प्राधिकार पत्र प्रदाय किया और पेंशन राशि को अपने जीवन में सदुपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कार्यालय कलेक्टर की अधीक्षिका श्रीमती प्रीतिलता रंगारी, शिक्षा विभाग से प्रधान पाठक नारदराम कश्यप और प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटपाल पुरूषोतम पात्र को 30 जून 2025 को सेवानिवृत्त होने पर शाल एवं श्रीफल भेंट करते हुए पीपीओ प्रदाय किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने सेवानिवृत हुए सभी कर्मचारियों को स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी हरीश साहू एवं अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

जादू टोना के शक में अधेड़ की धारदार हथियार से निर्मम हत्या

नारायणपुर/ नवप्रदेश। जिले के धनोरा थाना अंतर्गत हितपुला गांव का है जहां शनिवार रात लगभग 7 बजे एक ग्रामीण ने अपने पड़ोसी अधेड़ की धारदार हथियार से गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी। ग्रामीण ने अधेड़ का सिर धड़ से अलग कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार शनिवार को मृतक चंन्द्र उसेंडी अपनी पत्नी के साथ गांव में ही बीज, चरू त्योहार में शामिल होने गया हुआ था। बीज त्योहार बनाकर अधेड़ चंन्द्र उसेंडी शाम 7 बजे अकेला अपने घर पहुंच कर आराम कर रहा था तभी आरोपी पुनित उसेंडी ने धारदार हथियार से वार कर मृतक का गला काट दिया और सिर को धड़ से अलग कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी के भाई का निधन 3 माह पुर्व हो गया था इसके कुछ दिन बाद आरोपी की एक बच्ची का भी निधन हो गया था। जिसका जिम्मेदार आरोपी मृतक चंन्द्र उसेंडी को मान रहा था । आरोपी का कहना है कि चंन्द्र उसेंडी के जादू टोना की वजह से उसके भाई और बेटी की जान चली गई। इसी रंजिश की वजह से आरोपी पुनित उसेंडी ने चंन्द्र उसेंडी को मौत के घाट उतार दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी हितपुला गांव के पुलिया के निचे रात भर छुपा हुआ था । दूसरे दिन सुबह वह पुलिया से निकलकर 5 किलोमीटर पैदल चलकर धनोरा पुलिस थाने के सामने पहुंचा इसी बिच हितपुला के ग्रामीण घटना की सूचना देने थाना पहुंचे। पुलिस की नजर थाना के सामने खड़े आरोपी चंन्द्र उसेंडी पर पड़ी तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इस दिल दहलाने वाली घटना की खबर आसपास इलाके में आग की तरह फ़ैल गई। घटना की सूचना प्राप्त होते ही थाना धनोरा पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की है। आरोपी पुनीत उसेंडी को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया है। जिला पुलिस नारायणपुर द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि आपसी विवादों को संवाद एवं कानून के माध्यम से सुलझाएं। किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

कलेक्टर प्रतिष्ठा ने सुनी आमजनों की समस्या

जनदर्शन में समस्या को लेकर ग्रामीणों की उमड़ी भीड़

नारायणपुर/ नवप्रदेश। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवो से पहुंचे लोगों से मुलाकात किया। उन्होंने मुलाकात कर उनकी मांगो एवं समस्याओं और शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण कराने भरोसा दिलाया एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। आज जनदर्शन में संध्या कश्यप मुरियापारा द्वारा सेवा में उपस्थिति कराने, महिला मंडल गायत्री शक्तिपीठ गायत्री शक्तिपीठ में महिलाओं के शौचालय और स्नानघर निर्माण, बलदाय बडडे ग्राम कुकड़ाझोर द्वारा पेंशन की राशि प्रदाय किये जाने, सरपंच एवं अन्य ग्राम पंचायत सुलेंगा धौड़ाई द्वारा ग्राम पंचायत सुलेंगा धौड़ाई में हाईस्कुल नवीन भवन स्वीकृत एवं सुलेंगा धौड़ाई में बाजार शेड, रोड निर्माण हेतु, तिलक बाई ग्राम धौड़ाई द्वारा जमीन विवाद निराकरण हेतु, समस्त मजदूर ग्राम सूपगांव द्वारा मजदूरी भुगतान राशि दिलाने, सुत्री लता कोर्राम जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 7 द्वारा उा स्वास्थ्य केन्द्र धौड़ाई में 1 चिकित्सक उपलब्ध कराने, सुन्द्र करंगा एवं अन्य 4 ग्राम छोटेसुहनार द्वारा ग्राम पंचायत नेलवाड़ के सचिव से भुगतान दिलवाने, सरपंच एवं अन्य ग्राम वासी ग्राम पंचायत सुलेंगा धौड़ाई हल्बा समाज के सामाजिक भवन निर्माण के लिए जमीन आबंटित करने एवं गोंडवाना समाज भवन निर्माण के लिए जमीन आबंटित करने, कुमारी स्वीटी ग्राम छोटेडोंगर द्वारा डीएमएफ एनआरसी छोटेडोंगर बंद होने, तियारी राम भेड़िया एवं अन्य 2 ग्राम बेलगांव द्वारा विकासखण्ड ओरछा सेक्शन में मलेरिया दवाई अल्फासाइ प्रमेथील छिड़काव, सरपंच ग्राम पंचायत महिमागवाड़ी क्षतिग्रस्त पूर्व माध्यमिक शाला भवन को हटाकर नवीन शाला भवन स्वीकृति प्रदान करने, प्रवीण गोलछा पार्षद वार्ड 12 माडिन देवी द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला कुम्हारपारा में प्रधानध्यापक या सहायक शिक्षक पदस्थ कराने एवं मशीन समस्या हेतु तथा श्रीमती मुन्नी पटेल ग्राम महिमागवाड़ी द्वारा महतारी वंदन हेतु आवेदन के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस प्रकार जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने गंभीरतापूर्वक सभी आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही करने के लिए ग्रामीणों को भरोसा दिलाया।

एनडीपीएस के तहत आरोपी पर मुकदमा दर्ज

बड़ी मात्रा में नशीली दवाई के साथ झारखंड का युवक गिरफ्तार

कांकेर/ नवप्रदेश। लंबे समय से नगर सहित ग्रामीण इलाको प्रतिबंधित नशीली दवाई बेचे जाने की खबर मिल रही थी इतना ही नहीं स्कूल के आसपास भी सूखे नशे की चपेट में नजर आने लगे थे। कोतवाली पुलिस ने बड़ी मात्रा में नशीली दवाई बेचने वाले झारखंड के युवक को नशीली दवाओं के साथ गिरफ़्तार किया है।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 29 जून 2025 को मुखबीर से सूचना प्राप्त मिली कि मोहम्मद नफीस नाम का व्यक्ति जो की नया बस स्टैण्ड कांकेर बाजार शेड थाना कांकेर में एक थैला में नशीली दवाई एवं सीरप रखा है और बिक्री कर रहा है।मुखबीर सूचना तस्दीक हेतु हमराह स्टाफ प्र.आर.गीतेश्वर कुलदीप आर.शक्ति सिंह.आर.शिव नेताम रवाना हुआ।मौके पर मुखबीर द्वारा बताये गये स्थान नया बस स्टेण्ड कांकेर बाजार शेड पहुंचकर तस्दीक किया गया बाजार शेड के सामने मोहम्मद नफीस खड़ा मिला जो की अपने हाथ में एक पीला रंग थैला रखा हुआ था जो पुलिस को देखकर अपने आधिपत्य के थैला को बाजार शेड में छुपाने का प्रयास कर रहा था। मोहम्मद नफीस के आधिपत्य के थैला में प्रतिबंधित नशीली दवाई Paracetamol Tramadol Hydrohloride Tablets I.P Comotiosn Paracetamol I.P x|mg total w} gem, Triprolidin Hydrohloride Codeine Phophate cough syrup COREX T- syrup Comotiosn Triprolidin Hydrohloride I.P v.wz mg Codeine Phophate I.P v® mg Total ®} gem plastic cc 100-100 द्रव्य सीरप बरामद हुआ। आरोपी ने उक्त नशीली टेबलेट एवं सीरप को रांची झारखण्ड के शाहबाज उर्फ आफताब नामक व्यक्ति से खरीद कर बिक्री हेतु लाना बताया तथा नशीली दवाई बिक्री करना स्वीकार किया, पूछताछ पंचनामा तैयार किया गया।मौके पर आरोपी मोहम्मद नफीस को उक्त टेबलेट एवं सीरप रखने के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु नोटिस दिया गया जिसके जवाब में आरोपी द्वारा कोई दस्तावेज नहीं होना बताया गया आरोपी मोहम्मद नफीस पिता मोहम्मद कलाम उम्र 25 वर्ष निवासी स्थायी पता मोहल्ल निजाम नगर हिन्दपीड़ी थाना हिन्दपीड़ी जिला रांची (झारखण्ड) हाल -लट्टीपारा कांकेर थाना कांकेर का कृत्य धारा-22 एनडीपीएस एक्ट का घटित करना पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध अपराध क्र.190/2025 धारा 22 ह्ष्ठक्क्र.ष्ट्र कायम किया गया है आरोपी को 29 जून 2025 को गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में उपनिरी.रामेश्वर चतुर्वेदी प्र.आर.गीतेश्वर कुलदीप आर.शक्ति सिंह आर.शिव नेताम,एवं म.आर अंजली गोटा का अहम भूमिका रहा।

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना

- पहली बार ऐसा हुआ कि पिछले तीन माह से बिजली बिल शून्य आ रहा
- कांति गंजीर चित्ररेखा सहित कई परिवारों को मिल रहा योजना का लाभ

कांकेर/ नवप्रदेश। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिल रही है। उनका बिजली बिल शून्य आ रहा है जो पहली बार हो रहा है जो उनकी खुशियों की वजह बन गई है।

इस योजना ने कई परिवारों की आर्थिक और ऊर्जा जरूरतों को इस योजना ने पूरा किया है। समीप के ग्राम बरदेभाठा निवासी श्रीमती कांति गंजीर ने तीन किलोवॉट का सोलर ऑन-ग्रिड प्लांट अपनी छत पर लगवाया है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत छत पर ही बिजली घर बनाया है, जिससे विगत 03 माह से बिजली बिल शून्य आया है। इससे मिलने वाले अनुदान से बिजली को और भी किफायती बना दिया है और कई परिवारों को मुफ्त बिजली मिल रही है। इसी तरह चारामा विकासखण्ड के ग्राम दरगहन की श्रीमती चित्ररेखा सुकदेवे ने कहा कि सौर ऊर्जा ने हमें आत्मनिर्भर बनाया है और सरकार की मदद से यह संभव हुआ है। ऐसे ही अलबेलापारा कांकेर निवासी श्री कैलाश मंडावी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से विद्युत की अच्छी-खासी खपत के बाद भी पिछले तीन महीने से बिल शून्य में आ रहा है जिससे ऊर्जा पर व्यय में आत्मनिर्भरता आई है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत सौर ऊर्जा को घरों तक पहुंचाकर उपभोक्ताओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

बचेली में विधायक, जिलाध्यक्ष व कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। भाजपा बचेली मण्डल बूथ क्रमांक 137 में विश्व के लोकप्रिय नेता एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बहुप्रतीक्षित मन की बात कार्यक्रम का 123 वां संस्करण का प्रसारण भाजपा जिलाध्यक्ष दंतेवाड़ा संतोष गुप्ता की उपस्थिति में स्थानीय भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओ के द्वारा देखा गया साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी ने दंतेवाड़ा मंडल के शक्तिकेंद्र चितालुर के बूथ क्रमांक 153 में उपस्थित होकर भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा। कार्यक्रम के पश्चात एक पेड़ माँ के नाम के तहत विधायक चैतराम अटामी ने कार्यकर्ताओं के साथ वृक्षारोपण भी किया। विधायक चैतराम अटामी ने कहा की मन की बात कार्यक्रम न केवल एक संवाद का माध्यम है, बल्कि यह हमारे देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक चेतना को जागृत करने का एक सशक्त प्रयास भी है। भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा की प्रधानमंत्री मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम हमें प्रेरणा देती है कि हम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएँ। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के रूप में, हमें इन विचारों को जन-जन तक पहुँचाना है और समाज में जागरूकता फैलानी है।

कमेटी ने विधायक को सौंपा मांग पत्र

मीम बॉयज कमेटी ने विधायक से की मुलाकात

- 5 को मोहर्रम के लंगर में शामिल होंगे विधायक

कांकेर/ नवप्रदेश। कांकेर मुस्लिम समाज की युवा टीम मीम बॉयज कमेटी के युवाओं ने कांकेर के विधायक आशाराम नेताम से अंगना बेवरती में सौजन्य मुलाकात किया है। मीम बॉयज कमेटी के युवाओं ने विधायक का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। मुलाकात के बाद मीम बॉयज कमेटी के युवाओं ने विधायक आशा नेताम को मांग पत्र सौंपा मांग पत्र सौंपने पश्चात कमेटी के युवाओं ने बताया कि कांकेर शहर का जामा मस्जिद चौक शहर का ह्रदय स्थल कहलाता है।बीते सालों से चौक में सौंदर्यकरण नहीं हुआ है। जगदलपुर रायपुर सहित अन्य जिलों में आवागमन के लिए मस्जिद चौक में बसे रुकती है।जहां यात्री प्रतीक्षालय का होना अत्यंत आवश्यक है। इसके अलावा पीने के पानी की व्यवस्था भी अति आवश्यक है इसके अलावा मस्जिद चौक के खाली ग्राउंड में सौंदर्यकरण से चौक की खूबसूरती बढ़ जाएगी। साथ ही मुस्लिम समाज के लिए शव फ्रिज़र की मांग किया गया है। मीम बॉयज कमेटी के युवाओं ने विधायक से मुलाकात और मांग पत्र देने के बाद विधायक ने युवाओं को आश्वस्त करते कहा कि युवाओं की मांग जल्द पूर्ण किया जाएगा।

मीम बॉयज कमेटी ने मुस्लिम समाज के माहे मोहर्रम मुबारक में 05 जुलाई को मस्जिद चौक में लंगर का आयोजन किया जाना है। आयोजन के मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक आशा राम नेताम को निमंत्रण दिया गया जिसमें उन्होंने निमंत्रण स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने अपनी सहमति दे दी है। विधायक से मुलाकात करने वालो में मीम बॉयज कमेटी के शेख अदनान फैजल खान सहित युवा उपस्थित थे।

UNION PUBLIC SERVICE COMMISSION
PROGRAMME OF EXAMINATIONS/RECRUITMENT TESTS (RTs) -2026

Sl. No.	Name of Examination	Date of Notification	Last Date for receipt of Applications	Date of commencement of Exam	Duration of Exam
1.	**Reserved for UPSC RT/ Examination**			**10.01.2026 (Saturday)**	**2 Days**
2.	**Reserved for UPSC Examination**			**17.01.2026 (Saturday)**	**2 Days**
3.	Combined Geo-Scientist (Preliminary) Examination, 2026	03.09.2025	23.09.2025	08.02.2026 (Sunday)	1 DAY
4.	Engineering Services (Preliminary) Examination, 2026	17.09.2025	07.10.2025	08.02.2026 (Sunday)	1 DAY
5.	CBI (DSP) LDCE	24.12.2025	13.01.2026	28.02.2026 (Saturday)	2 DAY
6.	CISF AC(EXE) LDCE-2026	03.12.2025	23.12.2025	08.03.2026 (Sunday)	1 DAY
7.	N.D.A. & N.A. Examination (I), 2026	10.12.2025	30.12.2025	12.04.2026 (Sunday)	1 DAY
8.	C.D.S. Examination (I), 2026				
9.	Civil Services (Preliminary) Examination, 2026	14.01.2026	03.02.2026	24.05.2026 (Sunday)	1 DAY
10.	Indian Forest Service (Preliminary) Examination, 2026 through CS(P) Examination 2026				
11.	**Reserved for UPSC RT/ Examination**			**06.06.2026 (Saturday)**	**2 DAYS**
12.	I.E.S./I.S.S. Examination, 2026	11.02.2026	03.03.2026	19.06.2026 (Friday)	3 DAYS
13.	Combined Geo-Scientist (Main) Examination, 2026			20.06.2026 (Saturday)	2 DAYS
14.	Engineering Services (Main) Examination, 2026			21.06.2026 (Sunday)	1 DAY
15.	**Reserved for UPSC RT/ Examination**			**04.07.2026 (Saturday)**	**2 DAYS**
16.	Central Armed Police Forces (ACs) Examination, 2026	18.02.2026	10.03.2026	19.07.2026 (Sunday)	1 DAY
17.	Combined Medical Services Examination, 2026	11.03.2026	31.03.2026	02.08.2026 (Sunday)	1 DAY
18.	**Reserved for UPSC Examination**			**08.08.2026 (Saturday)**	**2 DAYS**
19.	Civil Services (Main) Examination, 2026			21.08.2026 (Friday)	5 DAYS
20.	N.D.A. & N.A. Examination (II), 2026	20.05.2026	09.06.2026	13.09.2026 (Sunday)	1 DAY
21.	C.D.S. Examination (II), 2026				
22.	**Reserved for UPSC RT/ Examination**			**26.09.2026 (Saturday)**	**2 DAYS**
23.	**Reserved for UPSC RT/ Examination**			**10.10.2026 (Saturday)**	**2 DAYS**
24.	**Reserved for UPSC RT/ Examination**			**31.10.2026 (Saturday)**	**2 DAYS**
25.	Indian Forest Service (Main) Examination, 2026			22.11.2026 (Sunday)	7 DAYS
26.	S.O./Steno (GD-B/GD-I) LDCE	16.09.2026	06.10.2026	12.12.2026 (Saturday)	2 DAYS
27.	**Reserved for UPSC RT/ Examination**			**19.12.2026 (Saturday)**	**2 DAYS**

Note: The dates of notification, commencement and duration of Examinations/ RTs are liable to alteration, if the circumstances so warrant.

CBC-55101/14/0002/2526

पाली-रतनपुर के जंगल में हाथियों की धमक, वन विभाग अलर्ट

ग्रामीणों को सतर्क रहने के निर्देश, जानमाल के नुकसान से क्षेत्रवासी भयभीत, बिजली आपूर्ति बंद

बिलासपुर/रतनपुर/नवप्रदेश। रतनपुर के सीमावर्ती इलाकों में जंगली हाथियों के पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है। हाथियों का दल फिलहाल पाली रेंज के पी-101 बीट और बानाबैल सर्किल बार्डर क्षेत्र में घूम रहा है। जानकारी मिलते ही वन विभाग ने मौके पर एक टीम को रवाना कर दिया है।

वन विभाग को जानकारी मिलते ही उन्होंने आसपास के क्षेत्रों में अलर्ट जारी कर दिया है और सुरक्षा की दृष्टि से जिन क्षेत्रों के आसपास हाथी हैं वहां विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई है। वन विभाग अलर्ट जारी कर क्षेत्रों में सतत निगरानी कर रही है। विभाग को हाथी के पद चिन्ह भी जंगल मे देखने को मिल रहे है, जिससे हाथी के क्षेत्र में होने की पुष्टि हो रही है। वन विभाग ने आज हाथियों के रतनपुर के समीप बांसाझाल, कंचनपुर, कुपाबाँधा के जंगल में पहुंचने की सूचना दी है। वही वन विभाग ने स्थानीय कोटवारों को भी निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने गांव में मुनादी कर ग्रामीणों को इस विषय में जानकारी दें और जंगल की ओर न जाने की समझाइश दें। वन विभाग ने बताया कि क्षेत्र में पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है और हाथियों की लोकेशन पर लगातार नजर रखी जा रही है। वही रतनपुर क्षेत्र में हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीण भयभीत हैं जो जान माल के नुकसान को लेकर चिंतित है, फिलहाल किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए विभाग की टीम पूरी तरह तैयार है। स्थानीय ग्रामीण और वन विभाग की सक्रियता से अभी तक किसी तरह की जानमाल की हानि नहीं हुई है, लेकिन हाथी के आबादी वाले क्षेत्र के करीब पहुंचने पर खतरे की संभावना बनी हुई है। एसडीओ और रतनपुर रेंजर की टीम अलर्ट मोड पर है। वन अमला लगातार इलाके में गश्त कर रहा है। ग्रामीणों को सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। मुख्य वन संरक्षक श्री मिश्रा ने बताया कि हाथी फसलें और जनहानि कर सकते हैं, इसलिए सतर्क रहना जरुरी है। जरुरत पड़ने पर राहत टीम भी भेजी जा सकती है। रेंज के अधिकारी और कर्मचारी लगातार जंगल और आसपास के गांवों में घूमकर निगरानी कर रहे हैं ताकि हाथी और ग्रामीण दोनों सुरक्षित रहें।

लगातार बढ़ रही हाथियों की संख्या

मुख्य वन संरक्षक प्रभात मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि हाथियों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। इससे यह समझा जा सकता है कि हाथियों को यहां का रहवास अच्छा लग रहा है। यह उनके अनुरुप है। शुरुआत में जब झारखंड से हाथी आए थे तब इनकी संख्या सीमित थी और यह सीमित क्षेत्र तक थे। वर्तमान में इनकी संख्या लगभग 5 सौ के आसपास पहुंच चुकी है। झारखंड से धीरे-धीरे हाथियों का यह दल कोरबा, धरमजयगढ़, अचानकमार टाइगर रिजर्व, मरवाही व मुंगेली क्षेत्र में भी दिखे। वन विभाग के लिए यह हर्ष की बात है। जनहानि जैसी घटनाएं न हो इसके लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, लोगों को जागरुक करके जानकारी दी जा रही है। रात्रि गश्त व्यवस्थित और बेहतर तरीके से हो रहा है, जिस वजह से अब जनहानि की शिकायतें नहीं रही। कुछ जगहों पर अगर ऐसी अप्रिय घटना घट जाती है तो तत्काल सहायता राशि व मानदेय दिया जाता है। जिन क्षेत्रों में हाथियों की गतिविधि की जानकारी मिलती है वहां विद्युत व्यवस्था को बंद कर दिया जाता है, जिससे हाथियों को किसी तरह का नुकसान न हो।

न्यूज गैलरी

हथियार दिखाकर लोगों को डराने वाले आरोपी पकड़ाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। हथियार लहराकर आने जाने वाले लोगों को भयभीत कर अशांति फैलाने वाले बदमाश को सरकण्डा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चाकू बरामद किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र कुमार जायसवाल तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अर्चना झा नेतृत्व में शहरी एवं ग्रामीण थाना क्षेत्रों में एक विशेष चेकिंग अभियान संचालित किया गया। टाउन पेट्रोलिंग दौरान सूचना मिला कि चिंगराजपारा अटल आवास सरकंडा में एक व्यक्ति लोहे का धारदार चाकू लेकर लहराते हुये आने-जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है, उक्त सूचना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाकर, अति. पुलिस अधीक्षक शहर राजेन्द्र जायसवाल, सी.एस.पी. सरकण्डा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशन में थाना प्रभारी निरी. निलेश पाण्डेय के नेतृत्व में टीम तैयार कर मौके पर भेजा गया जिनके द्वारा अरविंद नगर जोरापारा के पास आरोपी सुमित उर्फ सिटठू पाण्डेय को धारदार चाकू के साथ पकड़ा गया जिसके विरूद्ध आर्म्स एक्ट के प्रावधानों के तहत् कार्रवाई कर न्यायिक

नियम विरुद्ध कोई कार्य नहीं होगा, उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार हो रहे काम

जोन क्रमांक-दो में विकास कार्यों के लिए 13.57 करोड़ का शासन को भेजा प्रस्ताव

बिलासपुर/नवप्रदेश। तिफरा स्थित जोन क्रमांक दो में वार्डों में विकास कार्यों के लिए वार्ड में नालियों और रोड मरम्मत का काम शुरु हो गया है। आने वाले समय में जोन क्रमांक दो की तरफ से 13 करोड़ 57 लाख का प्रस्ताव शासन को भेजा गया, जिससे जोन स्थित वार्डों में विकास संबंधित किसी कार्य में रुकावट नहीं होगी।

जोन क्रमांक दो के कमिश्नर प्रवेश कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि चालीस लाख का टेंडर पास हुआ है। प्रत्येक वार्ड में पांच लाख रुपए के हिसाब से विकास कार्य किए जाएंगे। इसके साथ ही बीस लाख का वर्क ऑर्डर भी जारी हुआ है। इसका उपयोग जोन के ऐसे वार्ड जहां वार्डवासियों को मूलभूत सुविधाओं को लेकर समस्या है वहां की जाएगी। वर्तमान में वार्ड नंबर 12 में रोड व नाली मरम्मत का काम चल रहा है। इसके बाद वार्ड नंबर 9 और 10 में कार्य शुरु किए जाएंगे। जोन कमिश्नर श्री कश्यप से पार्षदों की नाराजगी और शिकायत संबंधित सवाल करने पर उन्होंने स्पष्ट कहा कि नियम विरुद्ध कोई भी कार्य नहीं होगा। मेरे अधिकार क्षेत्र में जो काम है उस काम को पूरी निष्ठा के साथ करता हूं। जोन के प्रतिनिधियों को अतिरिक्त कर्मचारी की आवश्यकता है। यह तभी संभव होगा जब इसे स्वीकृति मिलेगी। वार्ड नंबर 6 में अवैध कालोनी की शिकायत जनप्रतिनिधि द्वारा की गई थी, लेकिन जिस क्षेत्र में निर्माण हो रहा है वह जोन क्रमांक एक के दायरे में है। वार्ड नंबर 11 की एमआईसी सदस्य जिस विभाग को देख रहीं हैं उससे संबंधित सूचनाएं उन्हें दी जाती है। कुछ निर्देश उच्चाधिकारियों, विधायक द्वारा मिलती है। उसी निर्देश के अनुसार काम किया जाता है। जिस वार्ड में निरीक्षण या वार्ड विकास का काम होना है वहां के वार्ड प्रमुख या जनप्रतिनिधि को जानकारी दी जाती है। बहुत से कार्य निगम कमिश्नर के निर्देशानुसार किया जाता है, जिसकी जानकारी उससे संबंधित लोगों को आवश्यकता पड़ने पर ही दी जाती है।

आपसी तालमेल से होगा विकास: कश्यप

जोन कमिश्नर श्री कश्यप ने बताया कि जोन के सभी जनप्रतिनिधियों के साथ तालमेल बनाकर काम किया जा रहा है, लेकिन निगम के सभी कार्य तय दायरे व अधिकार क्षेत्र में ही किए जाएंगे। जोन में आ रही शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों के आपसी खींचतान की वजह से कई बार कार्य में बाधा उत्पन्न होता है, लेकिन वार्ड विकास का कोई भी काम रुकेगा नहीं।

जल स्तर बढ़ने पर मिनीमाता बांगो बांध से छोड़ा जाएगा पानी

■ जल संसाधन विभाग ने जारी किया अलर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। आगामी वर्षाकाल के दौरान आवश्यकता होने पर मिनीमाता बांगो बांध माचाडोली से हसदेव नदी में जल प्रवाहित किया जाएगा। वर्तमान में मिनीमाता बांगो बांध में लगभग 25.45 प्रतिशत जल भराव है। वर्षाकाल में आगामी दिनों में अत्यधिक वर्षा के कारण यदि मिनीमाता बांगो बांध जलाशय का जल स्तर तेजी से बढ़ेगा, तो तत्कालीन परिस्थिति के अनुसार मिनीमाता बांगो बांध का जलद्वार खोलकर हसदेव नदी में जल प्रवाहित किया जा सकता है। अतः सर्वसाधारण एवं कार्य एजेंसियों को सूचित किया जाता है कि बांध से नीचे, हसदेव नदी के किनारे, बाढ़ क्षेत्र में स्थापित चल-अचल संपत्ति सुरक्षित स्थानों पर ले जावें। बाढ़ क्षेत्र में स्थापित खनिज खदान, ठेकेदार, औद्योगिक इकाईयों, संस्थानों आदि को भी सूचित किया जाता है कि वह अपनी परिसंपत्तियों को बाढ़ क्षेत्र से बाहर कर लेवें। अकस्मात बाढ़ से होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति के लिए जल संसाधन विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। बाढ़ क्षेत्रों में आने वाले संभावित ग्रामों में बांगो, चर्रा, पोंड़ी उपरोड़ा, कोनकोना, लेपरा, टुनियाकछार, पाथा, गाड़ाघाट, छिनमेर, कछार, कल्मीपारा, सिलयारीपारा, जुनापारा, तिलाईडांड, डुगुपारा, टुंगुमाड़ा, छिर्रापारा, मछलीबाटा, कोरियाघाट, धनगांव, डोंगाघाट, नरमदा, औराकछार, सोनगुड़ा, जेल गांव, झाबू, नवांगांव, तिलसाभाटा, लोतलोता, स्याहीमुड़ा, कोडा, हथमार, झोरा, सिरकीकला आदि शामिल है।

आठवीं अनुसूची के लिए हर संभव प्रयास: तोखन साहू

■ डॉ. पालेश्वर शर्मा और सुरुज बाई खांडे पुरखा के सुरता कार्यक्रम

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुरखा के सुरता कार्यक्रम में प्रदेश के जनप्रतिनिधि, साहित्यकार, कुलपति और प्रबुद्ध जन एक भाव एक जुड़ाव के साथ एकत्रित हुए तो छत्तीसगढ़ी संस्कृति , भाषा और पहचान को कायम रखने का संकल्प लेकर उठे। रविवार को कार्यक्रम का आयोजन सिंचाई विभाग के प्रार्थना भवन में मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ी की ओर से साहित्यकार डॉ. पालेश्वर शर्मा और भरथरी गायिका सूरुज भाई खांडे की याद में आयोजित किया गया था ।

महतारी अस्मिता-भाषा और छत्तीसगढ़िया सुवाभिमान पर केंद्रित इस आयोजन में एक भाव-एक जुराव के साथ केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक, विधायक अटल श्रीवास्तव, कुलपति डॉ. एडीएन वाजपेयी, छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय कुमार पाठक, वरिष्ठ पत्रकार रुद्र अवस्थी और नंदकिशोर शुक्ल बतौर पहुना शामिल हुए। केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने डॉ. पालेश्वर शर्मा और सुरुज बाई खांडे की स्मृति को याद करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा को आगे बढ़ाने में हमारे पुरखों ने बड़ा काम किया है. महतारिभाषा हमारी ताकत है। सरकार और समाज दोनों ही एक भाव के साथ अपनी छत्तीसगढ़ी को आगे बढ़ाने के लिए साझा प्रयास करेंगे।

सरकारी कामकाज और शिक्षा की भाषा बनेगी छत्तीसगढ़ी: अरुण साव

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने पुरखों को याद करते हुए स्व. डॉ. पालेश्वर शर्मा और सुरुज बाई खांडे ने छत्तीसगढ़ी के लिए अतुलनीय योगदान दिया है. उन्होंने छत्तीसगढ़ी को अंतरराष्ट्रीय ख्याति दिलाई है और मुझे पता है कि हम सबकी भाषा मातृभाषा छत्तीसगढ़ी है। छत्तीसगढ़ी की ताकत इतनी की सरकार बदल सकती है, जैसे 2023 में आप सबने देखा है. लेकिन हमने यह भी कहा कि हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य स्व. अटल ने बनाया था। छत्तीसगढ़ी राजभाषा रमन सरकार में बनी थी और अब मोदी सरकार की मातृभाषा की शिक्षा की गारंटी साय सरकार में पूरी होगी। सरकारी कामकाज और शिक्षा की भाषा छत्तीसगढ़ी बनेगी।

सतर्कता व मॉनिटरिंग समिति की बैठक 2 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में 2 जुलाई को दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। बैठक में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत वर्ष 2025-26 में दर्ज प्रकरणों के निराकरण (स्वीकृत राशि/वितरित राशि) की स्थिति पर एवं अधिनियम के तहत न्यायालय में लंबित प्रकरणों पर चर्चा की जाएगी।

निगम की कार्रवाई से परेशान महिलाओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर /नवप्रदेश। चांटीडीह रपटा चौक क्षेत्र में नगर निगम की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर स्थानीय निवासी महिलाएं बेहद परेशान हैं। पीड़ित महिलाओं फरीदा खातून, शबनम बेगम, परवीन बेगम, शहनाज बेगम, सपना विश्वकर्मा और अन्य ने प्रशासन पर मनमाने ढंग से मकान तोड़ने का आरोप लगाया है। फरीदा खातून (उम्र 58 वर्ष) ने बताया कि उनका मकान सड़क चौड़ीकरण की सीमा से बाहर होते हुए भी, पहले ही वे 50 फीट तक मकान तोड़ चुकी हैं, जिसके बाद अब केवल एक कमरा बचा है। बावजूद इसके 12 जून को निगम कर्मियों और पार्षद (पूर्व) विष्णु यादव द्वारा दोबारा मकान पूरी तरह तोड़ने की चेतावनी दी गई। महिलाओं का आरोप है कि कहा गया कि अगर मकान खाली नहीं किया गया, तो जेसीबी से जबरन ढहा दिया जाएगा और जान-माल की जिम्मेदारी उनकी खुद की होगी। महिलाओं ने बताया कि वे जिस जमीन पर रह रही हैं वह 45 वर्षों से उनका स्थायी निवास है और भूमि विवाद को लेकर पहले भी न्यायालय में स्थायी निषेधाज्ञा का दावा दायर किया गया था, जो वर्तमान में न्यायिक प्रक्रिया में लंबित है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि न्यायालयीन फैसले तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई न की जाए और बेघर होने से बचाया जाए। वे पहले ही बेहद गरीबी और दहशत में हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन से मानवीय आधार पर दखल देकर मकानों को तोड़ने की कार्रवाई पर रोक लगाने की अपील की है।

---

124 गुंडा व निगरानी बदमाशों की जांच की गई

6 स्थायी वारंट व 20 गिरफ्तारी सहित 26 वारंट तामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। 6 स्थायी वारंट व 20 गिरफ्तारी वारंट सहित 26 वारंट तामील किया गया है। इस दौरान 124 गुंडा एवं निगरानी बदमाशों को चेक किया गया। प्रमुख बदमाशों को तलब कर वारंटियों की धरपकड़ की गई। पुलिस ने गुंडा-निगरानी बदमाशों व संदेहियों पर शिकंजा कस रहा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र कुमार जायसवाल तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अर्चना झा तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुज कुमार के नेतृत्व में शहरी एवं ग्रामीण थाना क्षेत्रों में एक विशेष चेकिंग अभियान संचालित किया गया। इस अभियान के दौरान समस्त थाना-चौकी क्षेत्रों में सक्रिय गुंडा व निगरानी बदमाशों की निवास स्थान पर जाकर गुजर-जाँच, वारंटियों की धरपकड़, बदमाशों को थानों में तलब कर पूछताछ, तथा संदिग्ध व्यक्तियों के फिंगरप्रिंट लेकर तथा आईसीजेएस पोर्टल के माध्यम से गहन तलाशी की गई। इसके साथ ही बिलासपुर में अवैध तरीके से रहने वाले विदेशी नागरिकों के बारे में भी तस्दीक की गई। जिले में असामाजिक तत्वों पर निगरानी बढ़ाना, गुंडा/निगरानी बदमाशों की गतिविधियों का आकलन, संदिग्ध व्यक्तियों की तस्दीक करना, तथा स्थायी/गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ सुनिश्चित करना अभियान का मुख्य उद्देश्य था। इस अभियान के दौरान 6 स्थायी वारंट एवं 20 गिरफ्तारी वारंट सहित कुल 26 वारंट तामील किए गए।124 गुंडे एवं निगरानी बदमाशों को किया गया चेक। थाने न आने वाले गुंडे एवं निगरानी बदमाशों को उनके सकुनत पर जाकर चेक किया गया। 9 संदिग्ध व्यक्तियों को थाने लाकर पूछताछ की गई। साथ ही कुछ अन्य चिन्हित बदमाश, पूर्व की कार्रवाईयों के फलस्वरूप वर्तमान में जेल में निरुद्ध हैं।

जागरुकता | **वाहनों की अत्यधिक रफ्तार व नशे में वाहन चालन सड़क दुर्घटना के प्रमुख कारण**

वरिष्ठ नागरिकों ने नई पीढ़ी को रीति, रिवाज, मूल्य परंपरा, संस्कार व आदर्शों की बताई महत्ता

बिलासपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में नियमित रूप से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को समझाइश दी जा रही है।

वही सड़क व्यवस्था में नियमित रूप से सुधरात्मक एवं समाधान कारक प्रयास किये जा रहे है साथ ही यातायात पुलिस बिलासपुर के द्वारा जनहित, लोकहित एवं जनकल्याण के दिशा में लगातार कल्याणकारी कार्यों में प्रमुखता से अहम भूमिका निभाई जा रही है। इसी कड़ी में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर चलाए जा रहे चेतना अभियान के चेतना शियान कार्यक्रम लगातार जिले के सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के हितों की रक्षा एवं मानव अधिकार एवं संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा प्रदत अधिकारों के समुचित पालन किए जाने हेतु निर्देशित प्रमुख बिंदुओं के पालनहार लगातार जन जागरूकता प्रसारित की जा रही है। इस क्रम में आज हैप्पी स्ट्रीट बिलासपुर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन शहर के अति वरिष्ठ नागरिकों एवं बालक बालिकाओं के मध्य आयोजित की गई। जिसमें परंपरागत संस्कारों के पालन हेतु वरिष्ठों के द्वारा आगामी पीढ़ी को दिए जा रहे आचार, विचार, संस्कार एवं आदर्शों के पोषण हेतु विशेष व्याख्यान माला एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन के माध्यम से शहर के आम वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा आने वाले पीढ़ी को भारतीय संस्कृति मूल्य, परंपराओं एवं आदर्शों के अनुकूल आचरण करते हुए देश के बेहतर नागरिक बनने की दिशा में विशेष उद्बोधन दिया गया। जिसमें वरिष्ठ नागरिकों ने अपने जीवन पर्यंत प्राप्त किए गए अनुभवों के सार तत्वों को बालकों के मध्य साझा की गई।

दूसरे के नंबर प्लेट को अपने वाहन में लगाकर घूमने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशानिर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के नेतृत्व व मार्गदर्शन पर यातायात पुलिस बिलासपुर द्वारा शहर यातायात व्यवस्था बनाये रखने हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा है, किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर यातायात दुरूस्त किया जाता है। इस क्रम में 29 जून को कार लिफ्टर क्रेन वाहन में सउनि अभय खलखो प्रआर-996 रामदुलार साहू आर-1297 शेखर सिंह शहर में पेटोलिंग कर रहे थे इस दौरान सिम्स चौक के पास एक मोटर सायकल का चालक वाहन को आम रोड पर खड़ी कर दिया था जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। लाउड हेलर से काल करने पर एक व्यक्ति पास आया जो अपना नाम लोकेश कुमार निवासी डोंगरगढ़ बताया जिसे वाहन को हटाने के लिये बोला गया इसी दौरान वाहन में लगे नम्बर प्लेट पर नजर पड़ा जिसमें आगे में सीजी-08 आर-0255 एवं पीछे में सीजी-08 आर-3265 लिखा था इस प्रकार वाहन में संदेहास्पद रूप से आगे एवं पीछे अलग - अलग नम्बर अंकित होना धोखाधड़ी की ओर इशारा कर रहा था। पूछने पर संदिग्ध व्यक्ति द्वारा संतोष जनक जवाब नहीं दिया गया।

न्यूज गैलरी

सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से बिजली बिल हुआ शून्य

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। प्रदेश में अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है। इस योजना के जरिए आम लोगों को न केवल बिजली बिल की बढ़ती चिंता से राहत मिल रही है, बल्कि ग्रीन एनर्जी को अपनाकर वे पर्यावरण संरक्षण में भी अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। अम्बिकापुर के देवेंद्रम कॉलोनी में रहने वाले मनीष कुमार गुप्ता बताते हैं कि, पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजनांतर्गत हमने अपने घर की छत पर तीन किलो वाट का सोलर पैनल लगवाया है। शासन की इस योजना के तहत हमें 78 हजार रुपए की सब्सिडी भी मिली है। तीन किलोवाट का सोलर पैनल लगवाने में करीब 1 लाख 95 हजार रुपए तक की लागत लगती है। उन्होंने बताया कि पहले उनके यहां 3 से 4 हजार रुपए तक का हर महीने बिजली बिल आता था। वहीं गर्मियों में बिजली का बिल भी बढ़ जाता था। लेकिन जब से हमने अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवाया है पिछले तीन महीने से बिजली बिल शून्य हो गया है। उन्होंने कहा कि शासन की इस योजना से अक्षय उर्जा में एक क्रांति आई है। उन्होंने सभी बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि ग्रीन उर्जा को बढ़ावा देने और अपने बिजली बिल का बजट खत्म करने के लिए इस योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं। उन्होंने इस योजना के लिए शासन का आभार व्यक्त किया।

नि :शुल्क कोचिंग के लिए चयन परीक्षा आयोजित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले के प्रतिभावान विद्यार्थियों को निशुल्क कोचिंग प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित सरगुजा 30 कोचिंग के लिए चयन परीक्षा का आयोजन आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस परीक्षा में जिले के विभिन्न विकासखंडों से कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं के कुल 548 विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा का आयोजन जिला मुख्यालय के निर्धारित परीक्षा केंद्रे पर शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से किया गया। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। प्रशासन की ओर से परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए थे। सरगुजा 30 कोचिंग का उद्देश्य जिले के मेधावी विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं और बोर्ड परीक्षाओं में सफलता दिलाने के लिए गुणवत्तापूर्ण कोचिंग प्रदान करना है। इसके अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा निशुल्क मार्गदर्शन, अध्ययन सामग्री और शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार चयन परीक्षा का मूल्यांकन कार्य शीघ्र प्रारंभ कर दिया जाएगा और पात्र विद्यार्थियों की सूची निर्धारित समय सीमा में प्रकाशित की जाएगी। चयनित विद्यार्थियों को कोचिंग कक्षाएं 1 जुलाई से प्रारंभ की जाएंगी ताकि वे आगामी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी कर सकें।

साप्ताहिक समय-सीमा बैठक आयोजित, विभागीय कार्यों में प्रगति के लिए दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

कलेक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में योजनाओं की प्रगति का लिया जायजा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक आयोजित कर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में खाद्य विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अंत्योदय, निराश्रित, प्राथमिकता, निशक्तजन एवं एपीएल श्रेणियों के अंतर्गत लाभान्वित हो रहे कुल 3,00,501 राशन कार्डधारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर राशन सामग्री प्रदाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। छात्रावासों, आश्रमों एवं स्कूलों में भी समय पर खाद्यान्न वितरण को प्राथमिकता देने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से पारदर्शी वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा उचित मूल्य दुकानों में टोल-फ्री नंबर प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए।

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने बरदाना की स्थिति, किसान पंजीयन, धान खरीदी केन्द्रों की तैयारी, राशन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया, उचित मूल्य दुकान संचालन एजेंसियों एवं ई-पीओएस प्रणाली के क्रियान्वयन की स्थिति की भी जानकारी ली।कलेक्टर ने पीएम आवास योजना, पीएम जनमन योजना, आयुष्मान कार्ड वितरण, नवीन आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य एवं खाद-बीज वितरण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को कार्यालय समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं आमजन को सेवाओं में किसी प्रकार की असुविधा न हो इस दिशा में सतत् प्रयासरत रहने को कहा। बारिश को देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राज्य मार्गों के मरम्मत कार्य सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए हैं। वहीं समाज कल्याण विभाग को विशेष शिविर लगाकर निःशक्तजनों हेतु आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र आदि सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने सभी विभागों को समय-सीमा के लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।बैठक में जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार, अपर कलेक्टर सुनील कुमार नायक एवं अमृत लाल ध्रुव, नगर निगम आयुक्त डी.एन. कश्यप, समस्त एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

पुलिस विभाग के लिए आपातकालीन चिकित्सा सेवा एवं सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यशाला

आपात चिकित्सा सेवा की जानकारी से बच सकती हैं एक जिंदगी: अमोलक

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज जिला मुख्यालय में पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों हेतु आपातकालीन चिकित्सा सेवा एवं सड़क सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं एवं अन्य आपातकालीन स्थितियों में त्वरित प्राथमिक उपचार और जीवनरक्षक तकनीकों की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. पी.एस. मार्को, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो, सिविल सर्जन डॉ. जे.के. रेलवानी, डीपीएम डॉ. पुष्पेन्द्र राम, प्रशिक्षक डॉ. श्रीकांत सिंह चौहान, नीतू केसरी, प्रशांत कश्यप, यातायात विभाग, 112 और 108 वाहन सेवा के अधिकारी-कर्मचारी तथा जिले के सभी विकासखंडों से आए पुलिस दल उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं और अन्य आपातकालीन स्थितियों में त्वरित चिकित्सकीय सहायता न मिलने के कारण कई बार लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है।

ऐसे में पुलिस विभाग का प्रशिक्षण और जागरूकता बेहद जरूरी है ताकि हादसों के समय सही प्राथमिक उपचार देकर लोगों की जान बचाई जा सके। उन्होंने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने, नशे में वाहन न चलाने तथा सड़क सुरक्षा अभियान में भाग लेने की अपील की। सिविल सर्जन डॉ. जे.के. रेलवानी ने कहा कि आज सड़क और परिवहन हर व्यक्ति के जीवन का हिस्सा बन चुका है। परिवहन व्यवस्था ने जहां दूरी घटाई है, वहीं जीवन के जोखिम को भी बढ़ा दिया है।

हर साल लाखों लोग सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाते हैं। हमारा प्रयास है कि इस तरह के प्रशिक्षणों से पुलिस और अन्य विभागों के लोग सड़क सुरक्षा और आपातकालीन स्थितियों में जीवनरक्षक उपायों को अपनाएं और दूसरों को भी जागरूक करें। प्रशिक्षक डॉ. श्रीकांत सिंह चौहान ने सड़क दुर्घटना, शर्पदंश, बिजली गिरना जैसी घटनाओं में आपातकालीन प्राथमिक उपचार और ष्टक्क्र (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) तकनीक की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हृदय गति रुकने, डूबने, बिजली का झटका लगने या सांस रुकने की स्थिति में ष्टक्क्र देने से जीवन बचाया जा सकता है। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ नीतू केसरी ने कहा कि वाहन चलाते समय मानसिक स्थिरता और इमोशनल इंटेलिजेंस जरूरी है। नशे, गुस्से या तनाव की स्थिति में वाहन चलाना दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बनता है। उन्होंने कहा कि योग, मेडिटेशन और डीप ब्रीदिंग जैसी तकनीकें मानसिक संतुलन बनाए रखने में मददगार हैं। कार्यशाला के अंत में अधिकारियों ने आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने और प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी का अधिकतम उपयोग करने का आह्वान किया।

कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ बैठकर दिए दिशा निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले ने राजस्व मामलों के त्वरित निपटारे और शैक्षिक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन और सीमांकन जैसे विभिन्न राजस्व प्रकरणों के निराकरण में महत्वपूर्ण सुधार दिखाया है। साथ ही स्कूलों में पुस्तक वितरण और स्कैनिंग प्रक्रिया में भी जिला राज्य स्तर पर दूसरे स्थान पर है।

राजस्व प्रकरणों के संवेदनशील और त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर ने विशेष प्रयास किए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ नियमित बैठके कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहा है। जिले के तीनों अनुविभागों के एसडीएम, तहसीलदार और अन्य राजस्व कर्मचारी पूरी तत्परता से कार्य कर रहे हैं। सीमांकन के मामलों में जिले ने अच्छी प्रगति की है, पिछले सप्ताह के 13वें स्थान से अब यह सातवें स्थान पर आ गया है। खाता विभाजन के प्रकरणों में भी मुंगेली ने 13वें स्थान से सातवें स्थान पर छलांग लगाई है। विवादित नामांतरण के निराकरण में भी जिला पांचवें स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। यह प्रगति जिले के राजस्व प्रशासन की दक्षता और नागरिकों को समय पर सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। शैक्षिक मामले पर भी मुंगेली जिले ने सराहनीय कार्य किया है। कलेक्टर ने शिक्षा अधिकारियों को सभी स्कूलों में शत-प्रतिशत पुस्तक वितरण और स्कैनिंग सुनिश्चित करने के लिए कड़े निर्देश दिए थे। उन्होंने स्वयं लगातार स्कूलों का दौरा कर पुस्तक वितरण व्यवस्था, स्कैनिंग प्रक्रिया और स्कूलों में आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण किया। पुस्तकों के वितरण और स्कैनिंग प्रक्रिया में मुंगेली जिला अब राज्य में दूसरे स्थान पर है। जिला शिक्षा अधिकारी सीके धृतलहरे ने बताया कि जिले के 1 हजार 70 प्राथमिक, माध्यमिक और हाई स्कूलों में 3 लाख 89 हजार से अधिक किताबें भेजी जा चुकी हैं। पहली से दसवीं कक्षा के 1 हजार 36 स्कूलों में 3 लाख 41 हजार 808 पुस्तकों की स्कैनिंग कर उनका वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

श्याम सुंदर की पहल से कसेरपारा स्कूल में फिर शुरू हुआ एडमिशन

आत्मानंद स्कूलों में शिक्षकों की कमी, बच्चों का भविष्य संकट में

सक्ती/नवप्रदेश। सक्ती जिले के जिला मुख्यालय स्थित पीएमश्री आत्मानंद स्कूल गंभीर शिक्षकीय संकट से गुजर रहा है। स्कूल में बायोलॉजी, फिजिक्स, कैमेस्ट्री, मैथमेटिक्स, कॉमर्स, आर्ट्स व एग्रीकल्चर जैसे प्रमुख विषयों के लिए शिक्षक ही नहीं हैं। इतने सारे विषयों में केवल दो विषयों के ही शिक्षक उपलब्ध हैं। इसके अलावा, प्रायमरी सेक्शन में 3 और मिडिल सेक्शन में 2 शिक्षकों की भी भारी कमी बनी हुई है, जिससे बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है।सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इसी विद्यालय परिसर में जिला शिक्षा अधिकारी (ष्ठश्वह्र) का कार्यालय स्थित है, जिसे पालकों द्वारा लिखित रूप में कई बार अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद अब तक शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अभिभावकों का कहना है कि अगर समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो बच्चों का भविष्य अंधकार में चला जाएगा। इसी तरह की शिक्षकीय संकट की स्थिति कसेरपारा स्थित आत्मानंद स्कूल में भी देखने को मिली, जहां कक्षा 11वीं और 12वीं में कॉमर्स विषय के शिक्षक की अनुपलब्धता के कारण छात्रों का एडमिशन रोक दिया गया था। इस बात की जानकारी मिलने पर अभिभावकों ने नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल से संपर्क किया।नगर प्रमुख अग्रवाल ने इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए विद्यालय प्राचार्य पीली गबेल से बात की, जहाँ यह स्पष्ट हुआ कि शासन की ओर से कॉमर्स विषय के लिए कोई शिक्षक नियुक्त नहीं किया गया है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए अग्रवाल ने अपने निजी वहन पर शिक्षक दीपक जी को उपलब्ध कराया और स्कूल में एडमिशन प्रक्रिया फिर से शुरू करवाई। नगर में उनकी इस संवेदनशीलता और तत्परता की भूरी-भूरी प्रशंसा हो रही है।

जिले में अब तक 125.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। भू अभिलेख शाखा के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि जिले के सभी तहसीलों में 24 घण्टे के दौरान 125.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान सर्वाधिक 7.7 मि.मी. वर्षा तहसील अम्बिकापुर में दर्ज की गई है। इसे मिलाकर पूरे जिले में 1 जून से अब तक 125.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज़ की गई है। उन्होंने बताया कि 01 जून 2025 से 30 जून 2025 तक अम्बिकापुर में 126.5, दरिमा में 91.4, लुण्ड्रा में 139.5, सीतापुर में 178.2, लखनपुर में 115.8, उदयपुर में 75.9, बतौली में 139.1एवं मैनपाट में 140.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

रामगोपाल तिवारी वार्ड में लोगों ने पीएम मोदी की मन की बात सुनी

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ नगर मण्डल के कार्यकर्ताओं ने रामगोपाल तिवारी वार्ड बूथ क्रमांक 85 में देखी व सुनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम। रामगोपाल तिवारी वार्ड क्रमांक एक के अध्यक्ष राहुल पाठक के निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 123वीं मन की बात कार्यक्रम देखने व सुनने की व्यवस्था की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में कहा कि योग,आपातकाल के साथ ही विभिन्न प्रान्तों में व्यक्तिगत कार्यो से अपना व समाज तथा राष्ट्र के लिए योगदान देने वालों की चर्चा कर उनके कार्यों की सराहना की। मन की बात देखने सुनने हेतु उपस्थित रहे प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य गिरीश शुक्ला, जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, पूर्व अध्यक्ष शैलेश पाठक, वरिष्ठ नेता द्वारिका जायसवाल, मोहन भोजवानी, सुनील पाठक, मिट्ठूलाल यादव, राणाप्रताप सिंह, गणेश बाजपेयी, जयप्रकाश मिश्रा, रमेश बुनकर, अमितेष आर्य, हीरालाल साहू, दिनेश पाठक, लववीर गुप्ता, प्रमोद पाठक, विनय मिश्रा, विजय यादव, महावीर सिंह, रोशन, निमेश, यश, वैभव ताम्रकर, प्रमोद साहू, सागर सोनी, आकाश मिश्रा, आयुष यादव, मुकेश मिश्र, शैलेन्द्र मिश्रा, प्राची सोनी, रिंशु मिश्रा, अदिति मिश्रा, राशि मिश्रा आदि उपस्थित रहे। इसी तरह जिले के सभी 11 मण्डलों के बूथों में मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शक्ति केंद्र में प्रधानमंत्री की मन की बात का सुना प्रसारण

लखनपुर/नवप्रदेश। रविवार को मंडल स्तरीय प्रधानमंत्री के मन की बात का 123 वीं कड़ी रेडियो प्रसारण सुना गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने विचार साझा करते हुये अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा आंख की ईलाज, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की आपातकाल को संविधान का हत्या कहा इस संदर्भ में मुरारजी देसाई के वक्तव्य सुनाये। तीर्थ यात्रीयों कैलाश मानसरोवर यात्रा जाने पर शुभकामनाएं दी। आजिविका मिशन से जुड़ी महिलाओं का तारीफ किये। खेल जगत से जुड़े युवा की सराहना किया। तीर्थ यात्रियों के यात्रा को सरल सफल बनाने में जुटे लोगों की प्रशंसा किये।

फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प

बलरामपुर/नवप्रदेश। रामानुजगंज स्थित श्री राम मंदिर में कला और साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती एवं नई पहचान फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान जिला वन विभाग बलरामपुर के सौजन्य से में महाप्रभु जगन्नाथ जी का भव्य उत्सव बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर जिले के कुसमी और तांबेश्वर नगर से आए कलाकारों ने मनमोहक गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के तिलक कर स्वागत से हुई। मंच पर मुख्य रूप से कन्हैया अग्रवाल, शैलेश गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता, शर्मिला गुप्ता सहित सैकड़ों श्रद्धालु और क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। संस्कार भारती के जिला अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए पर्यावरण संरक्षण पर बल दिया। तत्पश्चात अरुण केसरी, संजय गुप्ता, नई पहचान फाउंडेशन के सचिव अंजय मेहता एवं पं. दामोदर मिश्र द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्कार भारती छत्तीसगढ़ प्रांत के पदाधिकारी और नई पहचान फाउंडेशन के अध्यक्ष पवन कुमार पाण्डेय ने किया। उन्होंने कहा, महाप्रभु जगन्नाथ जी की कृपा से हम सभी आज इस पावन अवसर को मना पा रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण एक देवकार्य है और हर पेड़ में भगवान का वास है। हमें इस दिशा में सामूहिक प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में जिन कलाकारों ने प्रस्तुति दी उनमें प्रमुख रूप से काला चंद विश्वास, गीता मलिक, कल्याण मंडल, संतोषी विश्वास, नीलिमा वेद, गीता मंडल, राजकुमारी आइस, काजल चक्रवर्ती तथा प्रसिद्ध तबला वादक जय मिताई विश्वास शामिल रहे। कुसमी से आए आयुषी गुप्ता, शानवी गुप्ता, स्वर्णिका सोनी, अन्या ठाकुर, जानवी साहू, खुशबू सिंह सहित 50 से अधिक कलाकारों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुतियाँ दीं।

सीधा संवाद...

जनपद पंचायत अम्बिकापुर अंतर्गत 66 ग्रामों में चलाया जा रहा अभियान

धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत ग्राम मेंद्राकला में शिविर आयोजित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जनजातीय क्षेत्रों में समग्र विकास और शासकीय योजनाओं की जानकारी देने और उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से आज जनपद पंचायत अम्बिकापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मेंद्राकला (सम्मिलित 16 ग्राम) में धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को उनके अधिकारों और योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। शिविर में जिला पंचायत सदस्य पायल सिंह तोमर, जनपद सदस्य विजय कुमार व्यापारी, संजय कुमार रजवाड़े, शोभा भगत, पूर्व जनपद सदस्य संजय रजवाड़े, लवी अग्रवाल, ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच, पंचगण, तथा सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में ग्रामीणों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। अधिकारियों ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, आयुष्मान भारत योजना, शौचालय निर्माण, खाद्यान्न सुरक्षा योजना सहित विभिन्न योजनाओं के तहत मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। इसके साथ ही आवेदन की प्रक्रिया, पात्रता शर्तें और समय-सीमा से अवगत कराया गया। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ उठाने और अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी गईं। कई ग्रामीणों ने आवास योजना, पेंशन योजना, जल-निकासी, सड़क और बिजली जैसी बुनियादी समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभागों को दिए आवेदन।

अनूठी पहल ग्राम पंचायतों में 125 संरचनाओं का निर्माण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले में मोर गांव मोर पानी महाभियान के तहत जल संरक्षण और भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर विलास भोसकर और जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में मनरेगा योजना के तहत जल संवर्धन के लिए विभिन्न संरचनाओं का निर्माण तेज गति से जारी है। जनपद पंचायत उदयपुर के पांच पंचायतों में पलका, फुलचूही, रिखी, ललाती और केसमा इस महाभियान का केंद्र बनी हैं। यहां पहाड़ी ढलानों पर कुल 125 संरचनाएं बनाई जा रही हैं, जिनमें स्ट्रेगर ट्रेंच, कंटूर ट्रेंच, वाटर एब्जॉरप्शन ट्रेंच, लूज बोल्डर चेक डैम, गली प्लग और डबरी शामिल हैं। इन संरचनाओं का मुख्य उद्देश्य बरसात के मौसम में नालों के माध्यम से बहकर व्यर्थ जाने वाले पानी को रोकना और उसे धरती में समाहित कर भू-जल स्तर को बढ़ाना है। इन कार्यों की योजना बनाने और कार्यान्वयन में आधुनिक तकनीक (जियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम) का उपयोग किया जा रहा है।

गड़बड़ी और लापरवाही के खिलाफ थमाया नोटिस, एक सप्ताह में जवाब देने के निर्देश

कृषि विभाग की टीम ने बिल्हा और मस्तूरी ब्लाक के आधा दर्जन खाद व कृषि दवाई दुकानों में दी दबिश

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देश पर कृषि विभाग की टीम ने फिर छापामार शैली में कार्रवाई की। उन्होंने बिल्हा और मस्तूरी ब्लॉक के आधा दर्जन खाद और कृषि दवाई दुकानों में दबिश दी। गड़बड़ी और लापरवाही पाए जाने पर उन सभी को शो कॉज नोटिस जारी किया गया है। एक सप्ताह में कमियां दुरुस्त कर उनसे रिपोर्ट तलब की गई है। अन्यथा लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खाद, बीज और कृषि दवाइयों की जमाखोरी और कालाबाजारी पर लगाम कसने के सख्त निर्देश जिला प्रशासन को दिए हैं। इस क्रम में कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर उप संचालक कृषि द्वारा टीम गठित की तत्परता पूर्वक कार्रवाई की जा रही है। उप संचालक पीडी हथेश्वर ने बताया कि जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा विकासखण्ड-बिल्हा और मस्तूरी अन्तर्गत मेसर्स किसान मितान कृषि केन्द्र मोपका, मेसर्स अमृत कृषि केन्द्र सीपत, मेसर्स अग्रवाल खाद भण्डार मल्हार, मेसर्स गुप्ता खाद भण्डार मल्हार, मेसर्स गणेश खाद भण्डार मल्हार एवं मेसर्स कैवर्त कृषि केन्द्र मल्हार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमे मेसर्स किसान मितान कृषि केन्द्र मोपका वि.ख. बिल्हा में उर्वरक एवं बीजों का निर्धारित प्रारूप में स्टॉक पंजी का संधारण नहीं किया जा रहा था। मूल्य और उपलब्ध खाद की मात्रा सूची प्रदर्शित नहीं किये जाने के साथ ही सप्ताहिक एवं मासिक प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराने तथा बीज अनुज्ञप्ति में बिना प्रविष्टि कराये कम्पनियों के बीजों का भण्डारण किये जाने के कारण शो कॉज नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। मेसर्स अमृत कृषि केन्द्र सीपत में मूल्य-स्टॉक सूची प्रदर्शित नहीं एवं निर्धारित प्रारूप में स्कंध एवं बिल बुक नहीं पाये जाने पर नोटिस जारी किया गया। मेसर्स अग्रवाल खाद भण्डार मल्हार को मूल्य, स्टॉक सूची प्रदर्शित नहीं एवं निर्धारित प्रारूप में स्कंध एवं बिल बुक नहीं पाये जाने तथा उर्वरक अनुज्ञप्ति में समावेश कराये कम्पनियों के उर्वरकों के अतिरिक्त अन्य कम्पनी के उर्वरकों का भण्डारण किये जाने के कारण नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। मेसर्स गुप्ता खाद भण्डार मल्हार को बिल बुक निर्धारित प्रारूप में संधारण करने हेतु चेतवानी दी गई। मेसर्स गणेश खाद भण्डार मल्हार को अनुज्ञप्ति में फार्म ओ समावेश कराने, निर्धारित फार्मेट में बिल एवं स्कंध संधारण नहीं किये जाने के कारण करने नोटिश जारी किया गया।

निर्धारित फार्मेट में नहीं दे रहे बिल

इसी प्रकार मेसर्स कैवर्त कृषि केन्द्र मल्हार को कीटनाशक एवं बीज अनुज्ञप्ति में बिना प्रिसिंपल सर्टिफिकेट समावेश के कीटनाशक औषधियों पर विक्रय करने, क्रेताओं को निर्धारित फार्मेट में बिल नहीं दिये जाने, स्कंध पंजी का संधारण नहीं किये जाने पर जवाब तलब किया गया है। जिला स्तरीय निरीक्षण दल में अनिल कुमार शुक्ला सहायक संचालक कृषि, उमेश कश्यप ग्रा.कृ.वि.अ., विजय धीरज ग्रा.कृ.वि.अ., कार्यालयीन एवं विकासखण्ड मस्तूरी से ए.के.आहिरे प्र.व.कृ.वि.अ., एवं अनामिका वर्मा कृ.वि.अ.उर्वरक निरीक्षक उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

कृषि स्थाई समिति की बैठक आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मस्तूरी में कृषि स्थाई समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें सभापति मनोज खरे, जनपद सदस्य प्रतिनिधि कार्तिक पटेल, जनपद सदस्य प्रतिभा अंचल, चांदनी रातरे, मंजू देवी कुर्रे की उपस्थित रहे। साथ ही ए के आहिरे एसएडीओ, डॉ यशवंत डहरिया पशु चिकित्सा, निशा चंदेल उद्यान अधीक्षक, शकुंतला जायसवाल मत्स्य निरीक्षक उपस्थित रहे, जिसमें कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग के योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही मत्स्य विभाग से 2 जलाशय जेवरा एवं बिटकुला के लीज हेतु इश्तहार एवं आवेदन लेने संबंधी प्रस्ताव पारित हुए। कृषि विभाग से कार्यालय मरम्मत ,परिसर का बाउंड्रीवाल एवं मुख्य मार्ग से कार्यालय तक 200 मीटर सीसी रोड निर्माण साथ ही कार्यालय में चौकीदार रखने , परिसर में 1600 वर्ग मीटर क्षेत्र में समतलीकरण हेतु प्रस्ताव पारित किया गया।

डीईओ पर निलंबन और बहाली को प्रताड़ना व दबाव का हथियार बनाने का आरोप

जेडी शिक्षा कार्यालय के सामने किसान मजदूर छात्र शिक्षक बेरोजगार महासंघ ने किया प्रदर्शन

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर संभागीय शिक्षा विभाग में संयुक्त संचालक (जेडी), डीईओ एवं बीईओ की मनमानी और जिला प्रशासन की निष्क्रियता के विरोध में शिक्षक संगठन ने आज धरना प्रदर्शन किया गया। जिसके बाद जेडी बिलासपुर को ज्ञापन सौंपा गया।

धरना के बाद तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष जेडी शिक्षा संभाग बिलासपुर से प्रतिनिधि मंडल ने भेंट कर सभी बिंदुओं पर जेडी आर पी आदित्य से चर्चा हुई है। चर्चा में पेंशन भुगतान एवं डीईओ बीइओ के विरुद्ध जांच एवं शीघ्र कार्यवाहीं करने की बात कही और मुकेश मिश्रा सहायक संचालक के खिलाफ कार्यवाही एवं युक्तियुक्त करण में गड़बड़ियों के बिन्दुओं पर कार्रवाई करने के लिए गोलमोल जवाब दिया गया। राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं सचिव स्कूल शिक्षा विभाग रायपुर को दिए गए ज्ञापन के सभी 12 बिंदुओं पर यदि 15 दिनों तक कोई संतोष जनक कार्यवाही नहीं हुई तो फिर से उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है। इस संबंध में जानकारी लेने पर संयुक्त संचालक आरपी आदित्य ने बताया कि इन्होंने पांच बिंदु को लेकर के ज्ञापन दिया गया था जिस पर दो बिंदु इनसे रिलेटेड है। जिसका जवाब इनको दे दिया गया है, अन्य शेष बिंदु से प्रदर्शनकारियों का लेना-देना नहीं है, इसलिए इस संबंध में उन्हें जानकारी नहीं दी गई है। जेडी श्री आदित्य ने आगे बताया कि ज्ञापन में मिली शिकायतों के संबंध में जांच की जाएगी और शिकायत सही पाए जाने पर उचित कार्रवाई होगी। वहीं संघ के सदस्यों ने बताया कि धरना प्रदर्शन का निर्णय तब लिया गया जब आंदोलन की पूर्व चेतावनी के बावजूद विभागीय प्रमुखों ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। संगठन के सदस्यो ने आरोप लगाया है कि स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण में नियमों को दरकिनार कर पक्षपातपूर्ण व मनमानीपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं, जिससे शिक्षकों को प्रताड़ित होना पड़ रहा है।

डीईओ कर रहे मनमानी

संयोजक श्याममूरत कौशिक ने डीईओ बिलासपुर पर आरोप लगाते हुए कहा कि डीईओ अनिल तिवारी ने युक्तियुक्तकरण में अपने चहेतों को बचाने के लिए नियमों को दरकिनार कर नए नियम बनाकर उन्हें लाभ दिया है। युक्तियुक्तकरण के माध्यम से अपने रिश्तेदारों को पसंद के अनुसार पोस्टिंग दी है। इस पर जांच होनी चाहिए और डीईओ अनिल तिवारी को जल्द से जल्द हटा देना चाहिए। डीईओ के पास कोई शिकायत लेकर जाओ तो अस्वस्थता का हवाला देते हैं, लेकिन अन्य जिलों का प्रभार लेने में इन्हें कोई दिक्कत नहीं होती।

रेलवे की बैठक में यात्री सुविधाओं व रेल विकास से संबंधित कार्यों पर चर्चा

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले संसदीय क्षेत्रों के सांसदों की बैठक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के साथ आज आयोजित की गई। प्रथम तल सभागार मंडल कार्यालय रायपुर में आयोजित यह बैठक सौहाद्रपूर्ण तथा सहयोगात्मक माहौल में बृजमोहन अग्रवाल, सांसद रायपुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । इस बैठक में बृजमोहन अग्रवाल, सांसद / रायपुर लोकसभा, विजय बघेल - सांसद/ दुर्ग लोकसभा, भोजराज नाग- सांसद/ कांकेर लोकसभा, महेश कश्यप - माननीय सांसद/ बस्तर लोकसभा, रूपकुमारी चौधरी, सांसद/ महासमुन्द लोकसभा, रंजीत रंजन, सांसद/राज्य सभा सहित सांसदों के प्रतिनिधि, अरुण सिंह चौहान (तोखन साहू - राज्यमंत्री / आवास एवं शहरी मंत्रालय भारत सरकार), सद्दाम सोलंकी (फूलोदेवी नेताम, सांसद/ राज्यसभा), एवं मंडल रेल प्रबंधक रायपुर दयानंद, मुख्यालय के प्रधान विभागाध्यक्ष एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित रहे । बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, तरुण प्रकाश ने उपस्थित सांसदों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी के मार्गदर्शन और बहुमूल्य सुझाव का लाभ हमें अपनी सेवाओं को बेहतर करने में मिलेगा। बैठक में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की उपलब्धियों, यात्री सुविधाओं तथा विकासात्मक कार्यों का ब्यौरा माननीय सांसदों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम में श्री दयानंद, मंडल रेल प्रबंधक ने रायपुर मंडल में यात्री सुविधाओं से संबन्धित किए जा रहे कार्य, आधारभूतसंरचना का विकास, अमृत भारत स्टेशनों पर जारी विकास कार्यों, गाड़ियों का क्षमता आवर्धन, वरिष्ठ व दिव्यांगजनों एवं महिलाओं के लिए उपलब्ध विशेष सुविधाएं जैसे अक्षिता सेफ बबल, मेरी सहेली अभियान आदि का विशेष उल्लेख किया गया।

न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति एक नौकरी नहीं बल्कि एक पवित्र उत्तरदायित्व है: सीजे सिन्हा

■ **विलंबित न्याय, अन्याय के समान**

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्य न्यायाधीश एवं न्यायिक अकादमी के मुख्य संरक्षक चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के नेतृत्व में, छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी, बिलासपुर द्वारा आज नव नियुक्त सिविल न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) के लिए प्रथम चरण के इंडक्शन ट्रेनिंग कार्यक्रम (3 माह) का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 30 जून, से 27 सितम्बर तक आयोजित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में न्यायमूर्ति रजनी दुबे, न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी की उपस्थिति रही।

मुख्य न्यायाधीश ने अपने प्रभावशाली संबोधन में नव नियुक्त न्यायिक अधिकारियों को न्यायिक सेवा में चयनित होने पर बधाई दी एवं ध्यान आकर्षित किया कि, न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति केवल एक नौकरी नहीं है, बल्कि यह एक पवित्र उत्तरदायित्व है। विधि के शासन को बनाए रखने एवं सामान्य नागरिक को न्याय सुनिश्चित करने के लिए उन्हें यह पवित्र उत्तरदायित्व सौंपा गया है। उन्होंने सतत् अध्ययन, न्यायिक आचार संहिता एवं विनम्रता के महत्व को रेखांकित किया, एवं नव नियुक्त न्यायिक अधिकारियों को प्रशिक्षण के प्रति समर्पण एवं ईमानदारी से जुड़ने हेतु प्रेरित किया, क्योंकि इस प्रशिक्षण अवधि के दौरान रखी गई नींव उनके भविष्य के न्यायिक आचरण एवं क्षमता को आकार देगी। यहीं निचली अदालतों में, न्याय की सच्ची छवि जनता के मन में बनती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि न्यायिक सेवा की यह यात्रा निरंतर अध्ययन, निर्भीक स्वतंत्रता और न्याय के प्रति अटूट समर्पण से परिपूर्ण होगी। कार्यक्रम में उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्री एवं न्यायिक अकादमी के अधिकारीगण की भी उपस्थिति रही।

समय की पाबंदी व धैर्य अच्छे न्यायाधीश की पहचान

मुख्य न्यायाधीश ने समय की पाबंदी, तैयारी और धैर्य को एक अच्छे न्यायाधीश की पहचान बताया, साथ ही स्मरण कराया कि विलंबित न्याय, अन्याय के समान है और कभी-कभी, जल्दबाज़ी में किया गया न्याय भी अन्याय ही होता है। इसलिए गति और न्याय के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। अब आप न्याय के संरक्षक हैं, उस स्तर पर जहाँ सामान्य नागरिक न्याय प्रणाली से पहली बार जुड़ता है।

बलौदा समपार आवश्यक रख रखाव के लिए 3 से 6 तक रहेगी बंद

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत नैला-अकलतरा स्टेशनों के मध्य किमी. 677/01-03 पर स्थित मानव सहित समपार संख्या 345 (बलौदा फाटक) को 3 जुलाई रात्रि 10 बजे से 4 जुलाई प्रातः 8 तक, 4 जुलाई रात्रि 10 बजे से 5 जुलाई प्रातः 6 तक तथा 5 जुलाई रात्रि 10 बजे से 6 जुलाई प्रातः 8 बजे तक रेल लाइन मरम्मत कार्य हेतु सड़क यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है।

मंडल रेल परिवार के 52 सदस्यों को दी गई भावभीनी विदाई

बिलासपुर /नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत् 52 रेल परिवार के सदस्य माह जून 2025 में अपनी गौरवशाली रेल सेवा पूर्ण करने के पश्चात् सेवानिवृत्त सेवानिवृत्त हुये ।

मंडल कार्मिक सभाकक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त हो रहे समस्त कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई । इस अवसर पर मंडल कार्मिक अधिकारी रुहिना तुफैल खान के करकमलों से सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मचारियों को बंदोबस्त भुगतान से संबंधित समस्त दस्तावेज, सेवा प्रशस्ति प्रमाण-पत्र एवं सेवा मैडल आदि प्रदान किया गया। इस दौरान मुख्य कार्यालय अधीक्षक (आईटी) सेवक रजक द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उम्मीद कार्ड (मेडिकल) व बंदोबस्त से संबन्धित नियमों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन, कल्याण निरीक्षक तथा कार्मिक निपटारा शाखा के कर्मचारीगण उपस्थित थे। मंडल के सेवानिवृत्त हो रहे 52 रेल परिवार के सदस्यों में परिचालन विभाग से 14, इंजीनियरिंग विभाग से 10, विद्युत विभाग से 11, यांत्रिक विभाग से 03, चिकित्सा विभाग से 03, कार्मिक विभाग से 01, सिग्नल व दूरसंचार से 04 तथा वाणिज्य विभाग से 06 कर्मचारी शामिल हैं। इस अवसर पर मंडल कार्मिक अधिकारी रुहिना तुफैल खान ने रेलवे प्रशासन की ओर से सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनकी गौरवशाली रेल सेवा के लिए बधाई दी। मंडल रेल प्रशासन अपने समर्पित कर्मचारियों की दीर्घकालिक सेवा को ससम्मान याद रखते हुये उनके जीवन की नई चरण के लिए शुभकामनायें प्रेषित करता है।

केंद्रीय जेल में आपातकाल स्थिति से कैसे निपटें, एसडीआरएफ ने दिया प्रशिक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय जेल बिलासपुर में आपातकालीन स्थिति से किस तरह निपटा जाए इसके लिए एसडीआरएफ टीम के नेतृत्व में फायर सेफ्टी ट्रेनिंग किया गया। जेल अधीक्षक खोमेश मंडावी ने बताया कि आपातकाल स्थिति में किस तरह निपटना है इसे लेकर ट्रेनिंग का आयोजन किया गया था। यह ट्रेनिंग एक घंटे चली। सुबह 10.30 बजे से 11.30 बजे तक जेल के 20 से 22 स्टाफ ने प्रशिक्षण लिया। अनुभवी टीम के साथ प्रशिक्षण करने से स्टाफ का भी मनोबल बढ़ा।

20 से 22 स्टॉफ ने लिया प्रशिक्षण

जेल अधीक्षक श्री मंडावी ने आगे बताया कि एसडीआरएफ की टीम के साथ यह पहला प्रशिक्षण केंद्रीय जेल में आयोजित किया गया था। इसके पहले मॉक ड्रिल या दूसरे टीम के साथ समय-समय पर ट्रेनिंग का आयोजन किया जाता है। इस तरह के ट्रेनिंग से सिपाही में जोश व उत्साह बढ़ता है। नियुक्ति के बाद इस तरह के पार्ट टाइम कोर्स करवाना जरुरी रहता है। वर्तमान में केंद्रीय जेल में स्टाफ परेड, क्विक रिस्पांस टीम का गठन किया गया है आगे भी केंद्रीय जेल में इस तरह की ट्रेनिंग का आयोजन किया जाएगा, जिससे आपातकालीन स्थिति में सिपाही अलर्ट मोड में रहें और किस स्थिति में क्या निर्णय लेना है बिना समय गंवाए यह निर्णय कर पाएं।

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर निगम स्थित जोन कार्यालय 5 का आज उद्घाटन स्थानीय विधायक अमर अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर महापौर पूजा विधानी, सभापति विनोद सोनी, वार्ड पार्षद व जोन अध्यक्ष रंगा नादम सहित अन्य उपस्थित थे।

ज्ञापन 3 महीने का चावल नहीं बंटा मियांद खत्म, तिथि बढ़ाने की मांग, नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप कांग्रेस पार्षदों के साथ कलेक्टर से मिले

सरकारी जमीन पर महापौर का ईंट भट्टा, कांग्रेस पार्षद दल ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। महापौर द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा कर के अवैध रूप से ईंट भट्ट का संचालन किए जाने के मामले में आज कांग्रेस पार्षद दल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेसियों ने कहा कि महापौर सरकारी जमीन पर कब्जा कर अवैध ईंट भट्टे का संचालन, कर रही हैं जिस पर उचित कार्रवाई की मांग की।

नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप ने कहा कि राशन दुकान में हितग्राहियों को 30 जून तक सभी हितग्राहियों को चावल का आवंटन नहीं हुआ है, 3 महीने का चावल वितरण करने के लिए नेता प्रतिपक्ष सहित पार्षद दल ने तिथि बढ़ाने की मांग कलेक्टर से की है। नेता प्रतिपक्ष श्री कश्यप ने कांग्रेस पार्षदों के साथ कलेक्टर संजय अग्रवाल से मुलाकात कर बताया कि महापौर पूजा विधानी एवं एवं उनके पति के द्वारा देवरी खुर्द तथा बूटापारा में अवैध रूप से सरकारी जमीन पर कब्जा करके ईंट भट्टी का संचालन किया जा रहा है। निगम द्वारा शहर के सभी अवैध कब्जाधारियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके बावजूद महापौर श्रीमती विधानी निजी जमीन होने के बाद भी उससे कुछ दूरी पर सरकारी जमीन में कब्जा कर ईंट भट्ठे का संचालन कर रहीं हैं। पार्षद दल मौके पर जाकर जगह का निरीक्षण भी किया है। नेता प्रतिपक्ष श्री कश्यप ने शिकायत करते हुए कहा कि इस मामले में उच्च स्तरीय कार्रवाई होनी चाहिए। शहर के अतिक्रमण में लगातार निगम द्वारा कार्रवाई की जा रही है ऐसे में यह कार्रवाई महापौर के ईंट भट्ठे पर अभी तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की? नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि शहर में अवैध निर्माण थोड़ी जा रहे हैं और सरकारी जमीन पर से कब्जा हटाया जा रहा है फिर महापौर के ईंट भट्टे पर कार्रवाई क्यों नहीं की?

जांच के बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन

तिफरा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू ने कहा कि महापौर द्वारा निजी जमीन को छोड़कर शासकीय जमीन में कब्जा का ईंट भट्ठे का संचालन करना नियम विरुद्ध है। कलेक्टर से मिलकर इस संबंध में ज्ञापन दिया गया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आश्वासन देते हुए कहा है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। श्री साहू ने कहा कि जिले में 6 सौ से अधिक राशन दुकानें हैं उसके बाद भी 70 प्रतिशत हितग्राहियों को तीन महीने का चावल मिल पाया है। इस ओर भी कलेक्टर का ध्यान आकर्षण किया गया।

न्यूज गैलरी

दो पहिया वाहनों को लेकर सरकार का बड़ा कदम, जारी किया नोटिफिकेशन

नई दिल्ली। सरकार ने सड़क सुरक्षा को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से दोपहिया वाहनों के लिए नए महत्वपूर्ण नियम प्रस्तावित किए हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी एक मसौदा अधिसूचना के अनुसार, नए नियम के तहत दोपहिया वाहन निर्माता को वाहन खरीदते समय दो हेलमेट उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। साथ ही, 1 जनवरी 2026 से 50 सीसी से अधिक इंजन क्षमता वाले या 50 किमी/घंटा से अधिक गति वाले दोपहिया वाहनों में एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम लगाना भी आवश्यक होगा।मौजूदा हालात में, दोपहिया वाहन चालक के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य है, लेकिन अक्सर पीछे बैठने वाले यात्री के लिए यह नियम सख्ती से लागू नहीं होता। इस नए प्रस्ताव के अनुसार, वाहन खरीदने के समय निर्माता दो हेलमेट प्रदान करेगा, जो भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित विनिर्देशों के अनुरूप होंगे। इससे न केवल चालक बल्कि पीछे बैठे यात्री की भी सुरक्षा सुनिश्चित होगी। यह कदम दुर्घटना के दौरान सिर की चोटों को कम करने में मददगार साबित होगा।यह नियम केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 में प्रस्तावित संशोधन के तहत लागू होगा और आधिकारिक राजपत्र में इसे प्रकाशित किए जाने के तीन महीने के भीतर प्रभावी हो जाएगा। हालांकि, मोटर वाहन अधिनियम की धारा 129 के तहत कुछ व्यक्तियों को इस नियम से छूट दी जाएगी। सड़क सुरक्षा के एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू के रूप में, 1 जनवरी 2026 से सभी नए ख्2 श्रेणी के दोपहिया वाहन, जिनकी इंजन क्षमता 50 सीसी से अधिक या अधिकतम गति 50 किमी/घंटा से अधिक है, उन्हें एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (ক্সু) से लैस होना अनिवार्य होगा।ক্সু के कारण अचानक ब्रेक लगाने पर पहिये लॉक नहीं होंगे, जिससे वाहन का नियंत्रण बेहतर होगा और स्किडिंग या फिसलने की संभावना कम हो जाएगी। यह ক্সু भारतीय मानक ढ्रस14664ः2010 के अनुरूप होगा, जो इसके प्रदर्शन और सुरक्षा को सुनिश्चित करता है।सरकार ने इन प्रस्तावित नियमों को जनता और संबंधित हितधारकों के सुझाव और आपत्तियों के लिए 30 दिनों के लिए खोल रखा है। इच्छुक व्यक्ति या संस्थान अपने सुझाव पर ईमेल द्वारा भेज सकते हैं। इससे सरकार को नियमों को और बेहतर बनाने और व्यापक सहमति प्राप्त करने में मदद मिलेगी। यह प्रस्तावित नियम दोपहिया वाहन चालक और यात्रियों की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। दो हेलमेट की अनिवार्यता से सवार सभी व्यक्तियों की सुरक्षा बढ़ेगी और ক্সু के उपयोग से ब्रेकिंग के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी।

प्राइम मेंबर्स के लिए खास तौर पर तैयार, नई लॉन्चिंग्स, धमाकेदार डील्स, जबरदस्त एंटरटेनमेंट और ढेर सारी शानदार पेशकशें

अमेजन इंडिया ने प्राइम डे 2025 की घोषणा की: 12 से 14 जुलाई तक तीन दिन, शानदार डील्स और बढ़ी

बेंगलुरु। अमेजन इंडिया ने आज घोषणा की कि प्राइम डे 2025 भारत में पहली बार तीन दिन तक मनाया जाएगा। यह खास सेल 12 जुलाई की रात 12:00 बजे शुरू होकर 14 जुलाई की रात 11:59 बजे तक चलेगी। इन 72 घंटों में प्राइम मेंबर्स के लिए जबरदस्त डील्स, शानदार बचत, नई लॉन्चिंग्स और एक्सक्लूसिव एंटरटेनमेंट का मज़ा मिलेगा, और यह सब कुछ खासतौर पर प्राइम ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है। इस बार भारत में पहली बार प्राइम मेंबर्स को 24 घंटे अतिरिक्त शॉपिंग का मौका मिलेगा, जिससे वे बड़े ब्रांड्स और छोटे व्यवसायों से समान रूप से खरीदारी कर सकेंगे। साथ ही, प्रमुख बैंकिंग पार्टनर्स की ओर से मिलने वाले खास ऑफर्स का भी लाभ उठा सकेंगे। ग्राहक आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड्स, एसबीआई क्रेडिट कार्ड्स और आईसीआईसीआई व एसबीआई क्रेडिट कार्ड्स पर ईएमआई के जरिए भुगतान करके 10प्रतिशत तक की अतिरिक्त बचत कर सकते हैं।

इस प्राइम डे पर प्राइम मेंबर्स को 400 से भी ज्यादा टॉप भारतीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के हजारों नए प्रोडक्ट्स की लॉन्चिंग पर एक्सक्लूसिव अर्ली एक्सेस मिलेगा। इसके अलावा, छोटे और मध्यम व्यवसायों (एसएमबी) के उत्पाद भी खास ऑफर्स के साथ उपलब्ध होंगे। तीन दिन चलने वाला यह वार्षिक उत्सव प्राइम सदस्यों के लिए शानदार डील्स, धमाकेदार एंटरटेनमेंट, जबरदस्त बचत और ढेर सारी खास पेशकशें लेकर आ रहा है। स्मार्टफोन्स, टीवी, अप्लायंसेज, फैशन और ब्यूटी, ग्रॉसरी और डेली एसेंशियल्स, अमेज़न डिवाइसेज़, होम व किचन प्रोडक्ट्स, फर्नीचर और बहुत कुछ, हर कैटेगरी में मिलेगा बेहतरीन शॉपिंग का अनुभव और बड़ी बचत।

भारत और उभरते बाजारों के लिए प्राइम, डिलीवरी और रिटर्न्स निदेशक अक्षय साही ने कहा, ÷प्राइम डे हमेशा से हमारे सदस्यों के लिए एक उत्सव रहा है ङ्क जहां उन्हें नई लॉन्चिंग्स, बेहतरीन डील्स और ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट का अनुभव मिलता है, वो भी तेज़ डिलीवरी के साथ। इस साल, पहली बार हम प्राइम डे को तीन पूरे दिनों तक बढ़ा रहे हैं, जिससे हमारे सदस्यों को शॉपिंग, सेविंग और मनोरंजन का आनंद लेने के लिए और भी ज्यादा समय मिलेगा। हमें इस बार की जबरदस्त रेंज, नई पेशकशों और शानदार डील्स को लेकर बेहद खुशी है, जो हमने खासतौर पर अपने प्राइम मेंबर्स के लिए तैयार की हैं।

प्राइम डे 2025 की एक खास झलक

- 72 घंटे की जबरदस्त शॉपिंग और बचतः यह सेल 12 जुलाई की रात 12:00 बजे शुरू होकर 14 जुलाई की रात 11:59 बजे तक चलेगी, यानी पूरे 72 घंटे तक शॉपिंग और सेविंग का बेहतरीन मौका।

- नई लॉन्चिंग्स और एक्सक्लूसिव डील्स का मौकाः इस प्राइम डे पर प्राइम मेंबर्स को 400 से ज्यादा टॉप भारतीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स जैसे ङ्क हार्ले डेविडसन, सैमसंग, इंटेल, वनप्लस, आईक्यूओओ, एचपी, आसुस, बोट, लेनोवो, मोकोबारा, अमेरिकन टूरिस्टर, प्यूमा, एडिडास, लिबास, वैन ह्यूसेन, एलन सॉली, यूएसपीए, बोरोसिल, अगरो, एटमबर्ग, क्रॉम्पटन और कई अन्य की हजारों नई प्रोडक्ट लॉन्चिंग्स पर अर्ली एक्सेस मिलेगा। प्राइम मेंबर्स को लाखों विक्रेताओं, निर्माताओं, स्टार्टअप्स, महिला उद्यमियों, कारीगरों और बुनकरों द्वारा पेश किए गए प्रोडक्ट्स की भी खास रेंज देखने को मिलेगी। फूल, अल्पिनो और इंडिजिनियस हनी जैसे 190 से ज्यादा एसएमबी की ओर से होम और किचन, फैशन, ग्रूमिंग, ज्वेलरी, हैंडमेड आदि कैटेगरी में 1600 से अधिक नई प्रोडक्ट लॉन्चिंग्स उपलब्ध होंगी।

- तेज और मुफ्त डिलीवरी का लाभः प्राइम मेंबर्स को 10 लाख से ज्यादा प्रोडक्ट्स पर सेम-डे डिलीवरी और 40 लाख से ज्यादा प्रोडक्ट्स पर नेक्स्ट-डे डिलीवरी मिलेगी। चाहे बात हो आईलाइनर की, बेबी प्रोडक्ट्स की, गार्डन टूल्स, घड़ियों, मोबाइल फोन्स या किसी भी जरूरी सामान की ङ्क सब कुछ मिलेगा फास्ट और फ्री डिलीवरी के साथ।

ट्राई रिपोर्ट- मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी के 14 मिलियन अनुरोध, वायरलेस ग्राहकों की संख्या में मामूली वृद्धि

भारत में ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या मई में 3.37 प्रतिशत बढ़कर 974.87 मिलियन हुई

नई दिल्ली। ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की कुल संख्या अप्रैल के अंत में 943.09 मिलियन से 3.37 प्रतिशत बढ़कर मई के अंत में 974.87 मिलियन हो गई। यानी ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या में मासिक आधार पर 3.37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह जानकारी शुक्रवार को ट्राई के द्वारा जारी आंकड़ों से मिली।मई महीने में 14.03 मिलियन ग्राहकों ने मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (एमएनपी) के लिए अनुरोध भेजा।

वहीं बता दें कि मई 2025 में सक्रिय वायरलेस (मोबाइल) ग्राहकों की संख्या 1,080.06 मिलियन थी।कुल वायरलेस (मोबाइल + 5त्न एफडब्ल्यूए) ग्राहक अप्रैल 2025 के अंत में 1,166.43 मिलियन थे जो मई 2025 के अंत में बढ़कर 1,168.42 मिलियन हो गए, यानी मासिक वृद्धि दर 0.17 प्रतिशत रही।शहरी क्षेत्रों में कुल वायरलेस उपभोक्ताओं की संख्या जो 30 अप्रैल, 2025 को 633.29 मिलियन थी वह 31 मई, 2025 को बढ़कर 634.91 मिलियन हो गई।इस अवधि के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में सदस्यता भी 533.14 मिलियन से बढ़कर 533.51 मिलियन हो गई। संचार मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, शहरी और ग्रामीण वायरलेस उपभोक्ताओं की संख्या में मासिक वृद्धि दर क्रमशः 0.25 प्रतिशत और 0.07 प्रतिशत रही।

भारत में वायरलेस (मोबाइल) टेली-घनत्व अप्रैल के अंत में 82.01 प्रतिशत से बढ़कर मई के अंत में 82.10 प्रतिशत हो गया।शहरी वायरलेस टेली-घनत्व अप्रैल के अंत में 123.85 प्रतिशत से बढ़कर मई के अंत में 124.03 प्रतिशत हो गया और इसी अवधि के दौरान ग्रामीण टेली-घनत्व 58.57 प्रतिशत से बढ़कर 58.58 प्रतिशत हो गया।मई के अंत में कुल वायरलेस (मोबाइल) ग्राहकों में शहरी और ग्रामीण वायरलेस (मोबाइल) ग्राहकों की हिस्सेदारी क्रमशः 54.30 प्रतिशत और 45.70 प्रतिशत थी।आंकड़ों के अनुसार, 31 मई तक, निजी एक्सेस सेवा प्रदाताओं के पास वायरलेस (मोबाइल) ग्राहक आधार का 92.14 प्रतिशत बाजार हिस्सा था, जबकि दो पीएसयू एक्सेस सेवा प्रदाताओं, बीएसएनएल और एमटीएनएल की बाजार हिस्सेदारी 7.86 प्रतिशत थी।मशीन-टू-मशीन (एम2एम) सेलुलर मोबाइल कनेक्शनों की संख्या अप्रैल 2025 के अंत में 69.87 मिलियन से बढ़कर मई 2025 के अंत में 73.91 मिलियन हो गई।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने लॉन्च किया मार्केट-लिंक्ड प्रोडक्ट

रायपुर। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने 'आईसीआईसीआई प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस' लॉन्च किया है। यह एक मार्केट-लिंक्ड प्रोडक्ट है, जिसे ग्राहकों को दीर्घकालिक रूप से संपत्ति बनाने में मदद करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इस प्रोडक्ट को सिर्फ 1000 रुपए की मासिक प्रीमियम पर खरीदा जा सकता है।

इससे युवा ग्राहक आसानी से नियमित निवेश कर सकते हैं और अपने लंबे समय के वित्तीय लक्ष्यों को पूरा कर सकते हैं। इसमें जीवन बीमा का लाभ भी शामिल है, जिससे ग्राहक के न रहने पर उसके परिवार को आर्थिक सुरक्षा मिलती है। श्री अमित पालटा, चीफ प्रोडक्ट एंड डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस, ने कहा, भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है और मॉर्गन स्टेनली के अनुसार 2028 तक यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी।

देश की इस विकास यात्रा की कमान युवाओं के हाथ में है, जो कि कुल जनसंख्या का लगभग 65त्न हिस्सा हैं। यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान्स (यूलिप) संपत्ति निर्माण का एक प्रभावशाली माध्यम हैं। युवा वर्ग को जल्दी निवेश शुरू करने और लंबे समय तक जुड़े रहने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से हमने आईसीआईसीआई प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस लॉन्च किया है। यह एक किफायती और टैक्स-एफिशिएंट प्रोडक्ट है, जिसमें युवा सिर्फ 1000 रुपए प्रतिमाह की राशि से निवेश शुरू कर सकते हैं। अमित पालटा ने आगे कहा, इस प्रोडक्ट के टारगेट कस्टमर्स को ध्यान में रखते हुए, जो ब्रांड्स और प्रोडक्ट्स से डिजिटल तरीके से जुड़ना पसंद करते हैं, हमने इसकी पूरी खरीद प्रक्रिया को डिजिटल बना दिया है।

खेल, मनोरंजन

डेब्यू मैच में धमाका, 19 वर्षीय बल्लेबाज ने जावेद मियांदाद का 49 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

0-जिम्बाब्वे बनाम दक्षिण अफ्रीका

नईदिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के 19 वर्षीय युवा बल्लेबाज लुहान ड्रे प्रिटोरियस ने जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने डेब्यू टेस्ट में 153 रनों की पारी खेलकर इतिहास रच दिया. उन्होंने शनिवार, 28 जून को रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराते हुए टेस्ट क्रिकेट में एक पारी में 150 प्लस रन बनाने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए.

लुहान ने क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान यह उपलब्धि हासिल की और पाकिस्तान के पूर्व स्टार जावेद मियांदाद द्वारा बनाए गए 49 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया. 19 साल और 93 दिन की उम्र वाले लुहान प्रीटोरियस ने 160 गेंदों पर 153 रनों की शानदार पारी खेली. जबकि पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज जावेद मियांदाद ने ये कारनामा 19 साल और 119 दिन की उम्र में अंजाम दिया था. जब उन्होंने 1976 में लाहौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ डेब्यू करते हुए 163 रनों की पारी खेली थी.

इसके अलावा लुहान ड्रे प्रिटोरियस टेस्ट शतक बनाने वाले दक्षिण अफ्रीकी के सबसे कम उम्र खिलाड़ी बन गए है, और टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में डेब्यू शतक बनाने वाले दुनिया के पांचवें सबसे कम उम्र खिलाड़ी हैं.युवा बल्लेबाज की पारी काफी साहसी और शानदार रही है, क्योंकि वो उस समय बल्लेबाजी करने आए थे जब टीम दबाव में थी और दक्षिण अफ्रीका 23/3 और बाद में 55/4 पर संघर्ष कर रहा था. इसके बाद इस युवा खिलाड़ी ने ब्रेविस के साथ 5वें विकेट के लिए 88 गेंदों पर 95 रनों की साझेदारी की. ब्रेविस ने 38 गेंदों पर 51 रन बनाए, जिसमें चार छक्के शामिल थे और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट डेब्यू करने वाले खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया.प्रीटोरियस ने मैच के बाद कहा, जब मैं मैदान पर आया तो मैं घबराया हुआ था, हमें पता था कि उनके पास सिर्फ दो सीमर हैं, और हमने स्पिनरों को निशाना बनाया, मुझे बल्लेबाजी करना बहुत पसंद है. आज यह कारगर रहा. प्रीटोरियस ने सिर्फ 112 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और 157 गेंदों में 150 रन पूरे किए.मैच की बात करें तो दक्षिण अफ्रीका ने टेस्ट मैच के पहले दिन 9 विकेट के नुकसान पर 418 रन बना लिए हैं. कॉर्बिन बॉश ने नाबाद 100 रनों की पारी खेली, जो कि सिर्फ 124 गेंदों में आई और ये उनका पहला टेस्ट शतक था. उनके साथ क्वेना मफाका 9 बनाकर खेल रहे हैं।

आर माधवन और फातिमा सना शेख़ की फिल्म आप जैसा कोई का पहला गाना जब तू सजन रिलीज़

एक्टर आर माधवन ने अपनी आगामी नेटफ्लिक्स रोमांटिक ड्रामा सीरीज़, आप जैसा कोई, का पहला गाना जब तू सजन रिलीज़ कर दिया है, औरउन्होंने इस गाने को लेकर अपनी खुशी ज़ाहिर करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, वो एक गाना जिसका मुझे बेसब्री से इंतज़ार थाज अब आपकेलिए! सुनिए और बताइए क्या मैं सही हूं।इस दिल को छू लेने वाले गीत को रोचक कोहली ने संगीतबद्ध किया है, मोहित चौहान ने अपनी सुरीली आवाज़ दी है, और इसके भावपूर्ण बोलगुरप्रीत सैनी ने लिखे हैं। जब तू सजन सच्चे, गहरे और सुकून देने वाले प्यार की कहानी कहता है – ऐसा प्यार जो आत्मा को छू जाए और जीवनका हिस्सा बन जाए।गाने में आर माधवन और फातिमा सना शेख़ की जोड़ी दिखाई देती है, जिनके बीच की कोमल केमिस्ट्री इस गाने की भावनात्मक गहराई को और भीप्रभावशाली बनाती है। आप जैसा कोई की कहानी पारंपरिक सोच और आधुनिक जीवनशैली के टकराव को दर्शाती है, जहां दो विपरीत स्वभाव केकिरदार-श्रीरेणु और मधु-एक-दूसरे के जीवन से जुड़ते हैं।यह सीरीज़ माधवन के लिए एक अहम

वापसी है, जहाँ वे एक रोमांटिक किरदार में नजर आएंगे। उनके अभिनय में अनुभव और भावनाओं की गहराई है, जो इस प्रेम कहानी को एक अलग ऊंचाई पर ले जाती है।नेटफ्लिक्स पर जल्द स्ट्रीम होने वाली आप जैसा कोई न सिर्फ एक रोमांटिक ड्रामा है, बल्कि एक भावनात्मक यात्रा भी है जो दिल से जुड़ती है। जबतू सजन इस सफर की खूबसूरत शुरुआत है और यकीनन श्रोताओं के दिलों में अपनी खास जगह बनाएगा।यह गाना अब सोनी म्यूज़िक इंडिया के बैनर तले सभी म्यूजिक प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है।

जैवलिन किंग बना भारत का शेर, टॉप-3 से बाहर हुए अरशद

नईदिल्ली। विश्व एथलेटिक्स द्वारा जैवलिन थ्रो की नई रैंकिंग जारी की है. जिसमें टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने एक बार से शीर्ष स्थान पर कब्जा कर लिया हैं. नीरज ने पिछले साल 17 सितंबर को ग्रेनेडा को एंडरसन पीटर्स से शीर्ष स्थान खो दिया था. लेकिन जब उन्होंने ब्रुसेल्स में डायमंड लीग 2025 के फाइनल में शानदार प्रदर्शन करके जीत हासिल की तो वो फिर से शीर्ष स्थान पर पहुंच गए है.नई रैंकिंग में नीरज चोपड़ा का 1445 अंक हैं, जबकि एंडरसन पीटर्स 1431 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर हैं. वहीं जर्मन एथलीट जूलियन वेबर के 1407 अंक हैं और वो तीसरे नंबर पर हैं, जबकि पाकिस्तान के अरशद नदीम 1370 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं. नंबर वन बनने के बाद गत चैंपियन नीरज का अगला लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप में भी भारत का झंडा गाड़ना होगा, जो इस साल सितंबर में टोक्यो में होने वाली है.2025 का सीजन नीरज के लिए शानदार रहा है क्योंकि उन्होंने सीजन की शुरुआत 84.52 मीटर थ्रो करके स्वर्ण पदक जीतकर किया. फिर, उन्होंने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर का थ्रो करके इतिहास रच दिया. जो उनका पहला 90 मीटर का थ्रो था, लेकिन वो उस टूर्नामेंट में जूलियन वेबर से पीछे रह गए थे. इसके बाद उन्होंने पेरिस डायमंड लीग में 88.16 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ वेबर को हराया. नीरज ने ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक में अपनी जीत की लय जारी रखी, जहां उन्होंने अपने पदार्पण पर ही 88.16 मीटर के थ्रो करके स्वर्ण पदक जीता.स्टार भारतीय एथलीट अब नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेंगे, जो 5 जुलाई को बेंगलुरु में होने वाला है. इस टूर्नामेंट में एंडरसन पीटर्स, थॉमस रोहलर और जूलियस येगो जैसे शीर्ष एथलीट शामिल होंगे. वह वर्तमान में भाला फेंक के दिग्गज जेलेजनी के साथ भी काम कर रहे हैं, जो 27 वर्षीय नीरज के मुख्य कोच हैं. जेलेजनी फरवरी से नीरज के साथ काम कर रहे हैं.नीरज ने ओलंपिक में लगातार दो पदक जीते है. उन्होंने 2020 टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता और उसके बाद 2024 पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीता था।

ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद वेस्टइंडीज के कप्तान का फूटा गुस्सा

अंपायरों को भी गलतियों पर मिले सजा

नईदिल्ली। तीन मैच की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में वेस्टइंडीज को केंसिंग्टन ओवल, ब्रिजटाउन, बारबाडोस में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 159 रनों से हार का सामना करना पड़ा. पहली पारी में मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया को 180 के स्कोर पर ऑल आउट करने के बाद भी मेजबान टीम मैच जीतने से चूक गई.हार के बाद वेस्टइंडीज के कप्तान रोस्टन चेस का गुस्सा अंपायरों पर निकला और अंपायरिंग की आलोचना करते हुए गलत फैसले देने पर अंपायरों को भी सजा देने की मांग कर दी, क्योंकि क्योंकि एक गलत फैसला खिलाड़ी के करियर को बना या बिगाड़ सकता है.चेस ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैच अधिकारियों को कभी कुछ नहीं होता.

वे बस गलत या संदिग्ध निर्णय लेते हैं, और जीवन चलता रहता है. जबकि आप लोगों के करियर के बारे में बात कर रहे हैं. एक गलत निर्णय किसी व्यक्ति के करियर को बना या बिगाड़ सकता है. मुझे लगता है कि जब खिलाड़ी लाइन से बाहर निकलते हैं, तो उन्हें दंडित किया जाना चाहिए. मुझे लगता है कि जब खिलाड़ियों के खिलाफ कोई गलत निर्णय होता है, तो फिर अंपायरों पर भी कुछ जुर्माना लगाया जाना चाहिए।

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जिला-मुंगेली (छ.ग.)

दूरभाष क्र.- 07755-264122 Email-actdmungeli@gmail.com

द्वित्तीय ई - निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक / 1284 / निर्माण / 2025-26 मुंगेली, दिनांक 27/06/2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से निम्नलिखित कार्यों के लिए कार्यालय कलेक्टर (सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शाखा) मुंगेली के कार्यालय में नीचे दर्शाए गए विवरण के अनुसार एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ''डी'' श्रेणी एवं इससे ऊपर श्रेणी के ठेकेदार से लोक निर्माण विभाग भवन दर अनुसूची जो दिनांक 01.01.2015 एवं संशोधित दिनांक 23.12.2022 तक लागू एवं विद्युतीकरण दर अनुसूची जो दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील है। (समस्त संशोधन सहित) एस.ओ.आर. पद्धति के तहत ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर द्वितीय निविदा आमंत्रित की जाती है :-

01. ई-निविदा प्रारम्भ तिथि - 27.06.2025
02. निविदा की अंतिम तिथि - 07.07.2025 (सायंकाल 5.30 बजे तक)
03. ऑनलाईन निविदा के चालान की प्रति, अमानत राशि (एफ.डी.आर.) एवं निविदा प्रपत्र मूल्य की राशि (डी.डी.) में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (स्पीड पोस्ट से) - 07.07.2025
04. निविदा खोलने की तिथि - 08.07.2025 (प्रातः 11.00 बजे)

निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र ऑनलाईन डाउनलोड करने की अंतिम तिथि	भौतिक दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4
171058	पी.व्ही.टी.जी. हेतु बहुद्देशीय केन्द्र का निर्माण मंजूरहा (बिजराकछार) विकास खण्ड बिल्हा में निविदा की राशि रु. 60.00 लाख अमानत राशि रु. 60000/- एवं निविदा प्रपत्र की मूल्य राशि रू. 2000/- होगा	07.07.2025	08.07.2025

निविदा की सामान्य शर्तें व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in में देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास मुंगेली

जी-252601876/4

हैप्पी डाक्टर्स डे

संसार में डॉक्टर ही एक ऐसा इंसान है, जिसे मरीज आस भरी नजरों से देखता है, जैसे वो भगवान से दुआ करता है...

NATIONAL DOCTOR'S DAY

दवाईयों से सिर्फ बीमारी ठीक होती है, लेकिन मरीज को सिर्फ डाक्टर ठीक कर सकता है..

HAPPY Doctor's Day

न्यू वंदना हॉस्पिटल

ISO 9001 : 2015

नेचर सिटी गेट, मुंगेली रोड, उसलापुर, बिलासपुर फोन नं. 07752-428003

डॉ. चंद्रशेखर उइके

इमरजेंसी नंबर : 7089501234, 7008340967, 9993850476

आयुष्मान कार्ड द्वारा ईलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

वंदना मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

श्रीमती वंदना उइके डायरेक्टर

- शुगर की बीमारी (डायबिटीज)
- जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- न्यूरो सर्जरी
- कॉस्मेटिक डिलीवरी एवं सिजेरियन सर्जरी की सुविधा उपलब्ध
- बीपी की बीमारी (ब्लड प्रेशर)
- सड़क दुर्घटना के घायलों एवं सभी प्रकार के हड्डी रोगों का समुचित उपचार
- Medical icu with Ventilator
- थायराईड के विकार
- ECG & ECHO
- Digital xray
- Sonography
- सांप एवं जहर का इलाज

GOOGLE MAP

सीएलसी प्लाजा के पीछे, महावीर पैलेस, मंगला चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन नं. 07752-416003, 9993850476, 9893090772, 9098351570

जेपी मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल & नर्सिंग होम

07752299550 I 9907100604

गणेश नगर, नयापारा चौक ओवर ब्रिज के पास हेमू नगर बिलासपुर

24 घण्टे इमरजेन्सी आपकी सेवा में
घण्टे एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध

विशेषताएं-

- Normal Delivery मात्र 15 हजार में कराये।
- आपरेशन से Delivery 20 हजार में कराये।
- बच्चेदानी का आपरेशन 25 हजार में कराये।
- गर्भधारण में परेशानी इलाज।
- अन्य इलाज भी सबसे कम दर पर उपलब्ध।
- साँप बिच्छू काटने का इलाज।
- जहरीली अन्य दवा पीने का इलाज।
- पीलिया का इलाज।
- टाइफाइड का इलाज।
- उल्टी दस्त का इलाज।
- 24x7 Emergency सुविधा उपलब्ध।
- पथरी का इलाज।
- मरीज ले जाने के लिए मुफ्त सुविधा।

डॉ. उज्वला कराडे
स्त्री रोग विशेषज्ञ एमबीबीएस, डीजीओ, डीएनबी

बिलासपुर के प्रसिद्ध डॉक्टरों के द्वारा सम्पूर्ण इलाज

सृष्टि चिल्ड्रन हॉस्पिटल

गहन चिकित्सा कक्ष एवं नवजात शिशु कक्ष

(उपलब्ध सुविधाएं)

- जनम से 18 वर्ष तक के बच्चों के सभी प्रकार के बीमारियों का ईलाज।
- वेन्टीलेटर (कृत्रिम श्वास यंत्र) की सुविधा उपलब्ध है।
- 24 घंटे इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध।

NABH Certified Hospital

डॉ. रूपेश अग्रवाल
एम. डी.
बाल्य एवं नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ

आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क उपचार

जरहाभाठा मंदिर चौक, नेताजी सुभाष कॉम्प्लेक्स रायपुर रोड बिलासपुर (छ.ग.) फोन. 07752-409585

श्री गोविंद इंस्टीट्यूट ऑफ लाईफ केयर हॉस्पिटल

LIFE CARE

(100 Bedded ISO Certified Multi Super Speciality Hospital)

Expert Emergency Care, When Every Second Counts

डॉ. रुपेश श्रीवास्तव	डॉ. रामकृष्ण कश्यप	डॉ. नरेश देवांगन	डॉ. एम. महेश सिंह	डॉ. वरुण सिंह	डॉ. सिद्धांत राय
एमबीबीएस, डीएनबी (इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट)	(सीनियर पल्मोनोलॉजिस्ट विशेषज्ञ) एमबीबीएस, डी.टी.सी.डी.	एमबीबीएस, एमएस, एम.च. (न्यूरो) न्यूरो सर्जन (ब्रेन और स्पाइन)	एमबीबीएस, एमडी, डीएनबी (गैस्ट्रो) कंसल्टेंट गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट, हेपेटोलॉजिस्ट	जनरल सर्जरी विभाग MBBS, MS (जनरल सर्जरी)	MBBS, MS, MCH URO Ex Sr AIIMS

हर परिस्थिति में विशेषज्ञ देखभाल का भरोसा

- **दिल से जुड़ी समस्याएं**: सीने में दर्द या जलन, सांस लेने में परेशानी, तेज धड़कन या बेहोशी
- **फेफड़ों की समस्याएं**: लगातार खांसी या भारीपन, सांस फूलना, रात को सांस रुकना या खर्राटे
- **मस्तिष्क से जुड़ी बीमारियां**: सिरदर्द या बोलने में कठिनाई, शरीर का सुन्न होना, चक्कर आना या बेहोशी
- **पेट व लिवर से जुड़ी समस्याएं**: उल्टी, अपच या पेट दर्द, लिवर की सूजन। फैटी लिवर, पेट में पानी भरना
- **जनरल सर्जरी से जुड़ी आपात स्थितियां**: हर्निया, अपेंडिक्स, पित्त की थैली में पथरी, अन्य सर्जिकल परामर्श

24/7 Emergency Services

हमारी आधुनिक डायग्नोस्टिक सेवाएं

- पीएफटी (पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट)
- ईसीजी (इलेक्ट्रोकार्डियोग्राफी)
- टीएमटी (ट्रेडमिल टेस्ट)
- 2डी इको
- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- सोनोग्राफी
- एंडोस्कोपी
- कोलोनोस्कोपी
- सीटी स्कैन

हमारा अस्पताल सभी प्रमुख हेल्थ इंश्योरेंस और TPA कंपनियों से मान्यता प्राप्त है

आपात स्थिति में तुरंत संपर्क करें:-

गुरुनानक चौक, तोरवा, बिलासपुर | 8349052250, 07752-448601/02/03

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com